सुप्रभात
रांची, शनिवार
16.12.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 153



12 फाइटर के रिलीज होने से पहले दीपिका ने किए तिरुपति बालाजी के दर्शन

## न्यूज डायरी

### भजनलाल ने ली हरियाणा के सीएम पद की शपथ

**जयपुर।** राजस्थान के नये सीएम भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर को अपने जन्मदिन के दिन के मोके पर राजस्थान के 14वें मुख्यमंत्री के रूप मे शपथ ली। समारोह में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए। उनके साथ दो डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने भी शपथ ग्रहण की।

### खलारी में अपराधियों ने एक हाइवा को फूंका

**खलारी।** गुरुवार देर रात हथियार बंद अपराधियों ने एक हाइवा को आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आगजनी की घटना को अंजाम अपराधियों ने दिया या फिर उग्रवादी संगठनों ने, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### रामगढ़ डीसी का भी बना लिया फेक आइडी

**रामगढ़।** सायबर अपराध लगातार लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। ये अपराधी आमलोंगों की ही नहीं बड़े अधिकारियों, नेता और हस्तियों को भी नहीं छोड़ते। किसी का फेक आइडी बना कर लोगों पैसे की मांग करते हैं। ऐसा ही एक मामला रामगढ़ के डीसी चंदन कुमार के साथ हो गया। अपराधियों ने चंदन कुमार के नाम से फेस फेसबुक आइडी बनाकर लोगों को फ्रेंड रिकवेस्ट भेजी। वहीं डीसी ने कहा कि वे सोशल मीडिया पर सक्रिया नही हैं। किसी ने उनके नाम से फेक आइडी बनाकर ऐसा किया है। इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई की जायेगी।

### संसद की कार्यवाही सोमवार तक के लिए टली

**नयी दिल्ली ।** संसद के शीतकालीन सत्र की 10वीं बैठक शुक्रवार शुरू होते ही विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा को पहले दोपहर 2 बजे और फिर सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्षी सांसद संसद में सेंध पर गृह मंत्री से जवाब की मांग और अपने साथियों के निलंबन का विरोध कर रहे थे।

### शीर्ष कोर्ट में मोइत्रा के मामले की सुनवाई टली

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा के लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ दायर उनकी याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को तीन जनवरी 2024 के लिए टाल दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवी एन भट्टी की पीठ ने यह कहते हुए सुनवाई स्थगित कर दी कि मामले से संबंधित दस्तावेजों को पढ़ने का समय नहीं मिला।

### पाकिस्तान में फिर आतंकी हमला, पांच जवानों की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक क्षेत्रीय पुलिस मुख्यालय और एक नाके पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गयी। इन घटनाओं में चार आंतकवादी भी मारे गये। तीन दिन पहले, इसी क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में 23 सैनिकों की मौत हो गयी थी।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## जमशेदपुर औद्योगिक नगर, बोकारो में अस्पताल समेत 23 प्रस्ताव मंजूर

# झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों को आरक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**कैबिनेट की बैठक**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रित को रिक्तियों में पांच प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देने का फैसला किया गया है। झारखंड ओद्योगिक नीति में संशोधन, बोकारो में 500 बेड के अस्पताल के लिए 6.88 अरब रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति, सावित्री बाई फुले सहायता योजना में संशोधन समेत कुल 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

**एक बार ही मिलेगा आरक्षण :** फैसले के अनुसार झारखंड आंदोलनकारियों के एक आश्रित को रिक्तियों राज्य सरकार की तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नियुक्तियों में पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिलेगा। यह लाभ आंदोलनकारी परिवार को एक ही बार मिलेगा। इसके लिए पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 2001 में संशोधन किया गया है। वहीं झारखंड कंबाइंड सिविल सर्विस एग्जामिनेशन के रूल्स-2021 में संशोधन किया गया है। जमशेदपुर इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनेगा और बोकारो में 500 बेड के हॉस्पिटल के लिए 6.88 अरब रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है।

**ओद्योगिक नीति में संशोधन :** इसके अलावा झारखंड ओद्योगिक नीति में संशोधन किया गया है। इनमें झारखंड औद्योगिक नीति में संशोधन, नियोजन पदाधिकारी के स्वीकृत पद के लिए वेतन में संशोधन समेत कई प्रस्तावों पर राज्य सरकार ने अपनी मुहर लगी है। (शेष पेज 11 पर)

### केतारी बगान में आरओबी की राशि मंजूर

बोकारो में 500 बेड के मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए 6 अरब 88 करोड़ 49 लाख की मंजूरी। जमशेदपुर में इंडस्ट्रियल टाउनशिप के गठन को मंजूरी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना के तहत गुमला के लिए 123 करोड़, वंशीधर नगर के लिए 212 करोड़ की मंजूरी। केतारी बगान में रेल ओवरब्रिज के लिए 44 करोड़ की मंजूरी। सरायकेला-खरसावां में सड़क मार्ग के लिए 101 करोड़ की मंजूरी। राज्य की आइटी डेटा सेंटर की पॉलिसी का निर्धारण। नियोजन पदाधिकारी के स्वीकृत पद के लिए वेतन में संशोधन। विनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय के लिए 77 करोड़ की मंजूरी। लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को विधानसभा में पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी। विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी को लेकर आयोग की सिफारिश को सभा सचिवालय को उपलब्ध करवाने के प्रस्ताव को मंजूरी। साइन नेशनल विवि विधेयक 2023 को मंजूरी। प्रज्ञान नेशनल विश्वविद्यालय विधेयक को निरस्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी।

## खूंटी में दिनेश गोप के पांच ठिकानों पर रेड

### पीएलएफआइ-नक्सली मामले में चार राज्यों में एनआइए का छापा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने शुक्रवार को झारखंड के खूंटी सहित चार राज्यों बिहार, दिल्ली और मध्यप्रदेश में उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ और नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के ठिकानों पर छापेमारी की। इन राज्यों के कुल 26 ठिकानों पर रेड चल रही है। इनमें खूंटी में नक्सली संगठन पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप से जुड़े पांच ठिकाने शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार झारखंड के नक्सली संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के खूंटी स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। एनआइए की टीम ने दिनेश गोप से जुड़े लोगों के यहां छापेमारी की। प्राथमिक जानकारी के अनुसार इनमें दिनेश गोप के साथ नक्सली गतिविधि से जुड़े हुए लोग इसमें शामिल हैं।

नक्सलियों के एक बड़े नेटवर्क पर मिले इनपुट के बाद ही छापेमारी शुरू की गयी है। दूसरे राज्यों में भी छापेमारी की सूचना है। उल्लेखनीय है कि इसी साल मई में पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआइए ने झारखंड पुलिस की मदद से नेपाल से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद दिनेश गोप से लगातार पूछताछ की जा रही है। (शेष पेज 11 पर)

## सर्वेक्षण आदेश पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

### मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर-शाही ईदगाह मामला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर सर्वेक्षण का इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। पीठ के समक्ष मस्जिद पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया और कहा कि अदालत ने पहले कहा था कि मामले में सुनवाई की जरूरत है।

इस मामले में हमसे लिखित दलीलें दाखिल करने को भी कहा गया था। उन्होंने कहा, लेकिन अब उच्च न्यायालय कुछ आवेदनों पर विचार कर रहा है, जिनके दूरगामी परिणाम होंगे। इस पर पीठ ने कहा, इस स्तर पर हम कुछ भी नहीं रोकेंगे। यदि कोई प्रतिकूल आदेश है तो आप यहां आ सकते हैं। श्री अहमदी ने कहा कि गुरुवार को एक आदेश पारित किया गया, जिसमें आयुक्त को शाही ईदगाह मस्जिद का निरीक्षण करने और इसके लिए आयोग नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था।

## धीरज साहू मामले में सदन के बाहर विपक्ष का धरना-प्रदर्शन

# स्थानीय नीति पर राज्यपाल का सुझाव पढ़ा गया

### शोक प्रस्ताव के बाद बैठक स्थगित

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले ही दिन भाजपा ने सदन के बाहर धीरज साहू मामले को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। वे राज्यसभा सदस्य कांग्रेस धीरज साहू की गिरफ्तारी और कैश कांड की सीबीआइ जांच कराने की मांग कर रहे थे। पिछले 4 साल में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप में अमर कुमार बाउरी सदन में मौजूद रहे। कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने प्रारंभिक वक्तव्य दिया। विधानसभा के कार्य संचालन नियमावली के तहत सभापति, कार्य मंत्रणा समिति और विशेष आमंत्रित सद्स्यों के नामों की घोषणा की। राजभवन के लौटाये गये 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक के साथ आयी राज्यपाल की टिप्पणी को भी उन्होंने हु-ब-हू सदन के अंदर पढ़ा। (शेष पेज 11 पर)

### स्थानीय नीति विधेयक पर आपत्ति जतायी गयी है

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार को स्पीकर नें राज्यपाल द्वारा लौटाये गये 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक के साथ उनका संदेश भी पढ़ा। स्पीकर ने कहा कि इस बिल को चर्चा के लिए अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया के पास भेजा गया था। उनके मंतव्य के अनुसार यह बिल संवैधानिक नहीं हैं। यह संविधान के मौलिक अधिकारों का हनन करता है। बिल के अनुसार झारखंड सरकार वर्ग तृतीय और चतुर्थ पदों पर केवल स्थानीय लोगों का ही आवेदन ले सकती है। इस पर अटॉर्नी जनरल ने आपत्ति जतायी है।

### कार्डिनल टोप्पो को सदन में श्रद्धांजलि

इसके बाद सदन में हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन, कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो समेत दिवंगत हुए समाजसेवी, राजनेता, खिलाड़ियों और आम लोगों को श्रद्धांजलि दी। स्पीकर, सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम समेत अन्य दलों के विधायक दल के नेता ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गयी। शोक प्रकाश के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही सोमवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## खिलाड़ियों को नौकरी में हिस्सा देने पर विचार : सीएम हेमंत

# योजनाओं में बिचौलिया आया तो कार्रवाई

### सरकार आपके द्वार

- 844 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन
- समस्याओं पर पूर्व की सरकार संवेदनशील नहीं थी
- बेटियों को उच्च शिक्षा में दे रहे हैं आर्थिक सहयोग



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज राज्य में ऐसा कोई घर भी नहीं है, जहां सरकार की योजना का लाभ नहीं मिला हो। पहले जैसी स्थिति अब नहीं है। आपकी सरकार में स्थिति अब बदल गई है। पदाधिकारी और कर्मी अब पूरे ब्लॉक ऑफिस के संसाधनों के साथ आपके द्वार पर बैठे हुए हैं। अब हाथों-हाथ आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, साइकिल वितरण योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए आपको ब्लॉक या जिला कार्यालय जाने की जरूरत न पड़े। अगर इस कार्य में कोई भी बिचौलिया सामने आता है, तो इसकी जानकारी दें, उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। उक्त बातें सीएम ने शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में कही।

**खिलाड़ियों को नौकरी देने पर विचार:** मुख्यमंत्री ने कहा आने वाले समय में खिलाड़ियों को नौकरी में भी हिस्सा देने का सरकार विचार कर रही हैं। भी इसी तरह के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल आयोजन झारखंड में होंगे यह राज्य सरकार का प्रयास है। उन्होंने कहा, हमारी बेटियां खेल के क्षेत्र में बेहतर कर रही हैं। हमने नयी खेल नीति बनायी है। अब खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भी दिया जायेगा। हम बेटियों को और मजबूती प्रदान कर सकें। (शेष पेज 11 पर)

# पैसा न मेरा, न कांग्रेस का मेरे परिवार का है

## आइटी छापे पर बोले धीरज साहू, हर चीज का हिसाब दूंगा

एजेंसी



**रांची, नयी दिल्ली।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने छापेमारी के दौरान मिले 350 करोड़ से अधिक कैश के मामले में पहली प्रतिक्रिया दी है। सांसद ने कहा, "इस पैसे से मेरा कोई लेना देना नहीं है। यह मेरे परिवार का पैसा है। हमारा परिवार बहुत बड़ा है तो यह पैसा उन लोगों का है। अभी इनकम टैक्स की तरफ से ऐसा नहीं कहा गया है की यह पैसा गैरकानूनी है। ऐसे में इस पैसे के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। श्री साहू ने कहा, समय आने पर मैं पूरा हिसाव देने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि जो पैसा बरामद हुआ है उसमें कांग्रेस या अन्य किसी भी विपक्षी दल का कोई पैसा नहीं है। उनको बेवजह बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, आइटी ने धीरज साहू के परिवार के स्वामित्व वाले ओडिशा की शराब कंपनी के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत रांची में उनके आवास में छापेमारी की थी। छापामारी में 351 करोड़ रुपये से ज्यादा बरामद किये गये थे। धीरज साहू ने कहा, आज जो हो रहा है वह मुझे दुखी करता है। मैं स्वीकार कर सकता हूं कि जो पैसा बरामद किया गया है वह मेरी फर्म का है। जो नकदी बरामद की गयी है वह मेरी शराब फर्मों से संबंधित है। सारा पैसा मेरा नहीं है, यह मेरे परिवार और अन्य संबंधित फर्मों का है। आईटी ने अभी छापा मारा है, मैं हर चीज का हिसाब दूंगा।

### पीएम मोदी ने भी साधा था निशाना

इस छापेमारी को लेकर पीएम मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी थी और कांग्रेस को निशाने पर लिया था। पीएम मोदी ने एक्स पर कहा था, "देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें...। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।

# धोनी को मिला सचिन जैसा सम्मान, जर्सी नंबर 7 रिटायर

## बीसीसीआइ का फैसला : दस और सात नंबर की जर्सी कोई खिलाड़ी नहीं पहन सकता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रांची के राजकुमार और टीम इंडिया के सबसे सफल कप्तान रहे एम एस धोनी की जर्सी नंबर 7 अब किसी अन्य भारतीय क्रिकेटर पर नहीं देखी जायेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के तीन साल बाद, भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने खेल में उनके योगदान को सम्मान देते हुए, विश्व कप विजेता कप्तान द्वारा पहने गये नंबर को 'रिटायर' करने का फैसला लिया है। इससे पहले इस सम्मान को एकमात्र क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को 2017 में दिया गया था। सचिन तेंदुलकर के सिग्नेचर जर्सी नंबर 10 को भी हमेशा के लिए रिटायर कर दिया गया था। अब सवाल यह उठता है कि क्या रोहित शर्मा और विराट कोहिली के जर्सी नंबर को भी 'रिटायर' किया जायेगा। क्या उनके फैंस यह डिमांड कर सकते हैं! बीसीसीआइ ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों, विशेषकर डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों को सूचित कर दिया है कि उनके पास तेंदुलकर और धोनी से जुड़े नंबरों का आप्शन नहीं है। क्रिकेट बोर्ड ने युवा खिलाड़ियों और वर्तमान भारतीय टीम के खिलाड़ियों को एम एस धोनी की नंबर 7 जर्सी नहीं चुनने के लिए कहा है। बीसीसीआइ ने खेल में धोनी के योगदान के लिए उनकी टी-शर्ट को रिटायर करने का फैसला किया है। इसके बाद से अब किसी नये खिलाड़ी को नंबर 7 नहीं मिल सकता है। वहीं जर्सी नंबर 10 पहले से ही इस लिस्ट से बाहर है। इसलिए भले ही कोई खिलाड़ी लगभग एक साल तक टीम से बाहर हो, लेकिन उसका नंबर किसी नये खिलाड़ी को नहीं दिया जाता है। (शेष पेज 11 पर)

### नये खिलाड़ी को नहीं मिलेगा धोनी का नंबर

क्रिकेट बोर्ड के नियम के हिसाब से आइससीसी खिलाड़ियों को 1 और 100 के बीच कोई भी संख्या चुनने की अनुमति देता है, लेकिन भारत में, विकल्प सीमित हैं। वर्तमान में, भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ियों और दावेदारों के लिए लगभग 60 नंबर स्पेसिफाइड हैं।




# मास्टरमाइंड ने खोले कई राज सात दिन की पुलिस रिमांड पर

**संसद की सुरक्षा में सेंध**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद में सुरक्षा चूक के मुख्य आरोपी ललित झा को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने ललित झा को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया और 15 दिन की हिरासत की मांग की। एडिशनल सेशन जज हरदीप कौर ने ललित झा को पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि ललित झा को गुरुवार की रात गिरफ्तार किया गया था। उसने इस मामले में कई खुलासे किये हैं। दिल्ली पुलिस अब पूछताछ कर ये पता लगाएगी की इस योजना के लिए फंडिंग कैसे हुई। इसके लिए आरोपियों के मोबाइल फोन को भी रिकवर करना होगा।

**कई राज खोले :** चार राज्यों के चार युवा कैसे आये एक साथ कैसे आये, लखनऊ के सागर की कहानी ने खोले राज। कोर्ट ने 14 दिसंबर को इस मामले के चार आरोपियों नीलम, सागर शर्मा, डी. मनोरंजन और अमोल शिंदे को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील अतुल श्रीवास्तव ने कहा था कि आरोपियों के खिलाफ यूएपीए की धारा 16ए के तहत गंभीर आरोप है।

## पहले ही दिन सदन के बाहर भाजपा का प्रदर्शन, इडी जांच की मांग

# भाजपा अपने ही नेताओं को जांच अफसर बना दे : मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




रांची। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से संबंधित कंपनी के ठिकानों पर आईटी रेड का मामला गूंजा। सदन शुरू होने के पहले ही भाजपा और आजसू के विधायक सदन के बाहर धरना पर बैठ गये। वे लोग इस मामले की सीबीआइ और इडी से जांच की मांग कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर इस मामले में पत्रकारों से मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा इनकम टैक्स विभाग ने अब तक मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा है। श्री ठाकुर ने टिप्पणी की कि भाजपा अपने ही नेताओं को जांच एजेसिंयों का अधिकारी बना दे, और जांच शुरू कर दे।

### धरना पर बैठा विपक्ष

कांग्रेस संसद धीरज साहू के ठिकानों से 500 करोड़ की बरामदगी को लेकर विपक्षी दलों के नेता बाहर धरना पर बैठ गये। हंगामा करते रहे। उनकी मांग थी कि इस मामले की जांच सीबीआइ और इडी से करायी जाये। उन्होंने सवाल उठाया कि 500 करोड़ किसका है। पत्थर चोरी, कोयला चोरी, बालू चोरी या ट्रांसफर पोस्टिंग का। हंगामे के दौरान अनंत ओझा, बिरंची नारायण, नीरा यादव, राज सिन्हा, जयप्रकाश भाई पटेल, समरी लाल और ढुल्लू महतो मौजूद थे। इधर आजसू विधायक लंबोदर महतो भी सदन के बाहर धरने पर बैठे थे और बेरमो को जिला बनाने की मांग कर रहे थे।

**विधि-व्यवस्था का डीसी ने लिया जायजा :** रांची। विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। 15 से 21 दिसंबर तक चलनेवाले इस शीतकालीन सत्र को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधन किये गए हैं। संसद में हुई घटना को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद हैं। 1000 से अधिक जवान इसकी सुरक्षा में लगाए गए हैं। आम से लेकर खास तक अभी के जांच के बाद ही विधानसभा में प्रवेश दिया जा रहा है। पूरे परिसर में धारा 144 लगाया गया है। इन सभी का जायजा लेने रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीओ सदर दीपक दुबे ने विधानसभा के धरना स्थल का मुआयना किया। उन्होंने जगन्नाथ मंदिर के पास बने बैरिकेडिंग पर पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिये।

### भाजपा अपने नेताओं को जांच अधिकारी बना दे : मंत्री



सदन के बाहर भाजपा के विधायक विरोध प्रदर्शन पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने अब तक मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा है। उधर भाजपा धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां तो केंद्र की भाजपा सरकार के नियंत्रण में है। ऐसा लग रहा है कि अब तो भाजपा को इन एजेंसियों पर भी भरोसा नहीं है। इसका एक ही रास्ता है। भाजपा दिल्ली से लेकर रांची तक इन केंद्रीय एजेंसियों के डायरेक्टर और अधिकारियों के पद पर अपने नेताओं को नियुक्त कर दे।



### सुरक्षा कड़ी, विधायकों के वाहनों की भी जांच

रांची। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार की सुबह 11 बजे से शुरू हो गया। संसद में हुई घटना के बाद झारखंड विधानसभा में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। विधानसभा में आने वाली सभी गाड़ियों की जांच की जा रही थी। बिना पास के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। विधायक और मंत्रियों के भी वाहनों की चेकिंग हो रही थी। इस मामले पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सहमत थे। सभी ने विधानसभा में अंदर प्रवेश करने से पहले गाड़ियों की जांच को सुरक्षा की दृष्टि से सही बताया। एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) राजेश्वर नाथ आलोक खुद सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना कर रहे थे।

### सीएम की प्रधान सचिव वंदना दादेल 16 से अवकाश पर, अजय सिंह को कैबिनेट सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल 16 दिसंबर से 28 दिसंबर तक अवकाश में रहेंगी। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार वंदना दादेल के अवकाश में रहने की वजह से ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING),
KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

Q.A. No. 457 of 2023

BETWEEN
BANK OF INDIA, SILLI BR., RANCHI .....APPLICANT BANK
VS.
PAWAN KUMAR SAHU & OTHERS ............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | PAWAN KUMAR SAHU S/O MADAN PRASAD SAHU | AT- BAUTA, SILLI, P.O. & P.S. SILLI, DIST.-RANCHI 835102 ALSO AT C/O MADAN PRASAD SAHU, ROAD NO. 7, NEAR SAI MANDIR, RISABH NAGAR, P.O.- PUNDAG, P.S. JAGARNATHPUR, DIST- RANCHI 834004 |
| 2. | RAKESH KUMAR S/O KRISHNA PRASAD | R/O ROAD NO. 11, RISABH NAGAR, P.O.- PUNDAG, P.S. JAGARNATHPUR, DIST. RANCHI 834004 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 24,50,130.00/- (Rupees Twenty Four Lakhs Fifty Thousend One Hundred Thirty Only) together with current and future interest, cost for other eliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 13th day of Feb, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **5th day of Dec, 2023.**

D.K. MAHATO
REGISTRAR

# चंद्र प्रकाश मिले रेल मंत्री वैष्णव से, बंद डीसी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शीघ्र करने मांग की

### गिरिडीह सांसद ने हटिया कुर्ला एक्सप्रेस साप्ताहिक को प्रतिदिन करने व पारसनाथ स्टेशन में ठहराव पर चर्चा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर रेल सुविधा बढ़ाने और रेल यात्रियों के हितों की रक्षा हो, इसको लेकर चर्चा की। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने रेल भवन में रेल मंत्री से मुलाकात कर उनसे चंद्रपुरा धनबाद रेल लाइन पर चलने वाली डीसी पैसेंजर ट्रेन जो विगत वर्षों से बंद है, का परिचालन शीघ्र से शीघ्र करने का आग्रह किया। उन्होंने रेल मंत्री को बताया कि इस ट्रेन का परिचालन नहीं होने की वजह से क्षेत्र की जनता खासकर विद्यार्थियों, दिहाड़ी मजदूर और ग्रामीण आबादी को बड़ी परेशानी एवं कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोग हाट बाजार के लिए भी इसी ट्रेन पर निर्भर हैं और इसके परिचालन होने से एक बड़ी आबादी को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने रेल मंत्री को यह भी सुझाव दिया की रेल की अनुपलब्धता होने की वजह से इस पैसेंजर ट्रेन को नहीं चलाया जा रहा है तो 12 डिब्बों की मेमू को इसके स्थान पर चलाया जाए। उन्होंने लोकमान्य तिलक टर्मिनस रांची हटिया कुर्ला एक्सप्रेस 08609-10 साप्ताहिक का प्रतिदिन परिचालन करते हुए पारसनाथ स्टेशन में ठहराव करने पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने धनबाद गोमोह जंक्शन से महाराष्ट्र (मुंबई सीएसटी) मार्ग में एक नई ट्रेन का परिचालन शुरू करने की आवश्यकता भी जताई। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने रेल मंत्री को इस बात से भी अवगत कराया की बरवाडीह चोपन गोमो पैसेंजर 53343 ट्रेन पहले पटना के लिए स्पेशल दो बोगी लगी रहती थी, जो गोमोह जंक्शन में जाकर बदल जाती थी और गोमिया क्षेत्र के लोगों को ट्रेन से पटना जाने में दिक्कत नहीं होती थी। उन्होंने बरवाडीह चोपन गोमो पैसेंजर 53343 ट्रेन का ठहराव गोमिया स्टेशन में करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने रेलवे लाइन को सुरक्षित रखने के लिए रेलवे द्वारा की जा रही चाहर दिवारी आसपास के गांव ग्रामीणों को आने-जाने में हो रही परेशानी से अवगत कराया तो ओवर ब्रिज बनाने को ले आश्वस्त किया।

# सहायक टाउन प्लानर नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक और एसएलपी खारिज, हाईकोर्ट के आदेश को बदलने से एससी का इंकार

### जेपीएससी द्वारा साक्षात्कार में बुलाए गए 186 अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को हाईकोर्ट ने किया है रद्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में हाई कोर्ट के द्वारा स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य की अपील में दिए गए आदेश के खिलाफ चंदन भगत एवं अन्य की एसएलपी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। इससे पहले भी 4 दिसंबर को इसी मामले में हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल देवास्मिता बासु की एसएलपी भी खारिज कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति हिमा कोहली की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जेपीएससी के साक्षात्कार में बुलाए गए 186 अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द करने के हाईकोर्ट के आदेश को सही करार दिया और इसे बदलने से इनकार कर दिया है। प्रतिवादी स्वप्निल मयूरेश एवं विवेक हर्षल की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता सिद्धार्थ रंजन एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अबास परिमल ने पैरवी की। दरअसल, हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य की अपील को स्वीकृत करते हुए जेपीएससी द्वारा सहायक टाउन प्लानर पद के लिए साक्षात्कार में बुलाए गए 186 अभ्यर्थी, जिनका फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2020 तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट नहीं था, उनकी उम्मीदवारी को रद्द करने का आदेश दिया था। इसके बाद शेष बचे वैसे अभ्यर्थी जिन्हें साक्षात्कार में बुलाया गया था और जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट था। उनके नियुक्ति के लिए नया पैनल बनाकर दो माह में फ्रेश रिजल्ट जारी करने का आदेश जेपीएससी को दिया था।दरअसल, इस संबंध में विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट की खंडपीठ में अपील दाखिल की थी। जिसमें कहा गया था कि परीक्षा में 26 ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए है। जिनके पास विज्ञापन में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) में पंजीयन का प्रमाण पत्र नहीं था। जबकि विज्ञापन में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में विज्ञापन की शर्तों में बदलाव नहीं किया जा सकता है, ऐसे में इनकी परीक्षा रद्द किया जाए।

### क्या है मामला

बता दें कि अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने झारखंड में सहायक टाउन प्लानर के 77 पद के लिए विज्ञापन निकाला था। मार्च 2021 को सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेपीएससी ने परिणाम जारी कर दिया और सफल हुए 43 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा राज्य सरकार को भेज दी थी। इनमें से 26 ऐसे अभ्यर्थी थे। जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट नहीं था। जेपीएससी ने 318 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया था। जिनमें से 186 अभ्यर्थियों के पास इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2020 तक नहीं थी। इस मामले में एकल पीठ ने टाउन प्लानर की नियुक्ति प्रक्रिया को सही मानते हुए प्रार्थी की याचिका को खारिज कर दिया था।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित वन स्टॉप सेन्टर कार्यालय के संचालन हेतु कार्यालय संबंधी सामग्री की आवश्यकता है। उक्त के निमित वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा। आपूर्ति की जानेवाली सामग्री की सूची संलग्न।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्ता/एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था अति अल्पकालीन निविदा के अन्तर्गत आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए, जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक–28/12.2023 को पूर्वाहन/अपराह्न 12.00 बजे तक हाथो–हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते है। उक्त अति अल्पकालीन निविदा उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक 28/12/2023 को 3.00 बजे पूर्वाहन/अपराह्न में खोला जायेगा।

नोट :– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
कोडरमा

PR 313534 Women, Child Development & Social Security (23-24)_D

OFFICE OF THE DISTRICT AYUSH MEDICAL OFFICER, HAZARIBAGH
(DISTRICT AYUSH SOCIETY, HAZARIBAG)

Advt. No. : 492/Ayush Recruitment Notice Date : 14.12.2023

Recruitment for DPMU cell on contract basis at district AYUSH Society, HAZARIBAG

**National AYUSH Mission (NAM), Jharkhand,** is committed to provide accessible, affordable and accountable quality health service to the last person of the last household at the last village.

**NAM, Jharkhand** is seeking online application from eligible candidates for the following position for District AYUSH Society, HAZARIBAG, Government of Jharkhand:-

| Sl no | Name of post | No. of post | Remuneration (rs./month) | Qualification & Eligibility Criteria |
|---|---|---|---|---|
| 01 | District Programme Manager | 1(UR) | Rs. 50,000/- | **Essential Minimum Qualification:** Graduation degree in any discipline including AYUSH and MBA in Healthcare Management/Masters in health/hospital administration/post graduation diploma in hospital & healthcare management (Two Years) from AICTE recognized institute. **Essential Minimum Experience:** Minimum 1 year working experience in public health programme exposure in social schemes/missions at national, state and district level. **Required Minimum Competencies:** Computer knowledge including MS Office, MA Excel, MS Word, and MS Power point would be desirable. **Note:** preference will be given to person having experience of working in Health sector including AYUSH |

Last date for receiving the application is 30.12.2023. Application received after last date/time will be refused/rejected and Interview date is 10.01.2024.
For Terms of Engagement with more details, please visit https://hazaribag.nic.in.

Deputy Commissioner
Chairperson
District Ayush Society, Hazaribagh.

PR 313565 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

## खबर एक नजर में

### खूंटी मनरेगा घोटाला मामले में आरोपी अभियंता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल से जुड़े मनरेगा घोटाला मामले में आरोपी खूंटी के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने जय किशोर चौधरी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। बता दें कि मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल के साथ-साथ जय किशोर चौधरी भी आरोपी हैं। ईडी ने मामले में पूजा सिंघल, जय किशोर चौधरी समेत सात आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 3/2018 दर्ज किया है। ईडी ने इस मामले में पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

### उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर के खिलाफ हाई कोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर को झारखंड हाई कोर्ट से थोड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने राजीव झांवर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ पीड़क करवाई पर अगले आदेश तक रोक लगाई है। मामले की अगली सुनवाई 29 जनवरी 2024 को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने पैरवी की। मामले को लेकर ईसीआईआर 2/ 2021 दर्ज किया है। उषा मार्टिन को घाटकुड़ी, पश्‍िचमी सिंहभूम स्थित विजय टू में आयरन ओर के लिए कैपटिव माइनिंग का काम मिला था। आरोप है कि कंपनी ने कोयले का इस्तेमाल अपने लिए करने की बजाय उसे मार्केट में बेच दिया। मामले को लेकर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है।

### झारखंड में राज्यकर्मियों को पुरानी पेंशन चयन का एक और मिलेगा मौका, मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड में राज्यकर्मियों को पुरानी पेंशन का विकल्प चयन करने का एक और मौका दिया गया है। वित्त विभाग के पेंशन एवं लेखा निदेशालय के निदेशक ने इस संबंध में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि किसी कारणवश कोई अधिकारी या कर्मचारी पुरानी पेंशन का चयन करने के विकल्प से वंचित रह गये हैं, तो उन्हें अंतिम रूप से तार्किक विचार करके निर्धारित प्रपत्र में आवेदन लेकर निदेशालय को उपलब्ध करायें, ताकि इस पर समय रहते निर्णय लिया जा सके। निदेशालय ने स्पष्ट कहा है कि सरकार के निर्णय के बाद 1 दिसंबर 2004 से 31 अगस्त 2022 तक नियुक्त एवं कार्यरत पदाधिकारी व कर्मचारी जिन्होंने निर्धारित अंतिम तिथि 15 मार्च 2023 तक किसी विशेष परिस्थितिवश, कारणवश पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत विकल्प का चयन नहीं किया है। वैसे कर्मियों की विवरणी उपलबध करायें। पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिए जायेंगे। बताते चलें कि पुरानी पेंशन में लगभ ग 90 फीसदी कर्मियों ने आवेदन दिया है। कुछ ने नयी पेंशन नीति को ही रखा है।

### सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी, महाधिवक्ता ने मांगा समय

**रांची।** 2021 में हुए मधुपुर उपचुनाव के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज 4 प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने चुनाव के समय आचार संहिता से जुड़े दस्तावेज को प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने के लिए समय प्रदान करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 जनवरी 2024 निर्धारित की है। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक इन सभी 4 मामलों में निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवी की। बता दें कि निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयान बाजी को लेकर देवघर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। याचिका में प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि घटना के 6 माह के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। दरअसल, मधुपुर उपचुनाव के दौरान कि निशिकांत दुबे पर कुल 4 प्राथमिकी मधुपुर सब डिवीजन के अलग-अलग थानों में की गई थी। प्रार्थी का कहना था कि प्राथमिकी में जो सेक्शन लगाए हैं उसमें सिर्फ कंप्लेंट केस हो सकता है एफआई आर नहीं। बता दें कि मामले को लेकर देवघर टाउन थाना में कांड संख्या 527/2021 दर्ज किया गया था। उन पर गलत ट्वीट करने का आरोप है।

### 18-19 दिसंबर को बादल छाये रहने की संभावना, तापमान में भी दर्ज होगी गिरावट

रांची। राज्य में आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जायेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 18 और 19 दिसंबर को राज्य के कुछ हिस्सों में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। इन दो दिनों के दौरान सुबह और शाम में कोहरा छाया रहेगा। वहीं, दिन के समय बादल छाये रहेंगे। इसके बाद, तापमान में दो डिग्री तक की और गिरावट दर्ज की जायेगी। केंद्र की मानें तो 21 दिसंबर तक राज्य में सुबह और शाम कोहरा का असर देखा जा सकता है। हालांकि इस दौरान दिन में आसमान साफ देखा जायेगा। 20 दिसंबर के बाद तापमान में गिरावट होने से लोगों को अधिक ठंड का एहसास होगा। राजधानी रांची की बात करें तो आने वाले कुछ दिनों में यहां तापमान में गिरावट होने से लोगों को और अधिक ठंड का सामना करना पड़ेगा। वहीं, 18 और 19 दिसंबर को राजधानी में भी बादल छाये रहने की जानकारी दी गयी है। पिछले 24 घंटे में रांची का तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

#### कहां कितना तापमान

पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे कम तापमान गुमला जिला का 5.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं चतरा, खूंटी, लोहरदगा का तापमान 6.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गढ़वा, हजारीबाग, लातेहार, रामगढ़, पश्‍िचमी सिंहभूम जिला का तापमान 7.7 डिग्री रहा। पलामू सिमडेगा का तापमान 8.2 डिग्री, देवघर गोड्डा का तापमान 9.6, बोकारो, गिरिडीह, पाकुड़, साहेबगंज का तापमान 10.5 डिग्री. जबकि किरूबुरू का तापमान 11.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि सुबह और शाम के वक्त कोहरा का असर राज्य में देखा जायेगा। अधिक कोहरा के कारण लोगों को ठंड का एहसास अधिक होगा, जबकि दोपहर के समय धूप के कारण लोगों को राहत मिलेगी।

# हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस मुख्यालय में 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में दर्ज प्राथमिकी की डीजीपी ने की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के बाद 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों को लेकर झारखंड के विभिन्न जिलों में दर्ज मामले की डीजीपी अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को विडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम समीक्षा की। समीक्षा बैठक में रांची, जमशेदपुर, धनबाद एसएसपी, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, सरायकेला-खरसावां, गढ़वा, पलामू, गिरीडीह, कोडरमा और धनबाद रेल एसपी ने भाग लिया। समीक्षा के दौरान सिख दंगों से जुड़े करीब 350 दर्ज प्राथमिकी की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। डीजीपी ने मामले में चल रहे अनुसंधान और ट्रायल की भी जानकारी ली।

**आपराधिक मामलों की नही दी जा रही थी जानकारी :** वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। 1984 के सिख दंगा के मामले में मुआवजा और लंबित आपराधिक मामलों से संबंधित मामले को लेकर बीते मंगलवार को हाईकोर्ट में हुई थी सुनवाई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस बात को लेकर नाराजगी जताई कि इस संबंध में गठित आयोग की रिपोर्ट के बाद भी दंगा प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है। साथ ही उस समय दर्ज आपराधिक मामलों की स्थिति की जानकारी सरकार की ओर से नहीं दी जा रही है। इस पर अदालत में राज्य गृह सचिव और डीजीपी को कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उनसे अदालत में पूछा है कि आखिर मुआवजा देने में क्या समस्या आ रही है। मामले में अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी। कोर्ट ने गृह सचिव और डीजीपी को अगली सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हाजिर होने का निर्देश दिया है।

# क्षेत्रीय गूंज महोत्सव गूंज के सफर में एक नया अध्याय : सुदेश महतो

## सोनाहातू में 1000 छऊ नृत्य कलाकारों ने एक साथ बांधा अद्भुत समां, 3000 लोगों को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू/रांची।** सिल्ली स्टेडियम में 18 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय गूंज महोत्सव के पूर्व शुक्रवार को सोनाहातू प्रखंड के थाना मैदान में क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का समापन किया गया। इस मौके पर विधायक सह गूंज के संरक्षक सुदेश महतो ने कहा कि क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का उद्देश्य लोगों के बीच जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचने के साथ स्थानीय कलाकारों की प्रतिभाओं को मंच देना और अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करना है।

उन्होंने कहा कि मुख्य महोत्सव से पहले क्षेत्रीय स्तर पर गूंज महोत्सव का आयोजन इसी साल से शुरू हुआ है। गूंज के सफर में एक नया अध्याय इस महोत्सव के मकसद को और व्यापक बनाना है।

सोनाहातू में आयोजित महोत्सव में कला संस्कृति के कार्यक्रमों के साथ समाज कल्याण और गरीब के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस महोत्सव में एक साथ 1000 कलाकारों ने छऊ नृत्य की अद्भुत पेशकश करते हुए रोमांचक समां बांधा। इसके अलावा 600 स्कूली छात्रों के सामूहिक नृत्य कार्यक्रम का नजारा भी लोगों को आकर्षित करता रहा।

निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन हुआ। दिव्यांग जनों के लिए रजिस्ट्रेशन कर प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस दौरान दिव्यांगों के बीच निशुल्क सहायक उपकरण व्हीलचेयर आदि का वितरण किया गया, साथ ही निशुल्क उज्ज्वल एलपीजी गैस कनेक्शन का वितरण हुआ। सोनाहातू सीएचसी ओर सदर अस्पताल रांची के चिकित्सकों तथा स्वास्थ्यकर्मियों ने जांच में हिस्सा लिया। इनमें डॉ जयराम शर्मा, डॉ उषा सिंह, डॉ कांति सिंह विशेष तौर पर उपस्थित थे।



### रसोइया, ग्राम प्रधान, सहिया को सम्मान

**महोत्सव** में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पूरे प्रखंड के ग्रामप्रधान, संयोजिका, रसोइया, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, महिला समूह, क्षेत्रीय कवि ,लेखक, कलाकार को सम्मानित कर उन्हें आगे भी बेहतर करने के लिए उनका उत्साह वर्धन किया गया। साथ ही ग्राम सांस्कृतिक दलों के बीच वाद्य यंत्र वितरण किया गया। स्टूडेंट के लिए निशुल्क स्टूडेंट एक्सप्रेस आई कार्ड का भी वितरण किया गया।

### रसोई गैस का वितरण

**उज्ज्वला** योजना तहत साई इंडेन सोनाहातू द्वारा 40 तथा उर्मिला भारत गैस के द्वारा 50 लाभुकों को रसोई गैस का वितरण हुआ।

### किसान मेले का भी आयोजन

**जिला** कृषि विभाग के द्वारा किसान मेला का आयोजन किया गया जिसमें 92 किसानों को उत्कृष्ट उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया।

## डेली मार्केट में लगी आग के प्रभावितों को जल्द मुआवजा दे सरकार : डॉ इलियास



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. इलियास मजीद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मांग किया है कि राजधानी रांची के मेन रोड स्थित डेली मार्केट में आगजनी से प्रभावित दूकानदारों को उचित मुआवजा शीघ्र देने का अनुरोध किया है। डॉ. इलियास मजीद ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में बताया कि डेली मार्केट में आगजनी से छोटे एवं मंझोले व्यपारियों की दूकानें जल जाने से उनका व्यापार, काम धंधा समाप्त हो गया है। इस स्थिति में उनके सामने जीवनयापन की समस्या खड़ी हो गई है। इसलिए उन्हें तत्काल मुआवजा दी जाए ताकि वे फिर अपने व्यापार शुरू कर जीवनयापन कर सकें।

# गेमर्स गैराज क्लब में पांच दिवसीय स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप शुरू



**खेल संवाददाता**

**रांची।** पांच दिवसीय (15 दिसंबर -19 दिसंबर) 16 वां स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप प्रतियोगिता बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में शुक्रवार को शुरू हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन स्टेट स्नूकर चैंपियन यश किंगर ने किया। इस बार के इवेंट - मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर 6 रेड्स, 9 बॉल्स और पूल है। प्रतियोगिता के विजेताओं एवं उप विजेताओं को कैश, ट्रॉफी एवं क्लब का मेंबरशिप दिया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ मोहम्मद जाकिर, इंद्रजीत, टीपू, इरफान, मोहित चौधरी, अंकित कुमार, विशाल (मेजर), सुमित, यश दास, आयुष राज, सुमित, मनसब अहमद, रिग, एजाज, प्रतीक लाल सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।

# आक्रोशित टायर कारोबारियों ने बंद रखीं दुकानें

### टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की हत्या को लेकर आक्रोशित टायर कारोबारियों ने शुक्रवार को अपनी दुकाने बंद रखी। मालूम हो कि गुरुवार रात को उनकी मौत हो गयी थी। उनके मौत के बाद शुक्रवार को रांची के अपर बाजार सहित रांची के सभी टायर की दुकानों को कारोबारियों ने खुद ही अपनी दुकाने बंद कर दीं।

**मौत के बाद बंद रही दुकाने :** रांची टायर डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की हत्या के विरोध में राजधानी की सभी टायर दुकानों को बंद कर दिया गया। बीते सोमवार को टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार दी गई थी। इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उनकी मौत हो गई। गोपाल की मौत से आक्रोशित टायर डीलर एसोसिएशन के संगठन के अंतर्गत आने वाले सभी दुकाने को स्वतः बंद रहीं।

इस संबंध में रांची टायर डीलर एसोसिएशन के सेक्रेटरी पंकज जैन ने बताया कि हमारे साथी गोपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई, उसके विरोध स्वरूप हमने अपनी सारी दुकानें बंद रखी हैं। इसके साथ ही प्रशासन से यह मांग की गई है कि जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।

**कोतवाली थाना के सामने है गोपाल की दुकान :** रांची के कोतवाली थाना के ठीक सामने वंश इंटरप्राइजेज नाम की टायर की दुकान मारे गए कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की थी। गोपाल के हत्यारों का अब तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है। यही वजह है कि कारोबारी इस मामले को लेकर बेहद आक्रोशित हैं।




**अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं :** रांची पुलिस गोपाल श्रीवास्तव को गोली मारकर हत्या करने के मामले में जांच में जुटी हुई है। इसके बावजूद अब तक पुलिस को इस मामले में कोई सफलता हाथ नही लग पायी है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में पुरानी दुश्मनी के कारण ही हत्या की घटना को अंजाम देने की बात सामने आयी है। पुलिस को अपने जांच में यह पता चला है कि गोपाल का एक युवक के साथ कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। पुलिस को आशंका है कि उसी युवक ने गोपाल पर गोली चलायी है। मामले में सुखदेवनगर थाना में गोपाल की पत्नी के बयान पर अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी।

# राज्यस्तरीय 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम 29 को मोरहाबादी में

### तैयारी को लेकर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का राज्यस्तरीय कार्यक्रम 29 दिसंबर को मोरहाबादी में होना है। इसे लेकर शुक्रवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें डीडीसी दिनेश कुमार यादव, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गयी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को विभिन्न योजनाओं के लाभुकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये।

उपायुक्त द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबुआ आवास योजना, ग्राम गाड़ी योजना, साइकिल वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, सर्वजन पेंशन योजना आदि के लाभुकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से लाभुकों के आवागमन के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मोरहाबादी मैदान में कार्यक्रम की तैयारी, मंच संचालन आदि व्यवस्था को लेकर भी उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के 85 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द

रांची। जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा के 85023 अभ्यर्थियों के आवेदन को रद्द कर दिया है। इसे लेकर आयोग ने 297 पन्नों का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इन अभ्यर्थियों के आवेदन को रद्द करने का कारण विभिन्न त्रुटियों को बताया गया है। बताते चलें कि इस परीक्षा के लिए लगभग साढ़े 6 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

# एदार ए शरीया जागरूकता सह समाज सुधार अधिवेशन 17 से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एदार ए शरीया झारखंड के तत्वाधान में खांनकाहे मजहरीया मुनअमीया फिरदौस नगर में संवाददाताओं से संयुक्त रूप से बातचीत करते हुए झारखंड उलेमा व मशाईख बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली कादरी,नाजिमे आला मौलाना कितुबुद्दीन रिजवी,मौलाना डॉक्टर ताजुद्दीन रिजवी, मौलाना मसउद फरीदी शहर काजी , मौलाना सैयद अबुराफे तिबरानी ,मौलाना आबिद रजा फैजी, हाफिज आफताब जिया, कारी मोबीन, दाउद आलम ने कहा कि केंद्रीय एदार ए शरीया से जारी कार्यक्रम के अनुसार 17 दिसम्बर को करबला मैदान अमवा टॉड चैनगडा हेहल रामगढ़, 18 दिसम्बर नगर बगडु रोड लोहरदगा, 19 दिसम्ब्र हंटरगंज प्रखंड मैदान चतरा, 20 दिसंबर डालटनगंज पलामू, 21 दिसम्बर जुमेरात औरंगाबाद में एदार ए शरीया तहरीके बेदारी सह समाज सुधार अधिवेशन हो रहा है जिस में देश के जाने माने विद्वान भाग लेंगे। अधिवेशनों के मुख्य अतिथि व नेतृत्व करता पुर्व सांसद सह एदार ए शरीया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना गुलाम रसुल बलयावी होंगे।



# झारखंड आंदोलनकारियों की आर्थिक नाकेबंदी कल से

### सभी जिलों में निकाली गयी मशाल रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आहूत आर्थिक नाकेबंदी को व्यापक एवं सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को जिला स्कूल प्रांगण से परमवीर चक्र अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया । जबकि राज्य भर में आयोजित मशाल जुलूस में लगभग 50 हजार आंदोलनकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी भुवनेश्वर केवट, जितेंद्र सिंह इजहार राही, सरोजिनी कच्छप ,सुबोध लकड़ा, मंजूर खान, राजेंद्र मेहता, जबीउल्लाह अंसारी, शम्स कमर, लड्डन, पुष्पा बरदेवा, सी पी आई महेंद्र पाठक, अजय सिंह , जय आदिवासी केंद्रीय परिषद की अध्यक्ष निरंजना हेरेंज सहित अन्य प्रमुख थे।



# बच्चे अपनी रुचि के अनुसार अपना करियर चुनें : सुतापा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बच्चों को अपने सुविधा अनुसार अपना करियर का चुनाव करना चाहिए। ये बातें शुक्रवार को निप्स होटल मैनेजमेंट संस्थान बरियातू द्वारा आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए सेंट्रल एकेडमी की प्राचार्य सुतापा भट्टाचार्य ने कहीं। उन्होंने कहा कि बच्चों को जिस क्षेत्र में रुचि हो उसे क्षेत्र में माता-पिता को भी आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। सेमिनार को संबोधित करते हुए संस्थान के सेंटर इंचार्ज पीतांबर झा ने बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर संस्थान के कई शिक्षक मौजूद थे।



# सड़क के बीचोंबीच पोल होने से वाहनों के मोड़ने में सड़क पर लगता है जाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सड़क के बीचों-बीच खड़ा बिजली का पोल, आए दिन बनती है जाम की समस्या का कारण। मोरहाबादी कुसुम बिहार की ओर जाने वाली सड़क के बीचों बीच बिजली का पोल लगा है, जिससे आए दिन वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और स्थानीय लोग भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना हैं कि पोल के कारण मोड़ पर जगह कम हो गई है, जिससे समस्या उत्पन्न हो रही है। अगर बिजली विभाग इसे हटा दे तो जाम की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी।

### सड़कों पर बने स्पीड ब्रेकर से लोग निकाल ले रहे नट

**सड़क दुर्घटना** की समस्या आम बात है। इससे निजात दिलाने के लिए सड़कों पर आर्टिफिशियल स्पीड ब्रेकर लगाया गया है,लेकिन कई जगह शरारतीतत्वों द्वारा नट निकाल लिया गया है। जिससे कभी भी किसी बड़े दुर्घटना हो सकता है।

## छात्र-छात्राएं त्रस्त महाविद्यालय प्रशासन मस्त : आजसू

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य का घेराव कर उन्हें मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष ने कहां कि गर्ल्स सेक्शन के वाणिज्य विभाग के सत्र 22-26 के लगभग सभी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय प्रशासन के लापरवाही के कारण योग विषय में बिना नंबर दिए फेल करके प्रमोट कर दिया गया है, ये महाविद्यालय प्रशासन की लापरवाही को साफ-साफ दशार्ता है आगे उन्होंने मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से कहां कि इस मामले में जो भी दोषी है। उन पर कार्रवाई करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाए इतनी बड़ी गलती कैसे हुई।

# रिम्स के विस्तार को लेकर भूमि से अतिक्रमण हटाने का निर्देश

## रांची उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई सीसीएल की भूमि से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक

### अंचल अधिकारी खलारी एवं सीसीएल अधिकारियों को कैंप लगा कर आवेदन लेने एवं मुआवजा भुगतान करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में सीसीएल की भूमि से सम्बंधित मामलों की समीक्षा बैठक की। उपायुक्त रांची द्वारा बैठक में क्रमवार समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने अंचल अधिकारी बडगाई को निर्देश देते हुए कहा कि रिम्स, रांची के विस्तार को लेकर अर्जित भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटवायें।

उल्लेखनीय है कि रिम्स के नए आई.पी.डी. एवं ओ.पी.डी. भवन निर्माण को लेकर डी.आई.जी. मैदान का चयन किया गया है। लेकिन अभी उस स्थान में अतिक्रमण किया गया है। जिसपर उपायुक्त रांची ने सम्बंधित अंचल अधिकारी को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अपर समाहर्ता राजेश कुमार बरवार, एल.आर.डी.सी. राजेश कुमार सिंह, अंचल अधिकारी- खलारी, बड़गई, सी. सी. एल. लैंड एंड रेवेन्यू ऑफिसर शंकर झा, सी. सी. एल. के अधिकारी एवं सी. सी. एल. के अधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सीसीएल की भूमि से सम्बंधित मामलों की क्रमवार समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारी से विस्तृत जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिकारी को पीपरवार रेलवे साइडिंग निर्माण एवं एन. के. एरिया के विभिन्न प्रोजेक्ट को लेकर ली गई रैयती भूमि के विरुद्ध मुआवजा एवं नौकरी के सम्बन्ध उपायुक्त रांची, द्वारा अंचल अधिकारी खलारी एवं सी. सी.सी.एल. अधिकारियों को कैंप लगा कर आवेदन लेने एवं मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सी.सी.एल. रोहणी प्रोजेक्ट के लिए जंगल झाड़ी (जीएमजेजे)भूमि वनाधिकार समिति से एनओसी प्राप्त कर जिला को भेजने का निर्देश अंचल अधिकारी खलारी को दिया गया।

केडीएच परियोजना में मौजा विश्रामपुर में अधिग्रहीत रैयती भूमि का सत्यापन कैंप लगाने का निर्देश अंचल अधिकारी खलारी को दिया गया एवं इसमें सी. सी. एल. के एक अधिकारी अंचल में सहयोग हेतु सी. सी. एल. प्रतिनियुक्त करेंगे।

**मुआवजा भुगतान करने में आ रही कठिनाई पर हुई चर्चा :** सी.सी.एल के अधिकारियों के द्वारा बैठक के दौरान उपायुक्त रांची को बताया गया कि रैयतों के द्वारा जो आवेदन जमा किया गया है, उसमें कुछ कारणों से भुगतान में कठिनाई आ रही है। जिसपर उपायुक्त रांची द्वारा लंबित मुआवजा भुगतान के लिए सी.सी.एल प्रबंधन एवं अंचल अधिकारी को लाभुक के साथ बैठक कर लंबित मुआवजा भुगतान कराने का निर्देश दिया गया।

# उत्सव के रूप में मनाया जा रहा 'आपकी सरकार, आपके द्वार' का तीसरा चरण : हेमंत

## खूंटी के कचहरी मैदान में सीएम सोरेन ने 844 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**खूंटी/रांची।** खूंटी के कचहरी मैदान में शुक्रवार को आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने 844 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, इस कार्यक्रम का शुभारंभ खूंटी की इस पावन भूमि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थल उलिहातु से ही किया गया था। अब 2023 में तीसरे चरण के तहत राज्य के सभी पंचायत और गांव में इसका आयोजन उत्सव के रूप में किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, मैंने पूर्व में भी कहा था कि यह सरकार गांव-गांव, पंचायत-पंचायत और आपके द्वार-द्वार तक जाकर आपकी समस्याओं का समाधान करेगी। इससे पहले पूर्व की सरकारों के समय किसी ने नहीं देखा कि सरकारी अधिकारी, पदाधिकारी अथवा कर्मचारी किसी गांव में जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करता हो। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्ष 2021 से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुरू हुआ है।

**विपक्ष पर बरसे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 से पूर्व आखिर ऐसा क्या कार्य हुआ था कि ये विगत दो चरणों में हमें समस्याओं के लाखों आवेदन प्राप्त हुए। बुजुर्गों, दिव्यांगों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं सभी की अपनी-अपनी समस्याएं थी। इससे प्रतीत हुआ कि पूर्व में प्रखंड में कार्यरत पदाधिकारी और कर्मी एवं जिला मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मियों ने कभी गांव-पंचायत का रुख नहीं किया और न ही पूर्व में इन समस्याओं को दूर करने के प्रति संवेदनशीलता दिखाई गई। लेकिन



आज अर्हता प्राप्त सभी जरूरतमंदों को राज्य सरकार पेंशन दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना लागू करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य है। सभी जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना हमारा कर्तव्य है। हमारी सरकार आने वाले समय में भी जनहित का कार्य निरंतर करती रहेगी।

**बेटियों को उच्च शिक्षा में पूरी मदद :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब परिवार की सभी बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिलेगा। 12वीं के बाद भी उच्च शिक्षा में सरकार झारखंड की बेटियों को आर्थिक सहयोग करेगी। बेटियां सिर्फ डिग्री नही लेंगी बल्कि इससे आगे इंजीनियरिंग, डॉक्टर, लॉ आदि समेत अन्य उच्च शिक्षा की ओर भी अग्रसर हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यहां के छात्र-छात्राओं को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत आर्थिक मदद करेगी। साथ ही अगर आप विदेश में उच्च शिक्षा लेने की इच्छा रखते हों तो आपको मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत आपको शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा। वर्तमान में खूंटी, सिमडेगा और गुमला समेत अन्य जिला की बेटियां विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहीं हैं।

**महिलाओं की बदौलत लंबी लड़ाई लड़ी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की बदौलत हमने लम्बी लड़ाइयां जीती हैं। कोरोना संक्रमण काल में गांव की महिलाओं ने सरकार को बड़ी मजबूती के साथ सहयोग दिया है। इस महामारी में उन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर निःशुल्क भोजन कराया था। मुझे इस बात का दुःख होता है कि कई महिलाएं हाट-बाजार में हड़िया-दारू बेचने का कार्य करती हैं, इससे हमारा समाज पीछे जाएगा और कुछ लोगों ने इसे सुनियोजित व्यापार का माध्यम बना लिया है। मैं उन महिलाओं से कहना चाहूंगा कि राज्य सरकार आपके लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना लेकर आयी है। अब आप अपने माथे पर जो हड़िया-दारू नही बल्कि सरकार की योजना लेकर चलिए फिर देखिएगा आप और समाज कितने मान-सम्मान के साथ आगे बढ़ेगा।

**अबुआ आवास में देंगे तीन कमरों का घर :** मुख्यमंत्री ने कहा रोटी, कपड़ा और मकान सभी की जरूरत हैं, इसके बिना जीवन यापन मुश्किल है, लेकिन झारखण्ड के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब हमारी सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अहर्ता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। केंद्र सरकार की अनदेखी के बाद यहां के लोगों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्ति करना राज्य सरकार के लिए जरूरी था। पूर्व में 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया गया। लेकिन आपकी सरकार ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड से आच्छादित किया।

## आज का राशिफल 16-12-2023

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। **मास** : मृगशीर्ष, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** : चतुर्थी 20:01 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : श्रवण 04:37 बजे प्रातः में समाप्त। **योग** : ध्रुव 07:03 बजे तक, तदनंतर व्याघात 03:47 बजे रात्रि में समाप्त। **करण** : वणिज 09:16 बजे तक, तदनंतर विष्टि 20:01 बजे समाप्त। **चंद्रायु** 3.0 घंटे। **दिशाशूल** : पूर्व।

**मेष** : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-1-3-6

**वृष** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-6

**कर्क** : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-7-8-9

**सिंह** : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

**कन्या** : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। शुभांक-7-8-9

**तुला** : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-7-9

**वृश्चिक** : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद होने का भय रहेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु** : कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंग। शुभांक-4-7-8

**मकर** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

**कुंभ** : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-4-7-8

**मीन** : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-4-6-9

## कोड़ा मामले में कोर्ट ने प्रार्थी को दस्तावेजों की सर्टिफाइड कॉपी वेरीफाई कर 4 सप्ताह में प्रस्तुत करने को कहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से निचली अदालत द्वारा आरोप गठित किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने प्रार्थी को आरोप गठन से संबंधित निचली अदालत से प्राप्त दस्तावेजों की सर्टिफाइड कॉपी में हुई त्रुटि को निचली अदालत से वेरीफाई कर लें और इसे चार सप्ताह में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को भी निर्देश दिया कि वे आरोप गठन के दस्तावेज में त्रुटि के संबंध में मामले की जांच कर लें। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2024 में होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, सागर कुमार सिंह ने पैरवी की।

बता दें कि मधु कोड़ा पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री के उच्च पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की बिजली कंपनी आईवीआरसीएल के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपए घूस ली। साथ ही कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए उसे लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण करने का टेंडर दे दिया। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है, इसमें मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में रहे थे।

## गुड न्यूज सेंटर के तत्वावधान में प्री क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुड न्यूज सेंटर के तत्वाधान में, वाईएमसीए कांटा टोली के प्रांगण में शुक्रवार को प्री क्रिसमस गैथरिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से डॉक्टर राकेश पॉल निदेशक गुड न्यूज सेंटर ने सदेश दिये कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म सारे मानव जाति के लिए हुआ है। उनके जन्म के विषय में पुराने नियम मे बताया गया था। प्रभु यीशु मसीह कुंवारी के द्वारा जन्म होगा।

उन्होंने कहा कि कई वर्षों बाद यह भविष्यवाणी पूरी हुई और प्रभु यीशु मसीह इस संसार में पैदा हुए। प्रभु यीशु मसीह का जन्म मानव



जाति के उद्धार के लिए और जो रिश्ता परमेश्वर से बिगड़ गया था, उसको फिर से स्थापित करने के लिए आया। बाइबिल में लिखा है कि हें मनुष्य ईश्वर तुझसे क्या चाहता है, कि न्याय से प्रीत रख, भलाई कर और एक दूसरे का आदर कर। इस क्रिसमस में जैते पिता ने प्रभु यीशु मसीह को जो उसका इकलौता पुत्र था न रख छोडा परंतु पूरे मानव जाति के लिए दे दिया ,तो आईए क्रिसमस के हम भी लोगों को कुछ दें।

इस कार्यकम के कैरोल सिंगिंग सिस्टर लिव जो ब्राजीत से आई उनका उम्दा प्रस्तुतिकरण रहा। गीतो के द्वारा, नाटक के द्वारा यीशु मसीह का जन्मदिवस मनाया गया । लूका 2:10 देखो मैं आनंद का सुसमाचार लाता हूं जो सब लोगो के लिए होगा‡। यीशु सबके लिए है सिर्फ मसीह के नहीं। हम क्रिसमस मे यीशु को क्या दे। क्योकि ये उनका जन्म दिवस है ।बाईबिल सिखाती है मीका 6:6-8. 1. न्याय से काम करे, 2. कृपालु बने ,नम्र। बने । यदि हम अपने जीवन को परिवर्तित करते तो प्रभु के लिए हो एक भेंट / उपहार होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, आशीष ऋषि पूर्ति,शक्ति, सोनु, पवन और सागर का योगदान रहा।

## कांग्रेस विधायकों ने कहा, जेएसएससी सीजीएल परीक्षा स्थगित होना गंभीर विषय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने 16 और 17 दिसंबर को होने वाली जेएसएससी सीजीएल परीक्षा-2023 को स्थगित कर दिया था। अब यह परीक्षा नये साल के पहले महीने 21 और 28 जनवरी को ली जायेगी। कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा स्थगित करने को गंभीर विषय बताते हुए कहा है कि हमने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से बात कर आग्रह किया कि इस पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाये। उन्होंने कहा कि गवर्नमेंट सेंटर पर एग्जाम नहीं होते हैं। सभी परीक्षाएं प्राइवेट सेंटर पर होते हैं। वही सेंटर रेलवे, प्राइवेट कंपनियों, केंद्र और राज्य सरकार का एग्जाम लेती हैं। उन्होंने कहा कि एग्जामिनेशन के डेट निर्धारित कर दी गयी थी। लेकिन सेंटर उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्धारित तिथि पर एग्जाम कंडक्ट नहीं हो सका। आगे कहा कि अगर सरकार का अपना सेंटर होगा तो हम इस समस्या से उबर पायेंगे।

**सत्र खत्म होने के बाद बैठक कर मुद्दे पर होगी चर्चा :** इस मुद्दे पर कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जेएसएससी का एग्जाम होना था लेकिन अचानक जेएसएससी ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा कि एजेंसी अभी एग्जाम नहीं ले सकती है। इसलिए परीक्षा को स्थगित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा स्थगित होने से कही न कही एजेंसी पर भी सवाल उठते हैं। सरकार किसी की भी हो, रोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दे पर हम गंभीर है।

उन्होंने कहा कि सीएम से इस मुद्दे पर बात की तो उन्होंने कहा है कि विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद इस पर बात की जायेगी। जेएसएससी के साथ बैठक कर एक तिथि निर्धारित की जायेगी।

## स्थानीय नीति राज्य का मसला, केंद्र के पाले में डालकर लटकाना चाहती है सरकार : नेता प्रतिपक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्यपाल ने अपने रिकमेंडेशन के साथ स्थानीय नीति बिल को वापस किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सरकार साफ मंशा से यह बिल नहीं लायी है। नियोजन नीति और स्थानीयता राज्य सरकार का विषय है। इसे जानबूझ कर केंद्र सरकार के पाले में डाल कर सरकार लटकाना चाहती है, जबकि, यह पूरी तरह से राज्य का मसला है। राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की 100 प्रतिशत नौकरी स्थानीय लोगों को मिले। श्री बाउरी शुक्रवार को सदन के बाहर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

**लोहरदगा में बांग्लादेशी घुसपैठियों को स्थानीय बनाने की कोशिश :** उन्होंने कहा कि राज्य में डेमोग्राफिक बदलाव करने वाले घुसपैठियों को यहां की स्थानीयता देकर राज्यवासियों की हकमारी रोकने की कोशिश करनी चाहिए। अमर बाउरी ने कहा कि लोहरदगा में बांग्लादेशी घुसपैठियों को स्थानीय बनाने की कोशिश हो रही है। सरकार को जल्द संविधान सम्मत और कोल्हान को ध्यान में रखते हुए स्थानीय नीति बनाना चाहिए।

**केवल परीक्षा-परीक्षा का खेल खेल कर रही है सरकार :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता अमर बाउरी ने कहा कि राज्य के युवाओं की पीड़ा कम होने का नाम नहीं ले रही है। इस ठंड में राज्य के युवा सड़क पर हैं और सरकार जेएसएससी-जेपीएससी करके परीक्षा-परीक्षा का खेल खेल रही है। विधानसभा परिसर में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि जेएसएससी की परीक्षा 17 दिसंबर को निर्धारित थी। लेकिन उसे पांच दिन पहले यह कर स्थगित कर दिया कि जिस एजेंसी को परीक्षा लेने की जवाबदेही दी गयी थी, उसने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा लेने में समर्थता जतायी है। जब छात्र और विधायक ने इस मुद्दे को उठाना चाहा तो आनन-फानन में 21 जनवरी और 28 जनवरी 2024 को परीक्षा कराने की बात कही गई है। यह तिथि जेपीएससी की परीक्षा की तिथि से लड़ रही है। ऐसे में ऐसे छात्र जो दोनों परीक्षा की तैयारी कर रहे थे उनका क्या होगा?

**उच्च स्तरीय जांच की मांग :** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सरकार से पूरे मामले में हस्तक्षेप करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि उस एजेंसी पर क्या कार्रवाई की गई? परीक्षा लेने से इंकार करने वाली एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किया गया है कि नहीं, इसका जवाब देना चाहिए। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए कि क्या कट मनी लेकर परीक्षा लेने वाली एजेंसी का चयन किया गया?

## इंसपायर अवार्ड प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए 14 प्रर्दश चयनित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की ओर से तत्वाधान में क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक-सह-राज्य नोडल पदाधिकारी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को को मल्टीपरपस हॉल अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल में राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 24 जिलों से 123 प्रतिभागियो ने शिरकत की। इसमें 14 प्रर्दश का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिये किया गया। चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्पर्धा में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुनील कुमार, निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने कहा नवाचार और आविष्कार समय की आवश्यकता है। वशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने बच्चों से नये खोज पर ध्यान देने का आहवान किया।

## संजीत मिश्रा की हत्या की फिराक में थे दो अपराधी पुलिस ने दबोचा

**रांची।** रांची पुलिस ने संजीत मिश्रा नाम के व्यक्ति की हत्या करने की योजना बनाने से पूर्व दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसएसपी को मिली गुप्त सूचना पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की है। पुलिस टीम ने दो बदमाशों को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के इमली चौक के पास से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जिनके पास से एक पिस्तौल और कारतूस भी बरामद किया गया है।

## खबर एक नजर में

### डीएसपीएमयू के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के छात्रों ने डाला प्रथम राष्ट्रपति के व्यक्तित्व पर प्रकाश

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में शुक्रवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व से संबंधित एक परिचर्चा सह विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। लगभग 250 विद्यार्थियों की उपस्थिति में 20 प्रतिभागियों ने राजेंद्र प्रसाद के संपूर्ण व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन पर विस्तार से अपने विचार प्रकट किए। इस परिचर्चा में प्रतिभागियों ने देश के प्रथम राष्ट्रपति और संविधानविद के जीवन से जुड़े विविध पहलुओं पर आपसी संवाद करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। यह निष्कर्ष सामान्य तौर पर आया कि एक अत्यंत साधारण पारिवारिक और सामाजिक परिवेश से आते हुए भी राजेंद्र प्रसाद ने अपनी लगन और प्रतिभा से जो सामाजिक और राजनैतिक श्रेष्ठता को प्राप्त किया। इसका अन्यत्र उदाहरण मुश्किल है। इस विमर्श कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो राजेश कुमार सिंह ने भी राजेंद्र प्रसाद पर विस्तार से विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। इसके अलावा शिक्षिका हनी कुमारी , शुभा लकड़ा और पुष्पा कुमारी ने भी अपने विचार साझा किए। इस महत्वपूर्ण विषय पर परिचर्चा और संवाद कार्यक्रम में स्नातक इतिहास के विद्यार्थी, प्रिया कौर, विकास चंद्रा, ऋतिक राज आदि ने अपनी भागीदारी की। संचालन अक्षिता वर्मा ने किया।

### विद्यार्थियों ने किया हिंडाल्को का इंडस्ट्रीयल विजिट

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के 7 वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने इंडस्ट्रियल विजिट के तहत मुरी स्थित अल्युम्युनियम संयन्त्र हिंडालको का भ्रमण किया। इस दौरान कंपनी के विशेषज्ञयों ने विद्यार्थियों को कोल हैंडलिंग प्लांट, टू जनरेशन यूनिट, अल्युमीनियम रिफाइंरी आदि के क्रिया कलापो की तकनिकी जानकारी दी। मौके पर हिंडौलको के एच.आर. अंकुर अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद थे। विद्यार्थियों के दल के साथ संस्थान के शिक्षक डॉ नैयर मुमताज, डॉ विकास चंद्र साहा, प्रो स्वेता सोनाली धॉल,एवं प्रो रवि शंकर सिंह शामिल थे।

### कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का रंगारंग उद्घाटन

**रांची।** वाईबीएन यूनिवर्सिटी नामकुम के सभागार में कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम रांची का रंगारंग उदघाटन किया गया। मुख्य अतिथि सुशांत गौरव, निदेशक पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल -कूद और युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वाईबीएन यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर रामजी यादव, कुलपति डॉ नरेश कुमार गुप्ता एवं राज्य निदेशक नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखण्ड हनी सिन्हा रही। अतिथियों का स्वागत नेहरु युवा केंद्र,रांची के उपनिदेशक द्वारा किया गया।

### 24 दिसंबर की महारैली रद्द करने की मांग

**रांची।** ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट ने आरएसएस और वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा 24 दिसंबर को राजधानी रांची में आयोजित डिलिस्टिंग महारैली को रद्द करने की मांग झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम से की है। शुक्रवार को फ्रंट का एक प्रतिनिधिमंडल उपाध्यक्ष के आवास पर मिलकर उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 24 दिसंबर को ईसाई और मुसलमानों को लक्ष्य करते हुए भाजपा नेता कड़िया मुंडा द्वारा मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली का आयोजन किया गया है । ज्ञात हो कि 24-25 दिसंबर को ईसाई समुदाय का मुख्य त्यौहार है, जो पूरी दुनिया में मनाया जाता है। 24 को ही रैली में लाखों लोगों के शामिल होने की बात कही गई है, इससे ईसाई समुदाय में आक्रोश है।

### प्रदेश कांग्रेस ने सरदार पटेल एवं सुवंश झा की पुण्यतिथि मनायी

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में लौह पुरूष व पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुवंश झा की पुण्यतिथि मनाई गयी। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर व कांग्रेसजनों ने उन दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल ने अपने मजबूत इच्छाशक्ति एवं बुलन्द इरादों के कारण आजादी के बाद स्वदेशी राज्यों का भारत में विलय कर पूरे देश को एकात्मता के सूत्र में पिरो दिया।

## नन्हे कदम ने वार्षिकोत्सव में अतिथियों एवं अभिभावकों को किया मंत्र मुग्ध

### मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल ने मनाया 10वां वार्षिक महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल ने टाना भगत ऑडिटोरियम में शुक्रवार को वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती आशा लकड़ा थीं। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर सैयद समेऔल अहमद थे। कार्यक्रम में रांची के विभिन्न स्कूलों के डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से की गयी।

कार्यक्रम में मेरे नन्हे कदम की तीनों शाखाओं - लाइन टैंक रोड, अशोक नगर एवं रामगढ़ - के



बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। हाजिक खान ने पापा पर बहुत ही सुंदर कविता सुनायी। शिखर अथर्व ने चंद्रयान बनकर सारे वैज्ञानिकों को बधाई दी। छोटी-छोटी बच्चियों ने नृत्य कर के नारी सशक्तिकरण के विषय पर प्रकाश डाला। नन्हें मुन्हे बच्चों द्वारा गीत वी शैल ओवरकम भी गाया गया, जिसे सभी अभिभावकों ने बहुत सराहा।

कुछ बच्चों ने कविता एवं बालगीत गाकर अभिभावकों को मंत्र मुग्ध किया। अभिभावकों की आंखें खुली की खुली रह गयीं, जब बच्चों ने पापा मेरे पापा, महबूबा, जादू, मेरा वाला डांस, आरंभ है प्रचंड, वो कृष्णा है, राम जी की निकली सवारी, फ्लूट डांस और डांडिया के ताल पर नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किया, जिस में उन्होंने भारत की अलग-अलग सांकृति की पोषक पहनकर एकता में बल को दर्शाया। कुछ बच्चों ने राधा-रानी, गोपियां और कृष्ण बन कर नृत्य प्रस्तुत किया और वृंदावन को दर्शार्न की कोशिश की।

स्कूल की निदेशक विभा सिंह ने कहा, हम अपने बच्चों को इस तरह तैयार करते हैं कि शहर के सभी टॉप स्कूलों में उनका नामांकन उनकी मेरिट पर होता है। ना सिर्फ हम प्रवेश परीक्षा की तैयारी करते हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करते है कि वे वहां जा कर भी वहां केटॉपर रहें। मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल ना सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता, बल्कि बच्चों का सर्वांगीन विकास करना भी अपना मुख्य उद्देश्य समझता है। उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों की मेहनत की सराहना की।

उन्होंने कहा कि वे आगे भी बच्चों में छुपे हुनर को तराशने की पूरी कोशिश करेंगी। अभिभावकों ने न केवल कार्यक्रम की तारीफ की, बल्कि बच्चों में स्कूल द्वारा सिखाया गया अनुसाशन की भी सराहना की।

## वन विभाग में 25 वर्षों से काम कर रहे दैनिक कर्मियों को नियमित करने का आदेश

**रांची।** वन विभाग में 25 वर्षों से काम कर रहे दैनिक अस्थाई कर्मियों को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने वन विभाग में चतुर्थ वर्गीय पद पर 25 वर्षों से अस्थाई दैनिक कर्मी के रूप में सेवा देने वाले प्रार्थियों की नियुक्ति नियमित करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी वन विभाग में फॉरेस्ट प्रोड्यूस ओवरसीयर के पद पर काम कर रहे हैं। कोर्ट ने उनके 25 वर्षों तक अस्थाई कर्मी के रूप में काम करने को देखते हुए यह आदेश पारित किया है। साथ ही कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि विवाद के कारण अगर किसी अस्थाई दैनिक कर्मी को हटाया गया है तो उनकी भी नियुक्ति स्थाई की जाए। कोर्ट ने शुक्रवार को वन विभाग में अस्थाई रूप से दैनिक कर्मियों विनोद कुमार पांडे एवं अन्य सहित कई अन्य याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया है।

स्पीड न्यूज

## साईं अल्ट्रासाउंड एंड हेल्पकेयर सेंटर खुला

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय के थाना के सामने साईं अल्ट्रासाउंड एंड हेल्पकेयर सेंटर का भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने खस अल्ट्रासाउंड सेंटर खुलने से क्षेत्र में मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने की परेशानी से निजात मिलेगी। साथ ही रोगों का निदान भी सही तरीके से होगा। वही संचालक जयशंकर व रितु ने कहा कि क्षेत्र लोगों को कम फीस में बेहतर सेवा दी जाएगी। इधर अल्ट्रासाउंड खुलने से क्षेत्र के लोगों में खुशी है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय डा मेघा भगत डा जेपी शर्माएपंकज शर्माए प्रमोद शर्माएरितु ज्योति सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल

**बुंडू।** रांची टाटा राष्ट्रीय मार्ग 33 पर बुंडू थाना क्षेत्र के डामरी मोड़ के समीप दो मोटरसाइकिल के भिड़ंत होने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं ।घायल में धनंजय महतो उम्र 59 वर्ष डोकद निवासी की हालत चिंताजनक बनी हुई है । जबकि शिवा अहीर की हालत सामान्य है। दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेज दिया गया है।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज बुंडू आएंगे

**बुंडू।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री बुंडू में कई कार्यक्रम में भाग लेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा आज 16 नवंबर को बुंडू प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह गभड़ेया आएंगे जहां पर लाभुकों से बातचीत करेंगेए इसके पश्चात रांची टाटा राष्ट्रीय मार्ग 33 टोल प्लाजा के क्रिकेट मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों के बारे में लोगों को जानकारी देंगे।

## तेज रफ्तार बाइक के धक्के से बुजुर्ग घायल

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के ओरमांझी में शुक्रवार को एक तेजरफ्तार बाइक ने एक 60 वर्षीय व्यक्ति को जोरदार धक्का मार दिया। घायल व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के टुंडाहुली निवासी पारसनाथ साहू के रूप में हुई है। बताया गया िकवह ओरमांझी बाजार आया था। चैक के पास सड़क पार कर रहा था। तभी रांची से रामगढ़ की ओर जा रहे बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मारदिया। जिससे वह सड़क पर फेका गया। उसे गंभीर चोट लगी। सूचना मिलने पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा बाइक व बाइक सवार को थाना ले गई। वही घायल को उपचार के लिए क्यूरेस्टा हॉस्पिटल ले गई। घायल के पोता निर्मल साहू ने बताया कि की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## उमवि महावीर नगर में मना विश्व दिव्यांग दिवस

**खलारी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला के प्रांगण में प्रधानाचार्य रंथु साहु के नेतृत्व में खलारी प्रखंड के रिसोर्स शिक्षक मनोज कुमार के आदेशानुसार प्रखंड स्तरीय समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। रिसोर्स शिक्षक प्रधानाचार्य सहित बच्चे अभिभावक द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि समाज और विकास के क्षेत्र में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने तथा राजनीतिक सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के हर पहलू में दिव्यांग की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम से सभी बच्चों में काफी उत्सुकता देखी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार सहित बाल संसद मंत्रियों का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रस्तावित उवि सुकुरहुटू में विज्ञान प्रदर्शनी

**पिठोरिया।** प्रस्तावित उच्च विद्यालय सुकुरहुटू कांके में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ । जिसमें विद्यार्थियों ने हस्तकला व्यर्थ समान विज्ञान एवं नवाचारों से संबंधित विभिन्न मॉडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# परीक्षा कैंसिल करने के विरोध में अभ्यर्थियों ने जेएसएससी को घेरा

**बार-बार परीक्षा कैंसिल करने से विद्यार्थियों में है भारी आक्रोश**



खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित छात्रों ने लगभग सात घंटे तक जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया और आयोग व सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। छात्रों का कहना था कि वर्ष 2015 में जेएसएससी सीजीएल कंबाईड ग्रेजुएट लेवल की वैकेंसी निकाली गयी थी। उसे सात बार रद्द कर दिया गया और तीन बार फार्म भरवाया गया। जिससे छात्रों का समय और पैसा बर्बाद हुआ और भविष्य अंधकारमय हो गया है। छात्रों का कहना था कि उनके आंदोलन को देखते हुए जेएसएससी द्वारा आनन फानन में आगामी 21 और 28 जनवरी को परीक्षा की तिथि घोषित की गयी थी, पर 21 जनवरी को ही सीटेट और जेपीएससी बैकलॉग की परीक्षा आयोजित है ऐसे में छात्र कैसे परीक्षा में शामिल हो पाएंगे। आक्रोषित छात्र परीक्षा लेने वाली एजेंसी पर आरोप लगाते हुए उसे ब्लैक लिस्टेड करने की मांग कर रहे थे। छात्रों को मौके पर उपस्थित मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी समझाने की कोशिश की पर उग्र छात्र किसी की नहीं सुन रहे थे। सभी आयोग के अध्या को मौके पर बुलाने और परीक्षा की तिथि बढाने की मांग पर अड़े थे। इधर शाम को आयोग की उप सचिव डॉ मधुमिता ने छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों को सुना और 21 जनवरी की परीक्षा की तिथि को आगे या पीछे करने तथा 28 जनवरी की परीक्षा तय तिथि पर कराने एंव सिपाही भर्ती की परीक्षा एक सप्ताह में नोटिफीकेशन जारी करने की बात कही। वहीं उप सचिव ने परीक्षा के बाद ओएमआर सीट की कार्बन कापी देने और आंसर की भी जारी करने की बात कही। जिसके बाद आंदोलनकारी छात्र मौके से हटे।



## गिरिडीह के सुमित ने आत्मदाह का किया प्रयास

घेराव कार्यक्रम के दौरान ही गिरिडीह का रहनेवाला सुमित कुमार पाण्डेय नामक छात्र बोतल में लिए पेट्रोल को अपने उपर उझलने लगा और आत्मदाह की कोशिश करने लगा। मौके की नजाकत को समझते हुए नामकुम थानेदार सुनील तिवारी ने आनन फानन में उसे पकडकर अपनी जीप में बैठाया और थाने ले गए। सुमित को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाने के लिए बड़ी संख्या में छात्रों ने पुलिस की जीप को घेर लिया, जिसके बाद काफी मशक्कत से छात्रों को हटाकर उमित को थाने ले जाया गया।

## कांके में पशु-पक्षी प्रदर्शनी सह मेला में इटकी के किसानों ने लिया हिस्सा



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड के पशुपालक किसानों ने शुक्रवार को कांके में आयोजित पशु मेला सह पशु-पक्षी प्रदर्शनी में भाग लिया। एआई टेक्नीशियन संजय कुमार के अगुवाई में किसान प्रखंड मुख्यालय से करीब दस बजे बसों में सवार होकर मेला के लिए रवाना हुए। मेला में किसानों ने विभिन्न प्रजातियों के पशुओं को देखा और जानकारी हासिल की। सुकर गाय मुर्गीए बटेर व खरगोश सहित अन्य जानवरों के विभिन्न प्रजातियों को देखा। इस दौरान दुधारू पशुओं के अच्छे नस्ल की पहचानने की तकनीक को सीखा। साथ ही पशुओं का भोजनए टीकाकरण व रखरखाव सहित अन्य जानकारी हासिल किया। किसानों में मुख्य रूप से रमेश महतो, राजू गोप, गौतम कुमार, कमल कुमार, आनंद महतो सहित इटकी प्रखंड के दर्जनों किसानों ने मेला भाग लिया।

## हत्याकांड के तीन आरोपियों को मांडर पुलिस ने भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** पुलिस ने शुक्रवार को तीन लोगों टटकुंदो निवासी सोमरा उरांव, जीतपहान उरांव व सोनू उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन लोगो के ऊपर गांव में छेड़छाड़ के प्रयास के आरोपी झिंझरी निवासी सैंतीस वर्षीय डेविड मिंज की हत्या करने का मामल को लेकर डेविड की पत्नी द्वारा थाने में आवेदन दिया गया था।

घटना गुरुवार देर शाम की है। बताया जाता है डेविड के ऊपर एक मंदबुद्धि लड़की के साथ छेड़खानी का आरोप लगाया गया था। बताया जाता है कि मंदबुद्धि लड़की को उसके परिजन घर में अकेला छोड़कर काम करने गये थे। शाम को जब वे वापस लौटे तो लड़की घर में नहीं मिली। अगल बगल खोजबीन में पता चला कि लड़की को डेविड मिंज के साथ देखा गया था। जब डेविड से इस विषय पर पूछा गया तो वह सीधे मुकर गया, लेकिन जब उससे सख्ती की गयी तो उससे मिली जानकारी के आधार पर लड़की को शाम करीब छह बजे गांव के निकट ही स्थित पतरा से बरामद कर लिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने डेविड मिंज को लाठी डंडे से मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

सूचना मिलते ही मांडर पुलिस डेविड को घायलावस्था में गांव से लेकर मांडर रेफरल पहुंची जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में ही इलाज के क्रम में रात लगभग ग्यारह बजे उसकी मौत हो गयी।

## बोकरोंदा में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को लापुंग प्रखंड के बोकरोंदा पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजन के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा केंद्र सरकार समाज के दुर्गम क्षेत्रों में भी योजनाओं को पहुंचा रही है। केंद्र सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए योजनाओं को बनाती है। उन योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार हो सके और वंचितों को उन योजनाओं से जोड़ा जा सके उसके लिए पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये जिससे देश विकसित होने की राह पर है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। इस दौरान उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही ग्रामीणों का मनोबल बढ़ाया और सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेने के लिए प्रेरित किया।



## शार्ट सर्किट से हाइवा में लगी आग

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र में अज्ञात हथियारबंद अपराधियों के द्वारा मध्य रात्रि हाइवा जलाने का मामला प्रकाश में आया। हालांकि हाइवा मालिक व चालक अथवा पुलिस के गठजोड़ से बनी रिपोर्ट के अनुसार जला हुआ हाइवा शर्ट शर्किट बताया गया। घटना बीते रात्रि लगभग 12.30 का बताया जाता है। हाइवा जेएच01टी 9938 खलारी सीमेंट फैक्ट्री से कोयला गिराकर वापस अशोका कोयला लाने के लिए जा रहा था। इतने में कोयला वाहन विश्रामपुर पंचायत भवन के नजदीक बड़कीटांड़ के पास अवैध कोयला साइडिंग रोड में आग लग गया। इस मामले में शार्टसर्किट से हाइवा जलने का सनहा दर्ज कराया गया है।

## सतियारी एफसी ने कांके को 1-0 से पराजित किया

**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी के तत्वावधान में आयोजित 10 वीं सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट में शुक्रवार को संघर्षपूर्ण मुकाबले में सतियारी एफसी रांची की टीम ने अंश क्लब कांके को 1-0 से हराया ।खेल के पहले हाफ में सतियारी टीम की ओर से निशांत केरकेट्टा ने 42 वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को जीत दिलाई। शानदार खेल के लिए सतियारी के खिलाड़ी निशांत केरकेट्टा को मुख्य अतिथि भाजपा रांची महानगर उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पटेल ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि फुटबाल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है ।यह बहुत ही रोमांचकारी और चुनौतीपूर्ण खेल है ।इस तरह के आयोजन से युवाओं को अपनी अंदर की प्रतिभा प्रदर्शित करनेएनिखारने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मुखिया नीलमोहन पाहन, मुखिया राजेंद्र बेदिया, विधायक प्रतिनिधि अजगूत करमाली, भाजपा नेता राजनंदन साहू व लक्ष्मण प्रसाद सैनी उपस्थित थे। संचालन शिवधर रजवार ने किया। मौके पर मुख्य संरक्षक सह कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, संरक्षक फारुक खान, अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश कुमार यादव, बलराम कुमार साहू उपस्थित थे।

एक नजर में

## डकरा मेन रोड में एके रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**खलारी।** खलारी प्रखंड के डकरा मेन रोड कुमकुम फैशन मॉल में एके रेस्टोरेंट का उद्घाटन रेस्टोरेंट संचालक कर्मा गंझू के पिता फकीरा गंझू ने फीता काटकर किया। रेस्टोरेंट संचालक कर्मा गंझू व सहयोगी अजय सिन्हा ने बताया कि फैमिली रेस्टोरेंट में लोग बैठकर सुकून से लजीज व्यंजनों का आनंद उठा सकते हैं। इसके साथ ही साउथ इंडियनएइंडियन फूड्सए चाईनीजए कोकटेलएबर्थडे पार्टी आर्डर साथ ही पार्टी आर्डरस की भी चुस्कियां ले सकते हैं। उन्होंने बताया की खलारी में तमाम रेस्टोरेंट खुले हैं लेकिन उनके एके रेस्टोरेंट में शुद्धता की गारंटी होगी। मौके पर रंथु गंझू मुकेश गंझू राजूराम समीकांत राय निर्मला कुमारी तारा कुमारी चंदा कुमारी लक्की आदि मौजूद रहे।

## राजा पीटर का समर्थकों ने किया स्वागत



**बुंडू।** पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर के जमानत पर जेल से रिहा होकर शाम 8 बजे बुंडू पहुंचने पर उनके समर्थको ने बुंडू स्थित टॉल प्लाजा से बुंडू नगर में गाजे .बाजे के साथ जुलुश निकाला। मुख्य रुप से जुलुश में सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो एवं जमशेदपुर से आए समर्थक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## भ्रष्टाचार मुक्ति संघ के प्रबंध निदेशक बने डॉ रामजीत महतो



**ओरमांझी।** एसएस प्लस टू हाई स्कूल मैदान में शुक्रवार को भ्रष्टाचार मुक्ति संघ झारखंड रांची की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। संघ केंद्रीय अध्यक्ष मनसू महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक पर सरकारी कार्यालयों में फैली भ्रष्टचार पर अंकुश लगाने व खिलाफ कार्रवाई पर चर्चा किया गया। वहीं संघ का सफल संचालन के लिए कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ रामजीत महतो को प्रबंध निदेशक व भजन बेदिया को संगठन सचिव बनाया गया। बैठक में उपस्थित संक्षक कर्नल देव इद्रज्योति ने दोनो का माला पहना कर स्वागत किया और गांव-गांव में संगठन का विस्तार व भ्रस्टाचार के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्यक्रय करने के लिए दिशा निर्देश दिया। वहीं डॉ रामजीत महतो ने कहा जिस अपेक्षा के साथ जिम्मेवारी सौंपी गई है। उसे पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं दोनो को बधाई देने वालों में अध्यक्ष के अलावे मुख्य रूप से सचिव अषवन तिर्की, जातीम अंसारी, लहरू बेदिया, कृष्णा कुमार महतो, झिरगा उरांव, कैलास महतो के साथ संघ के सदस्यगण शामिल थे।

## सुरक्षा जीवन का है मूल मंत्र, इसे सभी को अपनाने की है जरूरत : महाप्रबंधक

**डकरा में 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह शुरू**



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** कोयला खदानों में हर साल खान सुरक्षा सप्ताह मनाने का जो कार्यक्रम खान सुरक्षा महानिदेशालय के निर्देश पर किया जाता है। वह काफी सराहनीय है। सुरक्षा जीवन का मूल मंत्र किए जिसे सभी लोगों को अपनाने की जरूरत है। उक्त बातें महाप्रबंधक ने सीसीएल एनके एरिया में 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत में कहा। एनके एरिया में पिछले दो वर्षों से किसी भी तरह की खान दुर्घटना नहीं होने पर खुशी जाहिर करते हुए इसका श्रेय यहां के अधिकारी और कर्मचारीयों को दिया। खान सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत महाप्रबंधक संजय कुमार ने महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में झंडोतोलन कर की गयी। जिसके बाद उपस्थित अधिकारी और कर्मचारीयों को महाप्रबंधक संजय कुमार ने सुरक्षा की शपथ दिलाया गया। मौके पर महाप्रबंधक संचालन के के झा सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कार्मिक अधिकारी नवनीत शेखर आलोक जोजोवार सुजय चटर्जी मिथिलेश कुमार लोकनाथ राणा सुजीत रंजन प्रहलाद मीणा यूनियन प्रतिनिधियों में मनोज कुमार रजक प्रेम कुमार गोल्डन प्रसाद यादव अमर भूषण सिंह विनय सिंह मानकी ध्वजा राम धोबी गोविंद चंद्र महतो डीपी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उषा मार्टिन के मजदूरों की मांग को लेकर पूर्व विधायक ने सौपा पत्र

**आश्रित को फैक्ट्री में नौकरी देने की मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने श्रम आयुक्त झारखण्ड सरकार संजीव कुमार बेसरा को उषा मार्टिन इण्डस्ट्रीज लिमिटेड टाटीसिलवे रांची में कार्यरत स्थायी एंव अस्थायी मजदूरों के हित में उचित निर्णय लेने का माँग को लेकर मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि को माननीय मंत्री श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग झारखण्ड सरकार को एवं श्रम आयुक्त के माध्यम से उषा मार्टिन में कार्यरत स्थायी एवं अस्थायी मजदूरों के लिए निम्न माँग की गई थी, जिसमें उषा मार्टिन में स्थायी मजदूरों का सेटलमेंट में कम से कम वेतनमान चालीस हजार रुपया से अधिक करने पहले से सेटलमेंट के अनुकूल बीस वर्षों से कार्यरत मजदूरों के एक बेटा या दमाद को स्थायी नौकरी में रखने कार्यरत मजदूरों की आकस्मिक मृत्यु कारखाना के अंदर या बाहर होने पर उनके आश्रित के परिवार के सदस्य को सीधी नियुक्ति की करने कंपनी में कार्यरत अस्थायी मजदूरों को समान कार्य के लिए समान वेतन एवं अन्य ठेका मजदूरों को कम से कम बीस हजार रुपया से ऊपर वेतन दिये जाने। पूर्व विधायक श्री पाहन ने माँग पत्र के माध्यम से मजदूरों के हित में यथाशीघ्र निर्णय लेने की मांग की है।

## एसएस प्लस टू हाईस्कूल ओरमांझी में सेमिनार



**ओरमांझी।** विद्यार्थियों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृति को राकने की दिषा में पहल करते हुए शुक्रवार के एसएस हाई स्कूल ओरमांझी में शुक्रवार को एक सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को संबोधित समाजसेवी राजधाम साहू ने कहा बिना संघर्ष कोई शून्य से शिखर तक नही पहुंचता है। चुनौतियां को पार करने वाला व्यक्तित्व ही उसे महान बनाता है। वही शिक्षाविद शैलेंद्र मिश्रा ने कहा हर समस्या का सटीक व वैज्ञानिक समाधान शिक्षा में निहित है। कार्यक्रम को विनोद कुमार सिंह, सत्यनारायण तिवारी व मोतीलाल महतो ने भी संबोधित किया और अपने सहपाठी से समन्वय स्थापित कर अपनी प्रतिभा को निखारने पर जोर दिया, और कहा छात्रों को दिमागी रूप से मजबूत बतना जरूरी है। प्राचार्या पुष्पा कुमारी, कुमार भगीरथ सिंह, अंकुश अनुपम श्रीवास्तव, अंजेला टोप्पो व छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

# बच्चों को संघर्षशील बनाने में खेल महत्वपूर्ण

**उदय विद्या निकेतन में बार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने की मस्ती**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** उदय विद्या निकेतन केदल नेवरी विकास में नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा के बच्चों के बीच वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मेढ़क, जलेबी, स्पून मार्बल व ड्रेसअप सहित विभिन्न दौड़ व अन्य प्रतियोगिता के अलावा बच्चों ने रोली-पोली व लिटिल फिंगर डांस कर जमकर मस्ती किए। वहीं कई नन्हे बच्चों नें मेंढ़क दौड़ व जलेबी रेस में अपनी गजब की बुद्धिमता व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं उपस्थित लोगों ने बच्चों के उछल-कूद देख अपनी मुस्कान रोक नहीं सके और तालियां बजा कर बच्चों के प्रयासों की सरहाना किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज के सचिव संतोष महतो, निदेशक राजेश कुमार कंडरवार दीप जलाकर किया और कहा विद्यालय में खेल प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों के मन-मस्तिष्क को मजबूत के लिए जरूरी है। बच्चों को संघर्षशील बनाने में खेल-कूद काफी महत्वपूर्ण है। बाद में खेल प्रतियोगिता के विजेता बच्चे जय भीम, रियांसी करण, आरूषि कुमारी, सुमीत कुमार, प्रीओम साहू, प्रीयांशु कुमार महतो, अराधना टोप्पो, अथर्व कुमार, भारगवी अवघ्या, अनमोल मुंडा, स्वेता कुमारी, प्रीयांशु स्वर्णकार व देव कुमार को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ चन्दन कुमार पंकज, उषा किरण टुडू, उप प्राचार्या दयामनी कुमारी, विभा टोप्पो प्रबंधक रूपेष करवार, उमा कुमारी, सरीता कुमारी, प्रीतम सिंह, नीतू रानी, शैलेन्द्र कुमार छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



उदय विद्या निकेतन केदल नेवरी में खेलकूद में शामिल छोटे-छोटे बच्चे।

## बेड़ो में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**बेड़ो।** बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय के परिसर में शुक्रवार को सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय पंचायत की मुखिया सुशांति भगत व पंसस विजय उरांव ने गांव के 100 गरीबएबुजुर्गएविधवाएअसहाय व जरुरतमंदों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत ठंड से बचाव के लिए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। प्रतिनिधियों ने बुजुर्गो से उनके समस्या भी सुने। उन्होने उनके समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। वही कंबल पाकर ग्रामीण में काफी खुशी है।

# अलगावादियों को पनाह

कनाडा, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और ब्रिटेन आदि देशों में अलगाववादियों की हरकतों में जो तेजी देखी गई है, वह उनकी भारत में मनमानी न कर पाने से उपजी हताशा ही कही जा सकती है। इन देशों में कानूनी जटिलताओं का फायदा उठाकर पृथकतावादी भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देते रहते हैं। निहित स्वार्थों में लिप्त पश्चिमी देश भारतीय संप्रभुता को चुनौती देने के कृत्य को अभिव्यक्ति की आजादी की श्रेणी में दिखाकर अपने दायित्वों से मुक्त होने का प्रयास करते हैं। निस्संदेह, उनका यह रवैया दुराग्रहपूर्ण है और अलगाववादियों को मनमानी करने का मौका देता है। अलगाववादी गाहे-बगाहे भारतीय दूतावासों व राजनयिकों को निशाना बनाते रहते हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में एक गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोकने के दो महीने बाद सामने आया है। निस्संदेह, ये विद्वेषपूर्ण घटनाएं पश्चिमी देशों, विशेषकर अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में अलगाववादियों और भारत विरोधी लोगों को मिली खुली छूट को ही रेखांकित करती हैं। दरअसल, निज्जर मामले में भारत सरकार के अधिकारियों की संलिप्तता के बारे में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों ने खालिस्तान समर्थकों को भारत के खिलाफ उग्र व्यवहार के लिये प्रोत्साहित किया है। निश्चित रूप से कनाडाई प्रधानमंत्री अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये जिन समूहों का समर्थन ले रहे हैं, उनको खुश करने के लिये वे निज्जर मामले में भारत की संलिप्तता की दलीलों को हवा दे रहे हैं। कनाडा सरकार न केवल भारत को जांच में शामिल करने को लेकर टाल-मटोल कर रही है बल्कि उसने भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये जमीन पर बहुत कम काम किया है। आखिर अलगाववादियों को पनाह क्यों?

# जहरीली हवा में जीवन

दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक कई जगहों पर 450 से ऊपर दर्ज किया गया, जो खासा घातक श्रेणी का होता है। जिसके चलते ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान-4 यानी ग्रैप की चौथी स्टेज लागू कर दी गई है। जिसके तहत स्कूल बंद करने, गैर जरूरी निर्माण पर रोक, भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित तथा निजी वाहनों के लिये ऑड-ईवन सिस्टम लागू करने की घोषणा की जा रही है। दिल्ली सहित देश के कई शहरों में सांस लेना 25-30 सिगरेट के सेवन के बराबर है। इस प्रदूषण का घातक असर बच्चों व गर्भवती महिलाओं पर अधिक होगा। छोटे बच्चों के दिमाग के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इतना ही नहीं, लोगों के श्वसन तंत्र को नुकसान पहुंचने के साथ ही हार्ट अटैक व ब्रेन स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। यह हमारे नीति-नियंताओं के लिये शर्म की बात होनी चाहिए कि वे अपने नागरिकों को स्वच्छ हवा भी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। कमोबेश यह स्थिति सिर्फ दिल्ली की नहीं है, देश के अन्य राज्यों में स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। दुनिया के दस प्रदूषित शहरों में कोलकाता पांचवें व मुंबई छठे स्थान पर है। ये स्थिति हमारे लचर प्रशासन व गैर जिम्मेदार प्रतिनिधियों की हकीकत बताती है। साथ ही यह भी कि एक नागरिक के रूप में हम प्रदूषण कम करने के दायित्वों के प्रति उदासीन बने हुए हैं। वहीं परेशान करने वाली बात यह है कि देशव्यापी प्रदूषण के एक घटक पराली जलाने की घटनाएं बदस्तूर जारी हैं। शहरों के अनियमित और अनियंत्रित विकास के कारण जो नुकसान अभी हो रहें हैं साथ ही भविष्य में होने वाले हैं उसमें इस मामले की गंभीरताका पता चलता है। हमें पता है कि हमारे शहर जनसंख्या के बोझ से दबे हुए हैं और अंधाधुंध निर्माण से हवा के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा उत्पन्न हुई है।

# यूसीसी की दरकार बहस का हो प्रतिकार






**कमलेश पाण्डेय**

> सच कहूं तो इनके 'संसर्ग' से विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका का एक हिस्सा भी प्रभावित हो चुका है, क्योंकि विदेशों में बैठे इनके 'संरक्षक' भारत सरकार या राज्य सरकारों को अपने प्रभाव में लेने के लिए रणनीतिक रूप से इनका सदुपयोग-दुरुपयोग करते हैं।

जिस देश के उच्च सदन यानी राज्यसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने या करवाने के सवाल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में नोकझोंक हो, वहां पर लोकतंत्र के भविष्य पर निश्चित रूप से कुछ भी कहना बेमानी होगी। यदि सभी देशवासियों के वोट की कीमत एक समान है तो फिर अन्य कानूनी समानताएं क्यों नहीं लागू की जा सकती हैं। आप सहमत हों या नहीं हों, लेकिन देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए नेशनल इंस्पेक्शन ऐंड इन्वेस्टिगेशन कमीशन बनाया जाना बदलते वक्त की मांग है और सरकार को इस पर गम्भीरता पूर्वक विचार करना चाहिए।

आपने देखा-सुना होगा कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह विषय लाया गया है कि मुस्लिम लड़कियों के लिए विवाह की उम्र अलग क्यों हो? क्या इससे अन्य कानून प्रभावित नहीं होंगे? वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि वह आदिवासी महिलाओं को सम्पत्ति से महरूम रखने वाले हिन्दू उत्तराधिकार कानून, 1956 में संशोधन करे, ताकि उन्हें पिता की संपत्ति में हिस्सा मिल सके। बता दें कि हिन्दू उत्तराधिकार कानून आदिवासियों पर लागू नहीं होता है।

मसलन, उपर्युक्त दोनों सवाल तो महज बानगी भर हैं, जो यह जाहिर करते हैं कि आजादी के 75 साल बाद भी हमारे देश में सबके एक समान कानूनी हित सुनिश्चित नहीं किये जा सके। कभी यह कानून बनाने वाली इकाइयों की लापरवाही समझी गई तो कभी ऐसे मसलों पर काफी विलंब से न्यायिक दिशा-निर्देश प्राप्त हुए, जिसके बाद कानून बनने में भी अपेक्षाकृत देरी ही हुई। लेकिन विषमता भरे कानूनों से जुड़े आज भी कुछ ऐसे सवाल हैं, जो या तो किसी से समक्ष उठाए नहीं गए हैं, या फिर उनपर संसद से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक 'खामोश' हैं। सवाल है कि आखिर ऐसा क्यों, किसके लिए और कब तक? मेरी राय में समान नागरिक संहिता पर अमल सुनिश्चित किया जाना ही उन सभी उलझे हुए सवालों का एक सर्वमान्य जवाब हो सकता है, यदि संविधान के सभी प्रमुख स्तंभ कोई किंतु-परंतु न करें तो। आखिरकार उन्हें यह समझना चाहिए कि किसी भी लोकतंत्र की आत्मा स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व के सिद्धांत में वास करती है। लेकिन जब किसी राजनीतिक दल अथवा उनके समूहों द्वारा अल्पमत से बहुमत की प्राप्ति के लिए इन्हीं सर्वमान्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों का गला घोंटा जाता है, या फिर उससे तरह-तरह के समझौते किए जाते हैं तो लोकतांत्रिक बात बिगड़ने लगती है।

दुनिया का सबसे बड़ा और सर्वाधिक सफल लोकतंत्र समझा जाने वाला भारत इसका एक दिलचस्प उदाहरण करार दिया जा सकता है। जहां पर एक समान नागरिक संहिता के बजाय जाति, धर्म, लिंग, भाषा या क्षेत्र आदि के आधार पर अलग-अलग कानून बने हुए हैं। खास बात यह कि सम्बंधित पक्ष ऐसे कानूनों के पक्ष में तर्क-कुतर्क देते हैं। इससे प्रबुद्ध वर्ग की अंतरात्मा समेत पूरे लोकतंत्र की आत्मा कलुषित होती है। देखा जाए तो यहां पर ऐसे ऐसे विभिन्न दबाव समूह सत्ता पर हावी होने की कोशिश करने लगे हैं, जिनका लोकतंत्र से दूर-दूर तक का कोई वास्ता नहीं है, बल्कि वे विशेष सामाजिक-धार्मिक समूहों से जुड़े गुट तंत्र के महज पालक, पोषक और प्रोत्साहक प्रतीत होते हैं। इसलिए उनके अगर-मगर के सिद्धांतों से कहीं न कहीं नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व का सिद्धांत भी प्रभावित होता है।

सच कहूं तो इनके 'संसर्ग' से विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका का एक हिस्सा भी प्रभावित हो चुका है, क्योंकि विदेशों में बैठे इनके 'संरक्षक' भारत सरकार या राज्य सरकारों को अपने प्रभाव में लेने के लिए रणनीतिक रूप से इनका सदुपयोग-दुरुपयोग करते हैं। कहना न होगा कि यदि ऐसे दबाव समूह की हर बात मान ली जाए तो देर सबेर लोकतंत्र की मूल भावना ही नष्ट हो जाएगी। ऐसे दबाव समूहों के चलते ही भारतीय संविधान पारस्परिक विरोधाभासों से भर गया। यही नहीं, स्वतंत्र भारत में भी इन्हें सन्तुष्ट करने के लिए कुछ संवैधानिक संशोधन किए गए या फिर कुछ नए कानून बनाए गए, जिससे भारतीयों के बीच पारस्परिक वैमनस्यता बढ़ी।

सच कहा जाए तो गुलाम भारत की तरह ही आजाद भारत में भी वर्ष 1967 से ऐसे दबाव समूह देश व उसके विभिन्न सूबों की सियासत में दखल देने लगे, जिनकी पराकाष्ठा वर्ष 1977 तक दिखाई देने लगी थी। और फिर वर्ष 1989 तक स्थिति इतनी जटिल हो गई कि समस्त राष्ट्र ही दिशाविहीन हो गया। उसके बाद से ही ऐसे दबाव समूहों की अधिनायकवादी प्रवृत्ति सत्ता पर हावी होने लगी, जिससे उस वंशवादी लोकतंत्र और वंशवादी दलतंत्र को फलने-फूलने का मौका मिला, जिसमें राजतंत्र के तमाम दुर्गुण महसूस किये गए, जो अब भी जारी है। सवाल है कि जिस देश में हरेक नागरिक को रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान की गारंटी आजादी के 75 साल बाद भी नहीं दी जा सकी है, वहां पर ऐसे ऊल-जुलूल सवालों पर क्यों न्यायपालिका और सिविल प्रशासन का समय और धन जाया किया जाए। मीडिया क्यों इन पर बहस को बढ़ावा दे और सियासतदानों द्वारा उनपर क्षुद्र राजनीति की जाए। दुर्भाग्यवश ऐसा हो रहा है। इससे सिविल और न्यायिक प्रशासन पर कार्यभार भी बढ़ रहा है और पारस्परिक विरोधाभास भी।

आज कोई भी यह बात मानने को तैयार ही नहीं है कि वैश्वीकरण और भूमंडलीकरण के बाद लागू हुई नई आर्थिक नीतियों के परिप्रेक्ष्य में आम आदमी की प्राथमिकताएं बदल चुकी हैं। अब लोग-बाग रोटी, कपड़ा और मकान; शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान से आगे की बात सोचने लगे हैं। उन्हें यह आभास हो चुका है कि समकालीन दौर तकनीकी युग है।

औद्योगिक क्रांति के बाद सूचना क्रांति ने सबकुछ बदलकर रख दिया है। उस पर आधारित डिजिटल तकनीक अब सबकी आवश्यकता बन चुकी है, क्योंकि इसने सभ्यता-संस्कृति के हर रंग-ढंग को गहरे तक प्रभावित किया है। इसलिए हमें शासित करने वालों को यह सोचना होगा कि समकालीन लोकतंत्र को कबीलाई जातीय सोच या फिर मध्ययुगीन धार्मिक सोच के सहारे जैसे-तैसे हांका तो जा सकता है, लेकिन आम लोगों का व्यापक भला नहीं किया जा सकता। लोगों को वोट के बदले फ्री में उपहार देने से बेहतर होगा कि हर हाथ को काम दिया जाए। इसमें बाधक साबित हो रहे दकियानूसी कानूनों को बदला जाए। एक राष्ट्र, एक कर प्रणाली यानी जीएसटी की पैरोकारी की गई, उसी प्रकार से समान नागरिक संहिता को लागू करके यहां पर एक अरसे से जड़ जमा चुकी पारस्परिक वैमनस्यता को दूर किया जाए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

# सस्ती बिजली

**नागेन्द्र सिंह**

**सरकारी** बयान के अनुसार, इस स्थिति में राज्य सरकार ने पारंपरिक ऊर्जा प्रणाली, ताप और पन बिजली पर निर्भरता कम करने की दिशा में तेजी से आगे कदम बढ़ाया है। इसकी मुख्य वजह ताप और पनबिजली के जरिये बिजली उत्पादन में आने वाले भारी-भरकम खर्च से बचना और प्रदूषण के बढ़ते स्तर को कम करना है। इससे उद्योग जगत के साथ साथ प्रदेशवासियों को भी सस्ती बिजली मिल सकेगी। बयान के अनुसार, यहां एक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सबसे अहम भूमिका बिजली की होगी। सरकार की नीतियों को देखते हुए विदेश के साथ देश के विभिन्न राज्यों के निवेशक यहां पर बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए आ रहे हैं। ऐसे में औद्योगिक गतिविधियों को चलाने के लिए बिजली की मांग काफी बढ़ जाएगी। सौर ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए राज्य सरकार नई उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 भी लेकर आई है, जिसके तहत सौर ऊर्जा को बढ़ाने के लिए कई तरह की रियायतें दी गई हैं। राज्य सरकार सौर ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रदेश में 18 सौर शहरों (सोलर सिटी) का निर्माण करेगी, जिसमें पहले चरण में नोएडा और अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि इन सोलर सिटी से प्रदेश में कुल बिजली उत्पादन का 10 प्रतिशत बिजली उत्पादन सौर से किया जाएगा। साथ ही इसे साल दर साल बढ़ाया जाए ताकि निवेशकों के साथ प्रदेशवासियों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा सके। सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने के लिए बुंदेलखंड क्षेत्र में सौर पार्क का निर्माण तेजी से चल रहा है। वहां एक सौर पार्क बनाया जा रहा है, जिससे रोजाना 4,000 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। विभिन्न जिलों में सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए हरित गलियारे बनाए जाएंगे। सौर पार्क के पहले चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं आपूर्ति के लिए बने बिजली फीडर से सौर ऊर्जा की आपूर्ति की जाएगी। सिंचाई के लिए इस्तेमाल होने वाले पंप पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होंगे।

सीएम हेमंत सोरेन आजकल कहते घूम रहे हैं, की केंद्र यदि उन्हें 1 लाख 36 हजार करोड़ का बकाया देता, तो 500 रुपये में मिलता गैस सिलेंडर, पेंशन की रकम होती 2500 रुपये और युवाओं को मिलते 10 हजार रुपये। अचानक मांग के आधार पर 'देता तो देते' स्कीम के बजाय यदि कोई निवेश स्कीम घोषित करें तो बात जमे। **- महेश पोद्दार पूर्व सांसद**

## रोचक ट्वीट

**मनुष्य** जीवन दुर्लभ है,जिसकी संसिद्धि स्वस्थ्य तन मन द्वारा ही संभव है।आरोग्यता जीवन धन है। वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास की महत्ता के प्रकाशन हेतु
**-स्वामी अवधेशानंद गिरी**





कोडरमा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कोडरमा जिले के पंचायत-माधोपुर, प्रखण्ड सतगांवा पहुंची मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी !मोदी सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने किया स्वागत, मनाया उत्सव! **- अन्नपूर्णा देवी**

# बिना धन के अमीर

## धर्म-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**आप** आश्चर्य करेंगे कि क्या बिना पैसा के भी कोई धनवान हो सकता है ? लेकिन सत्य समझिए इस संसार में ऐसे अनेक मनुष्य हैं जिनकी जेब में एक पैसा नहीं है या जिनकी जेब ही नहीं है, फिर भी वे धनवान हैं और इतने बड़े धनवा- कि उनकी समता दूसरा कोई नहीं कर सकता। जिसका शरीर स्वस्थ है, हृदय उदार है और मन पवित्र है, यथार्थ में वहीं धनवान है। स्वस्थ शरीर चांदी से कीमती है, उदार हृदय सोने से मूल्यवान है और पवित्र मन की कीमत रत्नों से अधिक है।

लार्ड कालिंगवुड कहते थे- 'दूसरों को धन के ऊपर मरने दो, मैं तो बिना पैसे का अमीर हूं। क्योंकि मैं जो कमाता हूं, नेकी से कमाता हूं।' सिसरो ने कहा है-- मेरे पास थोड़े से ईमानदारी के साथ कमाये हुए पैसें हैं, परन्तु वे मुझे करोड़पतियों से अधिक आनन्द देते हैं। दधीचि, वशिष्ठ, व्यास, बाल्मीकि, तुलसीदास, सूरदास, रामदास, कबीर आदि बिना पैसे के अमीर थे, वे जानते थे कि मनुष्य के लिए आवश्यक भोजन मुख द्वारा ही अन्दर नहीं होता और न जीवन को आनन्दमय बनाने वाली सब वस्तुयें पैसे से खरीदी जा सकती हैं। ईश्वर ने जीवन रूपी पुस्तक के प्रत्येक पृष्ठ पर अमूल्य रहस्यों को अंकित कर रखा है, यदि हम चाहें, तो उनको पहचान कर जीवन को प्रकाश पूर्ण बना सकते हैं। एक विशाल हृदय और उच्च आत्मा वाला मनुष्य झोंपड़ी में भी रत्नों की गरमाहट पैदा करेगा। जो सदाचारी है और परोपकार में प्रवृत्त है, वह इस लोक में भी धनी और परलोक में भी। (विश्व गायत्री परिवार)

## कॉर्टून वर्ल्ड

धन और न्याय का हिस्सा



# संसद में फैलाए गए पीले धुएं का काला सच क्या है?

## सामयिक

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**22 बरस** पहले आतंकियों के दिए जख़्म प्रत्येक 13 दिसंबर को हरे हो जाते हैं। कल गनीमत ये समझें कि यह घटना पीले धुएं तक सीमित रही। सरकार इस घटना को हल्के में कतई न ले। साजिशकताओं की बुने एक-एक जालों की पहचान की जानी चाहिए। इससे जुड़े हर सवाल का जवाब तलाशना होगा। हमें यह पक्के तौर पर जानना होगा कि उनका मकसद सिर्फ दहशत फैलाना था या कुछ और। चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था में कहां चूक हुई, इसकी सख्त समीक्षा की जरूरत है।

बहरहाल, हाल ही में बनकर तैयार हुई संसद अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बतायी जाती है। लेकिन बुधवार को जिस अंदाज में घटना हुई, उससे साफ है कि साजिश के तार बहुत लंबे थे। इस साजिश के आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा। पर, लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी ये उसकी पुनरावृत्ति तो नहीं? या फिर उसके पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किए सुनिश्चित हो।

एक थ्योरी ये समझ में नहीं आती, आखिर शीतकालीन सत्र को चले कई दिन हो चुके हैं। पर, हरकत संसद हमले की बरसी के दिन ही क्यों होती है। आखिर किसके इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन संसद अटैक-2 का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी, उसे खींचकर बाहर निकालना होगा। प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और है। जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं, संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चिंत और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा, मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती है। संसद के चप्पे-चप्पे पर पहरा है। इंसानी सुरक्षा तंत्र से अगर कोई चूक भी हो जाए, तो पूरी बिल्डिंग तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों से लैस है। कोई संदिग्ध क्या, परिंदा भी पर नहीं मार सकता। पर, सुरक्षा के इन तमाम दावों पर संसद सदस्यों को एतबार नहीं रहा। क्योंकि उन सभी को धता बताते हुए आरोपित विजिटर बनकर आसानी से भीतर घुस गए और अपने मंसूबों को अंजाम दे दिया।

गनीमत ये समझें कि घटना के दौरान आरोपितों के हाथ में सिर्फ स्मोक बम ही थे, अगर असलहा वगैरा होता तो वो इस्तेमाल भी कर सकते थे। क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र की आंखों में धूल झोंक कर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। जबरदस्त सुरक्षा पहरे को चकमा देकर स्मोक बम फेंक कर संसद के भीतर आरोपित अफरातफरी मचा देते हैं। बाकायदा विजिटर बनकर संसद की कार्यवाही देखने पहुंचे हैं। दर्शक दीर्घा में करीब चार-पांच घंटे बिताते हैं और लंच से पहले अचानक छलांग लगाकर सांसदों की कुसियों तक जाते हैं। पीले रंग का ह्यस्मोक बमह्व फोड़ देते हैं।

नारेबाजी करते हैं। ये पूरा वाकया तकरीबन चालीस से पैंतालीस मिनट तला। सुरक्षाकर्मियों के पहुंचने से पहले दो सांसद हनुमान बेनीवाल और मलूक नागर हिम्मत दिखा कर उन्हें दबोचते हैं और उन्हें सुरक्षा कर्मियों के हवाले करते हैं।

शुरूआती पूछताछ में एक आरोपित ने अपना नाम सागर सरना बताया है और मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिन्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। वो झूठ बोल रहा है या सच? ये जानने के लिए उसका नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए।

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा के साथ संस्कार

**रिश्तों** में विश्वास बहुत जरूरी है। रिश्तों को मधुर बनाने में कोशिश दोनों ओर से होनी चाहिए। अतः रिश्तों में नम्रता, गंभीरता व सहनशीलता जरूरी है। रिश्तों को निभाना नहीं, जीना होता है। समझदारी व आत्म-संयम द्वारा ही हल किया जा सकता है। अतः माता-पिता को बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना चाहिए। संतान के जीवन का निर्माण करना, माता-पिता का उत्तरदायित्व है।

**-गजानन पाण्डेय, रांची**

### मूल्यों का ह्रास

**हाल** ही के दिनों में आत्मीय कहे जाने वाले रिश्तों में बेरहमी से हुई हत्या ने हर संवेदनशील व्यक्ति को व्यथित किया है। इनके पीछे आत्मीय रिश्तों की गरिमा को न समझना और भावना शून्य होना प्रमुख कारण है। संयुक्त परिवारों का टूटना, मूल्यों का ह्रास होना भी ऐसी वीभत्स घटनाओं को जन्म देता है। आध्यात्मिकता से परे जाना, ईश्वर में विश्वास न होना और गलत कार्यों के परिणाम से भयरहित होना। **-रवि सिंह, रातू**

# सरदार पटेल: एकीकृत भारत के निमार्ता

## स्मृति दिवस

योगेश कुमार गोयल

राष्ट्रीय एकता के प्रति सरदार पटेल की निष्ठा आजादी के इतने वर्षों बाद भी पूरी तरह प्रासंगिक है। एकता की मिसाल कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल गुजरात के नाडियाद में एक किसान परिवार में 31 अक्तूबर 1875 को जन्मे थे, जिन्होंने सदैव देश की एकता को सर्वोपरि माना। सरदार पटेल ने भारत को खण्ड-खण्ड करने की अंग्रेजों की साजिश को नाकाम करते हुए बड़ी कुशलता से आजादी के बाद करीब 550 देशी रियासतों तथा रजवाड़ों का एकीकरण करते हुए अखण्ड भारत के निर्माण में सफलता हासिल की थी। राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए स्वतंत्र भारत को एकजुट करने का असाधारण कार्य बेहद कुशलता से सम्पन्न करने के लिए जाने जाते रहे सरदार पटेल का देहांत दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसम्बर 1950 को 75 वर्ष की आयु में हो गया था। इस दिन को प्रतिवर्ष सरदार पटेल स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश के पहले गृहमंत्री और पहले उप-प्रधानमंत्री रहे सरदार पटेल का भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए अविस्मरणीय योगदान रहा।

सरदार पटेल ने लंदन से वकालत की पढ़ाई पूरी कर अहमदाबाद में प्रैक्टिस शुरू की थी। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से अत्यधिक प्रेरित हुए और इसीलिए उन्होंने गांधी जी के साथ भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में हिस्सा लिया। वे भाई-भतीजावाद की राजनीति के सख्त खिलाफ थे और ईमानदारी के ऐसे पर्याय थे कि उनके देहांत के बाद जब उनकी सम्पत्ति के बारे में जानकारियां जुटाई गई तो पता चला कि उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। वह जो भी कार्य करते थे, पूरी ईमानदारी, समर्पण, निष्ठा और हिम्मत से साथ पूरा किया करते थे। उनके जीवन से जुड़े कई ऐसे प्रसंग सामने आते हैं, जो इस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल प्रशासक के जीवन को समझने में सहायक हैं।

वल्लभ भाई पटेल वकालत की पढ़ाई करने के लिए सन 1905 में इंग्लैंड जाना चाहते थे लेकिन पोस्टमैन ने उनका पासपोर्ट और टिकट उनके भाई विठ्ठल भाई पटेल को सौंप दिए। दोनों भाइयों का शुरूआती नाम वी.जे. पटेल था, ऐसे में बड़ा होने के नाते उस समय विठ्ठल भाई ने स्वयं इंग्लैंड जाने का निर्णय लिया। वल्लभ भाई पटेल ने बड़े भाई के निर्णय का सम्मान करते हुए न केवल बड़े भाई को अपना पासपोर्ट और टिकट दे दिया बल्कि इंग्लैंड में रहने के लिए उन्हें कुछ धनराशि भी भेजी। सरदार पटेल उन दिनों भारतीय लेजिस्लेटिव असेंबली के अध्यक्ष थे। असेंबली के कार्यों से निवृत्त होकर एक दिन जब वे घर के लिए निकल ही रहे थे, तभी एक अंग्रेज दम्पत्ति वहां पहुंचा, जो विदेश से भारत घूमने के लिए आया था। सरदार पटेल सादे वस्त्रों में रहते थे और उन दिनों उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। अंग्रेज दम्पत्ति ने इस वेश में देखकर उन्हें वहां का चपरासी समझ लिया और असेंबली में घुमाने के लिए कहा। सरदार पटेल ने बड़ी ही विनम्रता से उनका यह आग्रह स्वीकार करते हुए उन्हें पूरे असेंबली भवन में घुमाया। इससे खुश होकर दम्पति ने सरदार पटेल को बख्शीश में एक रुपया देने का प्रयास किया लेकिन सरदार पटेल ने अपनी पहचान उजागर न करते हुए विनम्रतापूर्वक लेने से इनकार कर दिया। अगले दिन जब असेंबली की बैठक हुई तो वह अंग्रेज दम्पत्ति लेजिस्लेटिव असेंबली की कार्यवाही देखने के लिए दर्शक दीर्घा में पहुंचा और सभापति के आसन पर बढ़ी हुई दाढ़ी तथा सादे वस्त्रों वाले उसी शख्स को देखकर दंग रह गया।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### राम-जानकी मंदिर जीर्णोद्धार को ले रिभर साईड भुरकुंडा में श्रद्धालुओं की हुई बैठक


बैठक में उपस्थित श्रद्धालु भक्त।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित राम-जानकी मंदिर निर्माण व जिर्णोद्धार को लेकर शुक्रवार को क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पाण्डेय और संचालन सीसीएल सौंदा मुखिया अभय सिंह ने किया। बैठक में मंदिर निर्माण कार्य, साफ-सफाई, मंदिर का सुंदरीकरण सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान भुरकुंडा रिवर साइड सौंदा दोमुहानी नदी स्थित राम-जानकी मंदिर निर्माण का कार्य कैसे पूरा होगा इस पर लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। बताया गया की मंदिर निर्माण कराने को लेकर श्रद्धालुओं की रविवार को 11 बजे पुनः बैठक होगी। मौके पर जयप्रकाश पांडेय, फुलेंद्र सिंह, कुलेंद्र सिंह, राज कुमार सिंह, अमीत कुमार सिंह, दुर्गेश, संतन, रविन्द्र सिंह, धीरज सिन्हा सहित पूर्व की कमेटी और नये कमेटी के कई लोग मौजूद थें।

### सबों को एक सूत्र में पिरोकर आजसू को और मजबूत बनाऊंगा : इमरोज खान


चंद्रप्रकाश चौधरी के साथ इमरोज खान।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सुंदरनगर भुरकुंडा निवासी सह आजसू नेता इमरोज खान को पार्टी का केंद्रीय सदस्य बनाया गया है। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने इमरोज खान को केंद्रीय सदस्य बनाते हुए आशा जताई है की इनके नेतृत्व में पार्टी और तेजी से मजबूत होगी। मनोनयन पर इमरोज खान ने कहा है की पार्टी ने मुझपर जो भरोसा जताया है, उसपर खरा उतरकर आजसू को और मजबूत बनाने का कार्य करूंगा। उन्होंने कहा की इस बार बड़कागांव विधानसभा से हर हाल में रौशनलाल चौधरी को जिताने का कार्य हम सभी कार्यकर्ता करेंगे। इमरोज ने अपने मनोनयन पर सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, आजसू के केंद्रीय महासचिव रौशनलाल चौधरी व रामगढ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी के प्रति आभार प्रकट किया है।

### इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा प्रबंधन कमेटी का चुनाव आज

**रामगढ़।** राज्यपाल सचिवालय झारखंड रांची के कार्यालय पत्रांक 1937/रा स दिनांक 13-06-2023 के आलोक में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ जिला शाखा का पुर्नगठन कर प्रतिवेदन मांगी गई है। जिसके आलोक में उपायुक्त सह अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ द्वारा 16 दिसंबर को पूर्वाहन 11:00 बजे जिला शाखा का पुर्नगठन करने के लिए तिथि निर्धारित की गई है। इसलिए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा रामगढ़ के सभी सरंक्षक सदस्यों को आजीवन सदस्यों से अनुरोध किया गया है की वे इसके लिए 16 दिसंबर को पूर्वाहन 11:00 बजे समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय जिला प्रबंधन कमेटी का चुनाव किया जाना है उसमें शामिल हों। जो मतदाता हैं वे शामिल होकर 15 सदस्यीय प्रबंधन कमेटी के चुनाव में मदतान में भाग लें और इसे सफल बनाएं।

### रोटरी क्लब व ओंकार डिवाइन मिशन का मोतियाबिंद जांच शिविर 24 को : प्रवीण शर्मा


रोटेरियन प्रवीण शर्मा।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा और ओंकार डिवाइन मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 24 दिसंबर को भुरकुंडा बाजार स्थित भारत मेडिकल हॉल में मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने कहा की क्लब अपने सामाजिक दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा की यह शिविर जरूरतमंदों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। श्री शर्मा ने क्षेत्रवासियों से 24 दिसंबर को ससमय भारत मेडिकल हॉल पहुंचकर उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### श्री राम मंदिर के उद्घाटन के दिन सरकारी छुट्टी घोषित करे सरकार: शशिकांत सिंह


नेता शशिकांत सिंह।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साईड भुरकुंडा निवासी सह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नेता शशिकांत सिंह ने भगवान श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर आगामी 22 जनवरी 2024 को सरकारी छुट्टी घोषित करने की मांग सरकार से की है। इस बावत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नेता शशिकांत सिंह ने प्रेस बयान जारी कर आग्रह पूर्वक 22 जनवरी को सरकारी छुट्टी घोषित कर इस दिन को ऐतिहासिक बनाने की मांग सरकार से की है।

### दोतल्ला पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के बीच स्वेटर का हुआ वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र शिवनगर बीटीटीआई एवं दुंदुवा में शुक्रवार को बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा दोनो आंगनबाड़ी केंद्रों में 41 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि ठंड के बढ़ते प्रकोप के कारण सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ रहे तमाम बच्चों के लिए स्वेटर की व्यवस्था की गई है। सरकार बच्चों के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके दैनिक जरूरी आवश्यकताओं को भी समय-समय पर पूरा कर रही है। उन्होंने कहा की बच्चे देश के भविष्य हैं इनका पालन-पोषण व पठन-पाठन में किसी प्रकार की कमी या दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, सहायिका शकुंतला देवी, मीरा देवी सहित दर्जनों अभिभावक व नन्हे-मुन्ने बच्चे मौजूद थें।

# आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में 467 आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता


शिविर में शामिल लोग।

**कटकमसांडी।** शुक्रवार को रेबर पंचायत भवन में आयोजित आपकी योजना आपके द्वार आपकी सरकार कार्यक्रम में इच्छुक जरुरतमंदों ने 467 आवेदन जमा किए, जिसमें तीन आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गई।कार्यक्रम की शुरूआत सांख्यिकी पदाधिकारी जेवियर मिंज, बीडीओ वेदवंती कुमारी, सीओ अनिल कुमार, बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, मुखिया कलावती देवी, बीसीईओ शौकत सरवर व डा. भूषण राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में सैकड़ो जरुरतमंद लोगों ने अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की लाभ प्राप्ति के लिए शिविर में कुल से 467 आवेदन जमा किए, जिसमें तीन आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गई। कार्यक्रम में बीपीएल परिवारों के बीच सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी व धोती, असहाय वृद्धों के बीच कंबल व किशोरियों के बीच लाडली योजना के तहत चेक का वितरण किया गया। जबकि सीएचसी की ओर से मरीजों के स्वास्थ्य जांच की भी व्यवस्था की गई। साथ ही कृषि व पशुपालन, भूमि राजस्व, बाल विकास, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, केसीसी, वृद्धापेंशन व सामाजिक सुरक्षा व निःशक्तता के आवेदन जमा किए गए। स्कूली छात्र छात्राओं के बीच साइकिल खरीदगी का चेक वितरित की गई। शिविर को सफल बनाने मे टीवीओ मो. मजहरुल हसन, बीएओ अनिराम महतो, बीटीएम अनिकेत टुडुवार, 15 वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक बिट्टू वर्मा, समन्वयक रिंकू कुमार, बीडब्ल्यूओ रामचंद्र यादव, मनोज कुमार, एमटीएस सुरेंद्र कुमार, नीतीश कुमार सहिया साथी रुख्साना खातुन व सहिया दीदियों ने महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### देवरियाखुर्द के प्रांगण में वार्षिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


क्विज में भाग लेने वाली छात्राएं।

**केरेडारी।** गुरुवार को केरेडारी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवरियाखुर्द के प्रांगण में वार्षिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी बड़कागांव दीपक कुमार ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यालय आकर पूरे क्विज प्रतियोगिता को बारीकी से देखा, परखा व मार्गदर्शन भी किया। इतना ही नहीं इन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन से प्रभावित होकर 500-500 रुपये का नगद इनाम भी दिया। तथा उन्होंने कहा विद्यालय परिवार ने ब्च्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर एक सराहनीय कार्य किया है इससे दूसरे विद्यालय को भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। इससे बच्चों के बीच बौद्धिक विकास तेजी से होता है। यहां सामान्य ज्ञान व पाठ्यपुस्तक पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे दामोदर हाउस से अतहर रजा व अजमल अंसारी विजेता बने। जबकि प्रतियोगिता में बेलतु, गरीखुर्द व देवरिया कला विद्यालय के बच्चे भी ऑडियंस राउंड में शामील होकर प्रश्नों का सही जबाब दिया, पुरस्कार भी हासिल की।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय सचिव संजय कुमार ने किया जबकि बच्चों को हौसला बढ़ाने के लिये बारियातु पंचायत की मुखिया नीतू कुमारी, उच्च विद्यालय बेलतू के प्रधानाध्यापक राम दुलार राम, सहायक शिक्षक नीरज कुमार पाल, महावीर राम, सुंदर लाल साव, गरीखुर्द प्राथमिक विद्यालय के मोहम्मद अयूब अंसारी, झनकू जी, प्राथमिक विद्यालय देवरियाकला के बृजेश कुमार, मध्य विद्यालय बरियातू से विकास कुमार, गरीकला संकुल के सीआरपी दिलीप प्रजापति, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र यादव, समस्त सदस्यगण एवं अभिभावकगण मौजूद थे।

### किशोरी राणा ने किया गरीब-असहाय के बीच कंबल वितरण


कंबल वितरण करते किशोरी राणा।

**हजारीबाग।** प्रखंड के कटकमसांडी प्रखंड में नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने दर्जनों गांव में गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया इस दौरान श्री राणा ने कहा कि हमारे संस्था नव झारखंड फाउंडेशन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंबल वितरण कर रही है और आगे करती भी रहेगी उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए कंबल काफी लोगों तक नहीं पहुंच पाता है जिससे गरीब लोग वंचित रह जाते हैं बेबस लोगों के बीच कंबल का वितरण करना हमारा मुख्य उद्देश्य है ताकि लोगो को इस कप कपाती ठंढ से लोगो को राहत मिल सके उन्होंने कहा कि नव झारखण्ड फाउंडेशन पिछले दस वर्षो से गरीब लोगो के प्रति सजग है और आगे भी रहेगी। साथ में शिवम पाण्डेय, रंजन सिंह, सतीश पाण्डेय आदि ग्रामीणों का भी योगदान रहा।

### आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को गर्म कपड़ा प्रदान किया गया


स्वेटर प्रदान करते हुए।

**मांडू।** मांडू चट्टी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों में शुक्रवार को मांडू चट्टी पंचायत मुखिया अनीता देवी द्वारा बच्चों को स्वेटर प्रदान किया गया।

- 23 बच्चों को स्वेटर दिया गया।
- मांडू चट्टी आजाद मोहल्ला 17 आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका फरहाना परवीन द्वारा 18 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया।
- मांडू चट्टी आंगनबाड़ी केंद्र सेविका जमुरत खातून द्वारा 16 बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया।

इस अवसर पर मोहम्मद मोबीन, योगेश्वर महतो, सुरेंद्र गुप्ता, बालेश्वर भुईयां, उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### छह साल से शौचालय में रह रहा है दलित समाज का सहदेव

- घर नहीं रहने के कारण बीबी-बच्चों ने भी छोड़ा साथ
- सब खाली बोलय हथून, कोई घरवा नय दिलैयथून: सहदेव

रौशन सिन्हा


शौचालय जिसमें रहता है सहदेव।

**दारू।** केंद्र सरकार हर गरीब को पक्का मकान दिलाने का सपना दिखा रही है, तो दूसरी ओर राज्य की हेमंत सरकार अबुआ आवास का खूब प्रचार-प्रसार कर रही है। लेकिन इस दोनो सरकारों के दावे कितने खोखले साबित होते हैं इसकी अगर एक बानगी देखनी है तो आप दारू प्रखंड के मेढकुरी पंचायत के जमुआ गांव के एक दलित की हालात देख आइए। वहां आपको सहदेव नाम का एक दलित, गरीब, बेबस लाचार ग्रामीण मिलेगा जो छह वर्षो से सरकारी बने 6 बाई 6 फीट के बने शौचालय में रहने को विवश है। ना इसके पास दलित राजनीति करने वाले नेता पहुंचे हैं और ना ही सरकार का कोई मुलाजिम। सहदेव किसी तरह मजदूरी कर अपना गुजर बसर कर रहा है। इसी शौचालय में उसका रसोईघर भी है साथ ही एक चादर बिछा कर वह यहीं पर अपनी रातें भी गुजारता है। टीन का एक टूटा फूटा दरवाजा लगा हुआ है जिसमें चारों तरफ से हवा आती है इस ठंड में उसकी रातें ठिठुरते हुए गुजरती है। जब खबर मन्त्र संवाददाता ने उसकी स्थिति की जानकारी ली तो उसने रोते हुए बताया कि उसका मिट्टी का घर था। जिसमें वह अपने बीबी बच्चों के साथ मेहनत मजदूरी करके हंसी खुशी पूर्वक रह रहा था। पर मिट्टी का घर जर्जर होने के बाद गिर गया। जिस कारण उसके परिवार को रहने में परेशानी होने लगी। यहां कोई साधन नहीं रहने के कारण उसकी पत्नी छह वर्ष पूर्व बच्चों को लेकर अपने माईके ढाढा देवकुली प्रखंड इचाक चली गई। अपने बीबी बच्चों के दूर जाने के बाद वह छह साल से इसी शौचालय में रह रहा है। आवास के लिए उसने दारू प्रखंड मुख्यालय के दर्जनों चक्कर लगाए, मुखिया से मिला, ग्रामीणों से मदद करने की मिन्नत किया पर कहीं से भी उसे मदद नहीं मिली। उसने कहा कि यदि उसे आवास मुहैया करा दिया जाए तो बीबी- बच्चे वापस आ जाएंगे। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व मुखिया कामेश्वर मेहता ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने का वादा किया था पर उसका कार्यकाल खत्म हो गया। अब नए मुखिया भोला तूरी भी उसे आश्वासन ही दे रहे हैं। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत मेडकुरी पंचायत भवन में शिविर लगा था लेकिन वह उसमे भी आवास के लिए आवेदन नहीं दे पाया। उसे बताया गया की उसका आवास स्वीकृत हो गया है इसलिए उसने आवेदन नहीं किया। सहदेव कहता है कि का जाने की होतो, सब खाली बोलय हथून कोई घरवा आज तक नय दिलैयथून।

# देवरिया व चिकोर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- गोदभराई, मुहजुट्ठी आदि रस्म हुए पूरे, विभिन्न विकास योजनाओं की दी गई जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता


दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।


2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने का शपथ लेते ग्रामीण।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत देवरिया व चिकोर गांव में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। देवरिया में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ धर्मजीत खेरवार, सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी, मुखिया विकास नायक, उप मुखिया जितेंद्र मुंडा, पूर्व मुखिया राजेंद्र मुंडा, नोडल अधिकारी अनिल कुमार, बीईओ शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह व आरबीआईसीएफएल पतरातू को-ऑर्डिनेटर पम्मी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक योगेश दांगी ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओ व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से डॉक्टर द्वारा दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिय गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मजीत खेरवार ने गोद भराई व मुहजुट्ठी की रस्म पूरी की। इस दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी, पीएम आवास, हर घर जल योजना, पीएम कुसुम, पीएम मुद्रा, केसीसी योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य योजना का ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया। साथ ही मुर्गी-बकरी पालन, राशन दुकान आदि के जरिये ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दर्जनों ग्रामीणों का मुद्रा लोन के लिए फार्म भरा गया। मौके पर मुख्य अतिथि धर्मजीत खेरवार उपस्थित लोगों को कार्यक्रम के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की सभी ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। जब तक सही से योजनाओं का क्रियान्वन नही होगा हम विकसित नहीं हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगो में जागरूकता लाना है। साथ ही वंचित, शोषित, गरीब, दलित वर्ग जो छूट गए हैं, उनतक बिना भेदभाव, जाति-धर्म से अलग उठकर प्रधानमंत्री के योजनाओ का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम के अंत में संकल्प लिया गया की 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने की दिशा में हमसभी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। मौके पर रमेश कुशवाहा, रवि कुमार, जल सेवक जितेंद्र प्रसाद, जेई प्रवीण कुमार, विकास पटेल, उषा देवी, चमेली देवी, नीलम कुमारी, सत्येंद्र मुंडा, प्रीतम कुमार, बिहारी मांझी, सरिता देवी, स्नेहा कुमारी, रेखा देवी, फुलमनी देवी, यशोदा देवी, कमला देवी, सुनीता देवी, शोभा देवी, सावित्री देवी, पिंकी देवी, नीतू देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## एक नजर में

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन


कार्यक्रम में अधिकारी व बच्चे।

**टाटीझरिया।** प्रखंड के डुमर पंचायत भवन के पास में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का अध्यक्षता मुखिया ममता कुमारी एवं संचालन कृषि पदाधिकारी सुधीर राय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख संतोष मंडल, जिप सदस्य रामप्रसाद, बीस सुत्री अध्यक्ष रवि सिंह, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, उपेंद्र पांडेय, पंसस शांति शर्मा उपस्थित हुए। शिविर में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, मनरेगा, श्रम, जेएसएलपीएस, आंगनबाड़ी समेत अन्य का स्टॉल लगाया गया था। शिविर में डुमर पंचायत के डुमर, कोल्हु, बेडम, सिझु, बन्हे समेत अन्य गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए। शिविर में विभिन्न स्टॉलों में कई आवेदन आए। शिविर मे मुखिया प्रतिनिधि सुजीत रजक, उपमुखिया मुकेश मंडल, सोनु पांडेय, पंकज मंडल, अशोक प्रसाद, एम ओ आलोक कुमार, बीपीओ अफरोज अख्तर, सोनु सिंह, डिलेश्वर प्रसाद, कृपाशंकर पांडेय, डेलो साव उपस्थित थे।

### मृतक के परिजनों को दी सहायता राशि

**टाटीझरिया।** पिछले दिनों अमनारी निवासी महेश पांडेय की असामयिक मृत्यु हो गई थी। उनके वृद्ध पिता कौलेश्वर पांडेय भी अस्वस्थ्य हैं, उनके घर की आर्थिक स्थिति दयनीय है। इसे देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने मिलकर 26 हजार रुपए जमा किए। 15 दिसंबर दिन शुक्रवार को महेश पांडेय की पत्नी मंदोदरी देवी को सहयोग की राशि 26 हजार रुपए और 60 किलो आटा दिया गया। मौके पर टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल, मिथिलेश कुमार पाठक, पंकज पांडेय, कैलासपति सिंह, राजू यादव, महेश अग्रवाल, उपेंद्र पांडेय, पंकज मंडल, पप्पू पांडेय, राजेंद्र पांडेय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का किया आयोजन


विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते।

**बरही।** श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के बीच विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।अध्यनरत छात्रों में कक्षा 4 से 10 तक के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।इस बाबत विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि इस आयोजन के पीछे बच्चों के बौद्धिक ज्ञान का विकास करना है।जिसमे बच्चों को मात्र किताबी कीड़ा बनकर नही रहना है, बल्कि अपनी प्रतिभा को पहचानकर कुछ विशेष करने की योग्यता को जानना।जिसमे स्कूल के छोटे बच्चे, विशेषकर नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और कक्षा 1 और 2 के छात्रों को विज्ञान के अनुसंधान और नए विचारों से परिचित कराना था। इसलिए, इस प्रदर्शनी में इन्ही कक्षाओं के छात्रों को मुख्य दर्शक बनाया गया। प्रदर्शनी के दौरान, विज्ञान मॉडल बनाने वाले छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स को समझाते हुए सभी नन्हें दर्शकों को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान कई मॉडल प्रस्तुत किए गए जिसमें हाउस सिक्योरिटी, स्मार्ट सिटी, एग्रीकल्चरल सिक्योरिटी, मेटल टेस्टर, मिरर नंबर रिफ्रेक्शन, पेरिस्कोप, स्मोक रिमूवर, विंड वील, इलेक्ट्रिक सर्किट, चंद्रयान 3, लाइट सेंसर, थमोकील मिनिएचर हाउस, और पावर हाउस जैसे मॉडल ने छोटे बच्चों को आकर्षित करने में कामयाब रहें। स्कूल के साइंस टीचर अमरजीत पांडे ने बताया कि इस प्रदर्शनी ने छात्रों को, न केवल विज्ञान में रुचि बढ़ाने का एक मंच प्रदान किया, बल्कि उन्हें नए और नोवेल विचारों को समझने के लिए भी प्रेरित की है। उन्होंने कहा कि आने वाले साल के पहले हफ्ते में हम इस प्रदर्शनी को बड़े पैमाने पर आयोजित करेंगे, ताकि इसमें और भी बच्चे शामिल हो सकें।

### विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन कर सेवा प्राधिकार के उद्देश्य के बारे में जागरूक किया गया

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ की ओर से विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन कर लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के उद्देश्य के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीबिता गिनी सिविल जज एसआर रामगढ़, प्रमुख द्रोपदी देवी, बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, सीओ दीपक मिंज, बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की न्याय दिलाने के लिए विधिक सेवा सदैव तैयार है। वही ग्रामीण जनता को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्य एवं उद्देश्य के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ कुमार विवेक ने किया। कार्यक्रम में पंचायत सेवक नेमचंद करमाली, सिकंदर अंसारी, सुमित कुमार, बिनोद करमाली, सोभिक मंडल, प्रखंड समन्वयक कमल साव, पंसस सतीश कुमार, पंसस प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, कर्मचारी मनोज कुमार, रोजगार सेवक महेंन्द्र नायक, दीपक कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर गणेश महतो, राजु शर्मा, आँगनबाड़ी सेविका समेत कई लोग उपस्थित थे। इधर, बीडीओ ने मौजूद लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही योग्य लाभुकों को दिलाने की अपील की। वही मौजूद अथितियों ने जरूरतमंद लोगों के बीच जॉब कार्ड एव कंबल का भी वितरण किया।

### माँ कामख्या इंटरप्राइजेज में स्थानीय विस्थापित एव प्रभावित को रोजगार देना होगा: नईम अंसारी

**रजरप्पा।** रजरप्पा विस्थापित विकास मंच का 7वां स्थापना दिवस समारोह श्रमिक क्लब रजरप्पा प्रोजेक्ट में मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि मंच के अध्यक्ष नईम अंसारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव शिवचरण महतो उपस्थित थे। स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत द्वीप प्रज्जवलित कर की। इस मौके पर मुख्य अथिति नईम ने कहा कि माँ कामख्या इंटरप्राइजेज में स्थानीय ग्रामीणों को नियोजन देने में आनाकानी कर रही है। उन्हें स्थानीय विस्थापित एव प्रभावित को रोजगार देना होगा। रोजगार के लिए मंच लड़ाई लड़ेगी।उन्होंने कहा कि कंपनी मनमानी बंद कर ग्रामीणों को नियोजन दे। वही सचिव ने कहा कि झारखंड में भरपूर खनिज संपदा होने के बाद भी युवकों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। मंच उनके रोजगार के लिए संघर्ष करेगा। कंपनी 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार देना होगा। इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर हसीबुल्लाह, मोजाहिद आलम, इस्लाम अंसारी, सबीर, नकुल राम, नाजिर अंसारी, नौशाद अंसारी, मो. सनावर, तनवीर आलम, अयाज शेख, सयूब अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे। इधर, कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नईम अंसारी, उपाध्यक्ष नाजिर अंसारी, सचिव शिवचरण महतो, उप सचिव नकुल महतो, कोषाध्यक्ष रकीब अंसारी, मिडिया प्रभारी सुनील करमाली बनाए गए।

# गूगल पर निर्भर होते जा रहे हैं छात्र, सामान्य ज्ञान हो रहा कमजोर

-उमेश चतुर्वेदी



**उन** छात्रों से जब सामान्य ज्ञान या समकालीन विषयों से कुछ सवाल पूछा तो उनका एक ही जवाब था, सर, गूगल तो है ना..अंतर इतना था कि किसी की आवाज धीमी रही तो किसी को थोड़ी तेज। मुझे करीब आठ साल पहले का एक वाकया याद आ गया।

हाल ही में एक बड़े सरकारी मीडिया संस्थान में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों से मुखातिब होने का मौका मिला। संस्थान ने योजना शुरू की है..इंटर्नशिप के लिए आए छात्रों को हर हफ्ते कुछ सत्र विषय विशेषज्ञों से मिलाना और उनका व्याख्यान कराना। इसी सिलसिले में मुझे भी बुलावा मिला। मेरी एक आदत है। मीडिया के छात्रों से मिलते ही उनकी पढ़ाई-लिखाई के साथ ही उनके पसंदीदा अखबार-पत्रिका, टीवी कार्यक्रम आदि की जानकारी प्राप्त करना मेरी आदत में शुमार है। लगे हाथों कुछ सामान्य ज्ञान और समकालीन विषयों से जुड़ी जानकारियों को लेकर पूछताछ भी कर लेता हूं। सो, इस बार भी वैसा ही किया। मीडिया के छात्रों के जवाब आश्चर्यजनक रहे। किसी की आदत में अखबार पढ़ना शामिल नहीं था। ना अंग्रेजी का, ना ही हिंदी का। यहां यह जान लेना होगा कि इंटर्नशिप कर रहे छात्रों में तकरीबन पूरे भारत का प्रतिनिधित्व था। इलाहाबाद, मोतिहारी, बेंगलुरू, मुंबई, भोपाल, चंडीगढ़ जैसी जगहों के एक-एक या दो-दो छात्र थे। दिल्ली के एक प्रतिष्ठित महिला कॉलेज की छात्रा भी इंटर्न के उस समूह में शामिल थी। बेंगलुरू वाले छात्र तो वहां के एक प्रतिष्ठित कॉलेज से थे, जो अब डीम्ड यूनिवर्सिटी बन गया है। किसी को नियमित रूप से अपने इलाके के अखबार पढ़ने की आदत नहीं थी। किसी खबरिया चैनल का कोई प्रोग्राम भी उनका पसंदीदा नहीं था। अलबत्ता सभी मीडिया के ही छात्र थे।

उन छात्रों से जब सामान्य ज्ञान या समकालीन विषयों से कुछ सवाल पूछा तो उनका एक ही जवाब था, सर, गूगल तो है ना..अंतर इतना था कि किसी की आवाज धीमी रही तो किसी को थोड़ी तेज। मुझे करीब आठ साल पहले का एक वाकया याद आ गया। तब मैं एक टीवी चैनल का मध्यक्रम का पत्रकार था। शुरूआती स्तर के लिए पत्रकारों की जरूरत थी। इसलिए उन दिनों दिल्ली के कुछ छात्रों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। साक्षात्कार के दौरान एक लड़की से जब सामान्य जानकारी से जुड़े कुछ सवाल पूछे गए तो उनका वह जवाब तक नहीं दे पाई। वह भी दिल्ली के किसी प्रतिष्ठित कॉलेज की छात्रा रह चुकी थी। जब उसके कॉलेज की प्रतिष्ठा की याद दिलाई गई तो उसने तपाक से जवाब दिया था, सर गूगल है न..जरूरत पड़ी तो उससे किसी भी सवाल का जवाब पूछ सकते हैं।

पत्रकारिता के प्रोफेशन में आने वाले लोगों से उम्मीद की जाती है कि उनका सामान्य ज्ञान, उनकी भाषा और उनकी सोच औरों से बेहतर होगी। बेशक वे किसी एक विषय के अगाध विद्वान ना हों, लेकिन कम से बुनियादी स्तर का उनके पास बाकियों की तुलना में ज्यादा ज्ञान होगा। लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। उनसे उम्मीद की जाती है कि कम से कम दो या दो से ज्यादा अखबार वे नियमित रूप से पढ़ेंगे। टेलीविजन के किसी विशेष चैनल आदि के समाचार आधारित कार्यक्रम जरूर देखेंगे। लेकिन अब ऐसे हालात नहीं रहे। वैसे तो टेलीविजन चैनल देखकर आप अपना सामान्य ज्ञान उस स्तर तक अपडेट नहीं कर सकते, जैसे अखबार पढ़कर या किसी वेबसाइट को पढ़कर। टेलीविजन चैनल तो चमत्कार, कुकुरझौंझ और हंगामे के प्रतीक बन चुके हैं। तमाशा कल्चर उनका प्रमुख तत्व है। रही बात आज के दिग्गज यू ट्यूबरों की, तो वे पत्रकार कम, पक्षकार ज्यादा है। उनकी अपनी पसंद और ना पसंद उनके यू ट्यूब चैनल पर हावी रहती है।

आज कल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की खूब चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि इससे पत्रकारिता की नौकरियां खत्म हो जाएंगी। लेकिन सवाल यह है कि इस स्थिति को लाने में क्या पत्रकारिता का योगदान नहीं है? निश्चित तौर पर इसका भी योगदान है और इसके सबसे बड़ी वाहक बनी है पत्रकारिता की शिक्षा और समाचार चैनलों की सौंदर्यशास्त्रीयता से युक्त कुकुरझौंझ। तकनीक और संचार के विकास ने पत्रकारिता की दुनिया को आसान बनाया है। लेकिन यह आसानी बढ़ते-बढ़ते मेधा को पंगु करने तक पहुंच गई है। एक तरह से अब इंटरनेट पर निर्भरता बढ़ गई है। यह निर्भरता अब कक्षाओं में भी दिखने लगी है। जिन कक्षाओं में फोन रखना संभव है, उन कक्षाओं में अध्यापक या प्रोफेसर का व्याख्यान शुरू हुआ नहीं कि छात्र गूगल कर खोल बैठ जाते हैं और प्रोफेसर के ज्ञान को सर्च इंजन में डाल जांचने लगते हैं।

पत्रकारिता के छात्रों को पढ़ाने के अवसर मुझे अक्सर मिलते रहते हैं। लेकिन मैं छात्रों से उस वक्त कड़ाई से पेश आता हूं। सबका फोन बंद करा देता हूं, इस सुझाव के साथ कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी को नोट करें और उसकी सत्यता की जांच बाद में करें। कक्षा में व्याख्यान के साथ गूगल को चलाने से छात्र कक्षा में अपना ध्यान नहीं लगा पाता और अध्यापक का भी ध्यान भंग होता है। तकनीक का विस्तार पूरी दुनिया में हुआ है। संचार क्रांति भी पूरी दुनिया में आई है। लेकिन जिन्हें अब विकसित देश मानते हैं, जो समृद्धि में हमसे कोसों आगे हैं, जिन्होंने ज्ञान आधारित समाज बनाया है, वहां कक्षाओं में फोन और गूगल पर बंदिश है। लेकिन हमारी व्यवस्था ठहरी अति लोकतांत्रिक, अगर ऐसी बंदिशें यहां लगाई जाएं तो सोशल मीडिया के दौर में हंगामा हो सकता है, सवाल उठ सकता है। ऐसे में छात्र भला क्यों ध्यान लगाने लगे। वे फिर कहेंगे ही, गूगल तो है ना।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं

# प्रमुख निजी स्कूलों का प्रबंधन कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए स्कूल खोलेगा

**मसूरी** इंटरनेशनल स्कूल सोसाइटी, गुरु नानक एकेडमी सोसाइटी, एमपी सिंह फाउंडेशन, दून इंटरनेशनल एजुकेशनल सोसायटी, संत कबीर एजुकेशनल सोसायटी और कैंब्रियन हॉल एजुकेशनल ट्रस्ट को इस पहल में शामिल किया गया है।

उत्तराखंड सरकार ने बिना संसाधन वाले विद्यार्थियों के लिए स्कूल खोलने के लिए राज्य के प्रमुख निजी स्कूलों के प्रबंधन के साथ करार किया है। स्कूली शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि इस संबंध में उन निजी स्कूलों के प्रबंधन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिनके पास पहले से ही राज्य में अपने संस्थान हैं, लेकिन उनकी पहुंच केवल शहरी क्षेत्रों के छात्रों के सीमित वर्गों तक है।

उन्होंने बताया कि चिल्ड्रेन्स एकेडमी एसोसिएशन, एशियन चैरिटेबल सोसाइटी, ट्राइलिंग्विल अकादमी सिंगापुर, ट्राइलिंग्विल किड्स अकादमी, पेस्टल वीड कॉलेज, ओबेरॉय एजुकेशन ट्रस्ट, मसूरी इंटरनेशनल स्कूल सोसाइटी, गुरु नानक एकेडमी सोसाइटी, एमपी सिंह फाउंडेशन, दून इंटरनेशनल एजुकेशनल सोसायटी, संत कबीर एजुकेशनल सोसायटी और कैंब्रियन हॉल एजुकेशनल ट्रस्ट को इस पहल में शामिल किया गया है।

निश्चित तौरपर यह कदम देश की शिक्षा की दिशा में एक बड़ा महत्वपूर्ण कदम है। इससे जहां समाज में समरसता बढ़ेगी वहीं देश में शैक्षणिक विकास होगा।

# स्वदेशी रोजगार एवं व्यापार की आत्मा है

भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का स्वदेशी एक महत्वपूर्ण आन्दोलन, सफल रणनीति व राष्ट्रीय दर्शन है। स्वदेशी का अर्थ है- अपने देश का, अपने देश में निर्मित। इस रणनीति का लक्ष्य ब्रिटेन में बने माल का बहिष्कार करना तथा भारत में बने माल का अधिकाधिक प्रयोग करके साम्राज्यवादी ब्रिटेन को आर्थिक हानि पहुँचाना व भारत के लोगों के लिये रोजगार सृजन करना था। यह ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने और भारत की समग्र आर्थिक व्यवस्था के विकास के लिए अपनाया गया साधन था। आज आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये स्वदेशी-दर्शन के बल पर भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संकल्पबद्ध है। उपनिवेशी मानसिकता से मुक्त होकर, अपने देश में जो है उसको युगानुकूल बनाते हुए, ह्यस्वह्न आधारित स्व-देशी विकासपथ अपनाने की उनकी मुहीम का प्रभाव है कि हम अब सैन्य उपकरण तक आयात नहीं, बल्कि निर्यात करने की स्थिति में है। स्वदेशी कोई रूढ़िवाद नहीं, बल्कि रोजगार, व्यापार एवं संस्कृति की आत्मा है। 12 दिसंबर 1930 भारत के स्वदेशी आंदोलन का अत्यंत महत्वपूर्ण दिन बना, इसे आज भी स्वदेशी दिवस के रूप में याद किया जाता है।

लोकमान्य गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी के स्वदेशी अपनाने का आह्वान और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आंदोलन से प्रेरित होकर विदेश वस्त्रों से भरी लारी को रोकते हुए बाबू गेनू शहीद हो गए। अंग्रेजों की हुकूमत देश को आर्थिक रूप से लूट रही थी। अंग्रेज कपास, रेशम, पटसन व लोहा आदि कच्चे माल को भारत से विदेश ले जाते और लंदन से माल लाकर महंगे दामों पर बेचते। अंग्रेजों की इस कुटिल अर्थनीति को विफल करने के आन्दोलन में बाबू गेनू ने पूरी शक्ति से भाग लिया। देशप्रेम की भावना के वशीभूत होकर कभी-कभी सामान्य सा दिखायी देने वाला व्यक्ति भी बहुत बड़ा काम कर जाता है। ऐसा ही बाबू गेनू के साथ हुआ। एक बार उनका एक बैल पहाड़ी से गिर कर मर गया। इस पर बड़े भाई ने उसे बहुत डांटा। इससे दुखी होकर गेनू मुम्बई आकर एक कपड़ा मिल में काम करने लगा। उसी मिल में उसकी माँ कोंडाबाई भी मजदूरी करती थी। उन दिनों देश में स्वतन्त्रता का संघर्ष छिड़ा था। स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग तथा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आन्दोलन जोरों पर था। 22 वर्षीय बाबू गेनू भी इस आन्दोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। मिल के अपने साथियों को एकत्र कर वह आजादी एवं स्वदेशी का महत्व बताया करते थे। 26 जनवरी, 1930 को ह्यसम्पूर्ण स्वराज्य माँग दिवसह्न आन्दोलन में बाबू गेनू की सक्रियता देखकर उन्हें तीन महीने के लिए जेल भेज दिया, पर इससे बाबू के मन में स्वतन्त्रता प्राप्ति की चाह और तीव्र हो गयी। 12 दिसम्बर, 1930 को मिल मालिक मैनचेस्टर से आये कपड़े को मुम्बई शहर में भेजने वाले थे। जब बाबू गेनू को यह पता लगा, तो उसका मन विचलित हो उठा। उसने अपने साथियों को एकत्र कर हर कीमत पर इसका विरोध करने का निश्चय किया। 11 बजे वे कालबादेवी स्थित मिल के द्वार पर आ गये। धीरे-धीरे पूरे शहर में यह खबर फैल गयी। इससे हजारों लोग वहाँ एकत्र हो गये। यह सुनकर पुलिस भी वहाँ आ गयी।

कुछ ही देर में विदेशी कपड़े से लदा ट्रक मिल से बाहर आया। उसे सशस्त्र पुलिस ने घेर रखा था। गेनू के संकेत पर घोण्डू रेवणकर ट्रक के आगे लेट गया। इससे ट्रक रुक गया। जनता ने ह्यवन्दे मातरम्ह्न और ह्यभारत माता की जयह्न के नारे लगाये। पुलिस ने उसे घसीट कर हटा दिया, पर उसके हटते ही दूसरा कार्यकर्ता वहाँ लेट गया। बहुत देर तक यह क्रम चलता रहा। यह देखकर अंग्रेज पुलिस सार्जेण्ट ने चिल्ला कर आन्दोलनकारियों पर ट्रक चढ़ाने को कहा, पर ट्रक का भारतीय चालक इसके लिए तैयार नहीं हुआ। इस पर पुलिस सार्जेण्ट उसे हटाकर स्वयं उसके स्थान पर जा बैठा। यह देखकर बाबू गेनू स्वयं ही ट्रक के आगे लेट गया। सार्जेण्ट की आँखों में खून उतर आया। उसने ट्रक चालू किया और बाबू गेनू को रौंद डाला। सब लोग भौंचक रह गये। सड़क पर खून ही खून फैल गया। गेनू का शरीर धरती पर ऐसे पसरा था, मानो कोई छोटा बच्चा अपनी माँ की छाती से लिपटा हो। उसे तत्क्षण अस्पताल ले जाया गया पर उसके प्राण पखेरू तो पहले ही उड़ चुके थे। इस प्रकार स्वदेशी के लिए बलिदान देने वालों की माला में पहला नाम लिखाकर बाबू गेनू ने स्वयं को अमर कर लिया। तभी से 12 दिसम्बर को ह्यस्वदेशी दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है।

इस प्रकार बाबू गेनू के बलिदान दिवस को पूरे देश में स्वदेशी दिवस के रूप में मनाया जाता। स्वदेशी उत्पाद उचित दाम के साथ लाभकारी सिद्ध होते है। स्वदेश की चीजों अपनाने से हमारा धन हमारे ही देश में रहता है एवं हमारे उत्पादों को बल मिलता है, इससे हमारी आर्थिक स्थितियां मजबूत होती है, व्यापार एवं उद्योग को बल मिलता है। विदेशी वस्तुओ और कंपनियों का सामान खरीद कर हम धीरे-धीरे अपने देश का पैसा बाहर भेज रहे हैं और चीन जैसे देश इसी से आर्थिक महाशक्ति बने हुए है। भारत की अर्थव्यवस्था विदेशी कंपनियों की गुलाम बन रही है, इससे बचने का एक मात्र उपाय है स्वदेशी प्रचार। अपने जीवन में जितना संभव हो सके स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वदेशी का ये भाव सिर्फ विदेशी कपड़े के बहिष्कार तक ही सीमित नहीं था, बल्कि ये हमारी आर्थिक आजादी का बहुत बड़ा प्रेरक था। आज उनके आह्वान पर ह्यवोकल फॉर

# 77 वर्षों से बच्चों के कल्याण के लिए प्रयासरत है यूनिसेफ



**विश्वभर** में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है।

यूनिसेफ की स्थापना को आज 77 वर्ष हो चुके हैं और इन 77 वर्षों में यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। प्रतिवर्ष 11 दिसम्बर को बच्चों के कल्याण के लिए यूनिसेफ दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1946 में यूनिसेफ की स्थापना द्वितीय युद्ध में प्रभावित बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से ही की गई थी लेकिन अब यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण के लिए कार्यरत है। वर्तमान में यूनिसेफ के कार्यकर्ता दुनियाभर के 190 से भी अधिक देशों में बच्चों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। भारत में इस संस्था ने वर्ष 1949 में कार्य करना प्रारंभ किया था। बाल विकास और पोषाहार, बाल संरक्षण, शिक्षा, बाल पर्यावरण, पोलियो उन्मूलन, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, बच्चे और एड्स, सामाजिक नीति, नियोजन, निगरानी एवं मूल्यांकन, हिमायत और भागीदारी, आचरण परिवर्तन संदेश, आपात स्थिति तैयारी और कार्रवाई जैसे क्षेत्रों पर यूनिसेफ का मुख्य फोकस रहता है।

विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। नोबेल पुरस्कार दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर यूनिसेफ का कार्य और तेज हो गया। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यूनिसेफ की शिक्षा इकाई के कारण ही वर्ष 2006 तक विश्वभर में करीब 12 मिलियन बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल वापस जा सके। यूनिसेफ बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए आपात स्थितियों में कार्रवाई करता है और युद्ध, आपदा, घोर गरीबी, हर प्रकार की हिंसा और शोषण तथा विकलांगता से पीड़ित सर्वाधिक वंचित बच्चों के लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तबाह हुए देशों के बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा 11 दिसम्बर 1946 को न्यूयार्क में यूनिसेफ की स्थापना की गई थी। विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए वर्ष 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। वर्ष 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थायी हिस्सा बन गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग के अलावा यूनिसेफ द्वारा दुनियाभर में मौजूद अनेक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के साथ मिलकर बच्चों को पानी, स्वच्छता, इंफेक्शंस आदि के लिए कैम्पैन चलाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में नवजात बच्चों के टीकाकरण के लिए तीन बिलियन से भी अधिक टीके प्रदान किए जाते हैं। यूनिसेफ की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण हेतु कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, राजनीतिक विचारधारा इत्यादि के आधार पर भेदभाव नहीं करती। यह संस्था करीब 50 देशों में एचआईवी/एड्स से बचाव की लड़ाई में निरन्तर कार्यरत है।

यूनिसेफ का 36 सदस्यों का कार्यकारी दल इसके कार्यों की देखरेख करता है, इसकी नीतियां बनाता है तथा यूनिसेफ के वित्तीय एवं प्रशासनिक योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान करता है। यूनिसेफ का अधिकांश कार्यक्षेत्र 190 देशों अथवा क्षेत्रों में मौजूद है। 150 से अधिक देशों के कार्यालय, मुख्यालय और यूनिसेफ के नेटवर्क से जुड़े अन्य कार्यालय तथा 34 राष्ट्रीय समितियां मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से यूनिसेफ के मिशन को पूरा करते हैं। सात क्षेत्रीय कार्यालय आवश्यकतानुसार सभी देशों में स्थित कार्यालयों को तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं। वर्तमान में यूनिसेफ फंड एकत्रित करने के लिए विश्वस्तरीय एथलीट और टीमों की सहायता लेता है। इस संस्था का वित्त पोषण विभिन्न सरकारों तथा निजी दानदाताओं द्वारा किया जाता है।

# जरूरी है ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरुकता



केपी सिन्हा



ऊर्जा मंत्रालय से संबद्ध ऊर्जा दक्षता ब्यूरो हर साल 14 दिसंबर को ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में देश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन करता है। ब्यूरो ने वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया था। दरअसल दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है। दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है।

ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरुकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरुकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाइट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है।

अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आई.एस.आई. चिह्नित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, एसी, हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचंड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे।

सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है, वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है।

प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बबार्दी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा। देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि ऊर्जा चाहे किसी भी रूप में हो, वह उसे व्यर्थ में नष्ट न करे। अपने और आने वाली पीढ़ियों के सुखद भविष्य के लिए हमें अपने व्यवहार में ऊर्जा संरक्षण की आदतों को शामिल करना ही होगा।

# दिव्यांग से दुष्कर्म के दोषी को 12 वर्ष सश्रम कारावास

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के नवलशाही थाना कांड संख्या 8/2023 एसटी 64/2023 शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को दोषी 32 वर्षीय रणजीत कुमार उर्फ रंजीत ठाकुर पिता टुकन ठाकुर नवलशाही निवासी को 12 वर्ष सश्रम



कारावास की सजा सुनाई है। 30 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**क्या है मामला :** युवती की मां ने थाना को दिए बयान में कहा था कि उसकी बेटी के पेट में दर्द होने पर वह डॉक्टर के पास लेकर गई तो पता चला कि वह 5 महीने की गर्भवती है। तब से इसका इलाज करा रहे हैं, मगर उसे लगातार पूछने के बाद भी वह कुछ बता नहीं रही थी। 10 अक्टूबर 2022 को ऑपरेशन से सदर अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया। कई बार अपनी बेटी से पूछते रही, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। कुछ दिन पहले बताई कि जब यह सुबह जंगल तरफ बाथरूम करने जाती थी तब बगल का लड़का रंजीत कुमार पिता टुकन ठाकुर ने कई बार जंगल में उसके साथ बलात्कार किया।

# सिमरिया की पांच महत्वपूर्ण सड़कों का जीर्णोद्धार कार्य शुरू

**सिमरिया।** प्रखंड के पांच महत्वपूर्ण सड़कों के जीर्णोद्धार वचौड़ीकरण को लेकर संवेदक जयप्रकाश सिंह की उपस्थिति मे शुक्रवार को पूजा अर्चना की गयी। सबानो से केंदु भवानी मठ तक के सड़क की पूजा पश्चिमी जिप सदस्य देवनंदन साव और रोल से दुवारी, राजेश द्वार से पचफेडवा, तेतरमोड से डाडी और चौथा से पथलकुदवा तक के सड़क का पूजा अर्चना पूर्वी जिप सदस्य रोहनी देवी द्वारा कर कार्य प्रारंभ किया गया।

# 40 करोड़ की लागत से होगा दो सुदूरवर्ती सड़कों का निर्माण : मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**मिथिलेश ठाकुर ने कहा विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, नहीं रुकेगी विकास की रफ्तार**

**गढ़वा।** जिले 40 करोड़ रुपए की लागत से दो सुदूरवर्ती अति महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। लगभग 59 किलोमीटर लंबी इन सड़कों के निर्माण की पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक व राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल गढ़वा के तहत 18 करोड़ 9 लाख 11 हजार 300 रुपए की लागत से भंडरिया से टेहरी वाया बड़गड़ 26 किलोमीटर सड़क तथा 21 करोड़ 21 करोड़ 92 लाख 49 हजार 700 रुपए की लागत से लगभग 33 किमी चिनिया, रणपुरा, खुथुवा मोड़ सड़क का 5.5 मीटर कैरिजवे के साथ राइडिंग क्वालिटी में सुधार किया जाएगा। यह सड़क एनएच 343 का वैकल्पिक मार्ग है। यह छत्तीसगढ़ राज्य को भी जोड़ती है। श्री ठाकुर ने कहा कि यह दोनों सड़कें जिले के अति सुदूरवर्ती क्षेत्रों से गुजरती हैं। उनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी थी। इन सड़कों के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। छत्तीसगढ़ जाना काफी आसान हो जाएगा। इससे समय के साथ-साथ ईंधन की भी बचत होगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा विकास की रफ्तार पकड़ चुका है। विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, गढ़वा की विकास की रफ्तार रुकने वाली नहीं है।

## खबर एक नजर में

### मरकच्चो में 'सरकार आपके द्वार' के तहत शिविर लगा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र डगरनवां पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास व धोती, साड़ी, लुंगी वितरण में था।

### 27 को कोडरमा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (अल्पसंख्यक विभाग) अनवर अहमद अंसारी का कोडरमा परिसदन में आगमन हुआ। उन्होंने कहा कि 27 दिसंबर को कोडरमा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक होगी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, झारखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर आदि शामिल होंगे।

### 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सतगावां प्रखंड अंतर्गत ईटाय, चंदवारा प्रखंड अंतर्गत बडकीधमराय, जयनगर प्रखंड अंतर्गत घरौंजा एवं मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत डगरनवां पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बीडीओ व स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने आमजनों की समस्यों को जाना और समस्याओं का ऑन दा स्पॉट निष्पादन हुआ।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत नईटांड में गर्म कपड़े का वितरण लक्ष्मण यादव ग्राम नईटांड पिता शंकर यादव के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में लरियाडीह पंचायत के 6 गांव (नईटांड, गरायांडीह, अनंतडीह, गहराई, लरियाडीह एंव वृंदा) से 50 असहाय, दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े और मिठाई का वितरण किया गया।

### कोडरमा जिले में तापमान में भारी गिरावट

**कोडरमा।** जिले में रोज तापमान में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। इस कारण ठंड बढ़ गयी है। ठंड के कारण लोग गर्म कपड़े का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन के द्वारा चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

### अक्षत कलश पहुंचा मरकच्चो

**मरकच्चो (कोडरमा)।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले देश भर में उत्सव का माहौल है। इस बीच अक्षत कलश गुरुवार शाम को मरकच्चो स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचा। वहीं अयोध्या से आए ये अक्षत कलश अलग-अलग गांवों में जाएंगे और सबको राम मंदिर दर्शन के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

### किसानों ने लगाया घोटाला करने का आरोप

**चतरा।** जिले के पत्थलगडा प्रखंड क्षेत्र के किसान सिंगल विंडो सेंटर पत्थलगड़ा परिसर में शुक्रवार को आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी दौरान प्रखंड के किसानों ने प्रशिक्षण का विरोध करते हुए कहा कि सिर्फ यहां पर मिली भगत करके सारे बीजों को किसी दूसरे जगह खपाया जाता है। कहा कि बीटीएम राजीव रमन के द्वारा हमेशा प्रखंड में बीजों का घोटाला किया जाता है। पत्रकारों ने जानकारी मांगी तो राजीव रमन ने जवाब देने से इंकार कर दिया।

### मारपीट को लेकर दो अलग-अलग मामले दर्ज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गांधी स्कूल रोड मास्टर मोहल्ला में बीती रात रास्ते को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। उसके बाद दोनों पक्ष घायल अवस्था में थाना पहुंचे एवं दोनों ने अलग-अलग मामला दर्ज कराया। प्रथम पक्ष संगीता सिंह पति अमोल कुमार सिंह ने जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष प्रेम कपूर पिता कैलाश प्रसाद यादव ने आठ लोगों पर छेड़खानी, मारपीट एवं जेवर छीनने का आरोप लगाया गया है।

### अवैध ढिबरा लदा वाहन जब्त, एक गिरफ्तार

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास रोड में शुक्रवार की सुबह एसडीओ संदीप कुमार मीणा के नेतृत्व में अवैध ढिबरा लोड 709 वाहन को जब्त किया गया। इस दौरान उन्होंने चालक एवं वाहन पर सवार एक व्यक्ति करमा निवासी धानु साव पिता कारू साव को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### भवनाथपुर में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय के अरसली दक्षिणी पंचायत के मजुराही स्थित फॉरेस्ट क्वार्टर मैदान में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ नंदजी राम, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

### गढ़वा जिला अंतरविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित होनी वाली 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता शनिवार से गोविंद हाई स्कूल के मैदान में शुरू होगी। उद्घाटन एसपी दीपक कुमार पांडेय और डीडीसी राजेश कुमार राय करेंगे।

### मझिआंव में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में आये 1482 आवेदन

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के सुखनदी पंचायत से सटे नाग बाबा घुटघुरी परिसर में बीडीओ विजय राम के नेतृत्व में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कुल 1482 आवेदन जमा किये गये।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**रमना।** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के कार्यालय कर्मी रमना के टंडवा निवासी शिव कुमार सिंह पिता स्व. शिव मंडिल सिंह (40 वर्ष) की मौत सड़क दुर्घटना में गुरुवार की देर रात्रि हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भवनाथपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**भवनाथपुर।** सड़क दुर्घटना में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर भवनाथपुर पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। इसी अभियान के तहत चपरी पंचायत भवन में शुक्रवार को पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों के साथ बैठक कर सड़क सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट लगाकर ही चलाएं, इसके अलावा नाबालिक बच्चों को बाइक चलाने के लिए ना दें।

### भवनाथपुर में सड़क दुर्घटना में एक घायल

**भवनाथपुर।** टाउनशिप-भवनाथपुर मुख्य पथ स्थित रेलवे साइडिंग के समीप लूना से टक्कर में अरसली उत्तरी निवासी देवकी पासवान घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### जरूरतमंद लोगों में कंबल वितरित

**कुंदा (चतरा)।** मरगड़ा पंचायत मुखिया उपेन्द्र पासवान ने वृद्ध व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मुखिया ने बताया कि बढ़ते कड़ाके की ठंढ व कनकनी को देखते हुए पंचायत क्षेत्र के गरीब,असहाय व जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किये हैं।

### अवैध परिवहन करते दो वाहन जब्त, प्राथमिकी

**चतरा।** जिले के टंडवा कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत खनिज संपदा के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध शुक्रवार को चतरा खनन निरीक्षक राजेश हांसदा ने टंडवा का दौरा कर औचक निरीक्षण किया। खनिज संपदा की अवैध खनन और परिवहन करते हुए चिप्स का एक हाईवे तथा बालू का एक ट्रैक्टर खनन निरीक्षक के द्वारा अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। बताया गया कि गाड़ी के चालक तथा मलिक एवं अन्य लोगों के विरुद्ध टंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

### चतरा में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति तथा अस्पताल प्रबंधन समिति एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से गर्भवती महिला का एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, सिजेरियन, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, हीमोग्लोबिन जांच आदि के संदर्भ में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

**इटखोरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के माननीय सचिव महोदया प्रज्ञा बाजपाई के निर्देशानुसार शुक्रवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय इटखोरी में चित्रांकन, निबंध और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रांकन में प्रथम वर्षा कुमारी, द्वितीय नीलिमा कुमारी, तृतीय दृष्टि कुमारी, निबंध में प्रथम अजमेरी खातून, द्वितीय जस्मीन प्रवीण, तृतीय साक्षी कुमारी तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम सानिया कुमारी, द्वितीय सृष्टि कुमारी, तृतीय प्राची कुमारी आयीं।


स्थानीय सूचना
प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

संख्या-959/भू0अ0 दिनांक-13/12/2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम-बगडो थाना-डोमचॉच, थाना सं0-310, अंचल-डोमचॉच, जिला-कोडरमा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा बगडो से महेशपुर चौक भाया मसमोहना सड़क चौडीकरण निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-बगडो थाना-डोमचॉच, थाना सं0-310, अंचल-डोमचॉच, जिला-कोडरमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-2.828 एकड़ यानि-1.144 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है.........

मौजा-बगडो थाना नं0-310, थाना-डोमचॉच, अंचल-डोमचॉच, जिला-कोडरमा।

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 102 | 3217 | रैयती | बाद | 0.0410 | शैतलाल यादव पिता- स्व0 नीरो यादव वो खतुना खातुन पति- स्व0 हनीफ | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-4832 | प्लॉट नं0-3218 |
| 2 | 102 | 3218 | रैयती | बाद | 0.0200 | बालेश्वर साव वो संतोष साव वो सकल देव साव पिता- शीतल साव वो सलीम मियां पिता- इसाक मियां | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3217 | प्लॉट नं0-3219 |
| 3 | 102 | 3219 | रैयती | चौरा-भीठा | 0.0220 | सहदेव यादव वो रीतलाल यादव वो कोकिल यादव वो बालदेव यादव पिता- स्व0 नीरो यादव वो मसो0 द्रोपति पति- स्व0 एतवारी यादव | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3218 | प्लॉट नं0-3220 |
| 4 | 102 | 3220 | रैयती | चौरा-भीठा | 0.0070 | राजु यादव पिता-स्व0 मथुरा यादव | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3219 | प्लॉट नं0-3253 |
| 5 | 102 | 3253 | रैयती | चौरा-भीठा | 0.0150 | राजु यादव पिता-स्व0 बुन्दी यादव | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3220 | प्लॉट नं0-3254 |
| 6 | 102 | 3254 | रैयती | चौरा-भीठा | 0.0170 | राजु यादव पिता- मथुरा यादव | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3253 | प्लॉट नं0-3255 |
| 7 | 102 | 3256 | रैयती | चौरा-भीठा | 0.0070 | मसो0 बिन्दवा पति- स्व0 तुलसी यादव वो सहदेव यादव वो रीतलाल यादव वो कोकिल यादव वो बालदेव यादव पिता- स्व0 नीरो यादव वो महेश यादव पिता-स्व0 कुबन यादव वो किशुन यादव पिता-मेघो यादव | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3254 | प्लॉट नं0-3257 |
| 8 | 102 | 3257 | रैयती | चौरा-भीठा | 0.0210 | मसो0 बिन्दवा पति- स्व0 तुलसी यादव वो सहदेव यादव वो रीतलाल यादव वो कोकिल यादव वो बालदेव यादव पिता- स्व0 नीरो यादव | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3256 | प्लॉट नं0-3264 |
| 9 | 102 | 3264 | रैयती | चौरा-भीठा | 0.0070 | राजु यादव पिता- मथुरा यादव | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3257 | प्लॉट नं0-3265 |
| 10 | 102 | 3265 | रैयती | चौरा-भीठा | 0.0130 | जागेश्वर यादव वो लाखो यादव पिता- स्व0 माधो यादव | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3264 | प्लॉट नं0-3266 |
| 11 | 102 | 3266 | रैयती | टांड | 0.0050 | महेन्द्र यादव वो अर्जुन यादव पिता-प्रयाग यादव वो गीता देवी पति-स्व0 रामेश्वर यादव | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3265 | प्लॉट नं0-3267 |
| 12 | 91 | 3324 | रैयती | परती कदीम | 0.1320 | मो0 इनुस वो मो0 सकुर पिता-स्व0 सबदर अली वो गिरधारी लाल पिता- भैरो लाल वो मदन पाण्डेय पिता- स्व0 भोला पाण्डे वो महेन्द्र यादव वो अर्जुन यादव पिता-स्व0 प्रयाग यादव वो गीता देवी पति-स्व0 रामेश्वर यादव वो शिबु यादव वो सरयु यादव पिता-स्व0 लीलधारी यादव वो राजेन्द्र यादव वो विजय यादव पिता-स्व0 सहदेव यादव वो जागेश्वर यादव वो लक्ष्मण यादव पिता-माधो महतो | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3268 | प्लॉट नं0-3332 |
| 13 | 12 | 3332 | | | 0.0640 | मो0 जाकिर हुसैन पिता-स्व0 दिलावर अली वो मुमताज अली पिता-दिलावर अली वो मकसुद वो मुस्ताक पिता-मोनाजीर अली वो जाकिर पिता-मनोवर | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3324 | प्लॉट नं0-3333 |
| 14 | 55 | 3333 | | | 0.0150 | मुमताज अली पिता-स्व0 दिलावर अली वो मुस्ताक अली वो मकसुद अली पिता-स्व0 मोनाजीर अली | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3332 | प्लॉट नं0-3334 |
| 15 | 46 | 3334 | रैयती | परती कदीम | 0.0200 | भोली सुण्डी वगैरह पिता- सोभा सुण्डी वो मुमताज अली पिता-स्व0 दिलावर अली | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3333 | प्लॉट नं0-3371 |
| 16 | 11 | 3371 | रैयती | परती कदीम | 0.0600 | बसारत मियां वो मुस्लकीम मियां पिता- स्व0 अलीजान मियां वो साहिदा खातुन पति-स्व0 अकबर मियां | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3334 | प्लॉट नं0-3373 |
| 17 | 64 | 3373 | रैयती | टांड | 0.0640 | जानकी सुण्डी पिता- स्व0 बदी सुण्डी वो नन्दलाल सुण्डी पिता-मानदेव सुण्डी वो छतरवली सुण्डी पिता-द्वारिका सुण्डी वो देवन्ती देवी पति-स्व0 नारायण सुण्डी वो जागेश्वर सुण्डी वो ठाकुर सुण्डी पिता-मितलाल सुण्डी | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3371 | प्लॉट नं0-3374 |
| 18 | 64 | 3374 | रैयती | टांड | 0.0340 | इन्द्रदेव पंडित वो उमेश पंडित पिता- स्व0 दशरथ पंडित | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-3373 | अंश भाग |
| 19 | 102 | 4520 | रैयती | टांड | 0.0260 | राजु यादव पिता- मथुरा यादव | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4521 | प्लॉट नं0-4468 |
| 20 | 102 | 4521 | रैयती | टांड | 0.0160 | बालदेव यादव पिता- स्व0 नीरो यादव वो मसो0 द्रोपती पति- स्व0 एतवारी यादव | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4532 | प्लॉट नं0-4520 |
| 21 | 66 | 4532 | रैयती | चौरा-भीठा | 0.0220 | द्रोपती पति- स्व0 एतवारी यादव वो कोकिल यादव वो रीतलाल यादव वो सहदेव यादव वो बालदेव यादव पिता-नीरो यादव | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4533 | प्लॉट नं0-4521 |
| 22 | 66 | 4533 | रैयती | चौरा-भीठा | 0.0150 | सहदेव यादव वो रीतलाल यादव वो कोकिल यादव वो बालदेव यादव पिता- नीरो यादव | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4534 | प्लॉट नं0-4532 |
| 23 | 69 | 4534 | | | 0.0240 | किशुन यादव पिता- मेघो यादव वो महेश यादव पिता-कुबन यादव | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4535 | प्लॉट नं0-4533 |
| 24 | 69 | 4535 | | | 0.0130 | माया देवी पति-कृष्णा लाल वो यशोदा देवी पति-रीतलाल यादव वो लक्ष्मी देवी पति- सहदेव यादव | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4536 | प्लॉट नं0-4534 |
| 25 | 69 | 4536 | | | 0.0190 | लखुमन यादव वो लखन यादव वो मुरलीधर यादव पिता- सहदेव यादव वो मनोज यादव वो अशोक यादव वो राजेश यादव पिता- शितलाल यादव उर्फ रितलाल यादव वो इसुफ मियां वो आजाद मियां पिता- हबीब मियां | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4537 | प्लॉट नं0-4535 |
| 26 | 69 | 4537 | | | 0.0150 | मिस्टर अली वो अख्तर अली वो मुख्तार अली वो सरफराज अली पिता- हदिश मियां | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4592 | प्लॉट नं0-4536 |
| 27 | 69 | 4592 | | | 0.0210 | अज्ञात | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4593 | प्लॉट नं0-4537 |
| 28 | 69 | 4593 | | | 0.0210 | मिस्टर अली वो अख्तर अली वो मुख्तार अली वो सरफराज अली पिता- हदिश मियां वो असगरी खातुन पिता-हदीश मियां | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4603 | प्लॉट नं0-4592 |
| 29 | 69 | 4603 | | | 0.0240 | मो0 एनुल वो मो0 मुमताज आलम वो हैदर अली वो वसीम पिता-स्व0 जमीर उदीन | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4604 | प्लॉट नं0-4593 |
| 30 | 69 | 4604 | | | 0.0220 | मो0 एनुल वो मो0 मुमताज आलम वो हैदर अली वो वसीम पिता-स्व0 जमीर उदीन | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4605 | प्लॉट नं0-4603 |
| 31 | 102 | 4605 | रैयती | बाद | 0.0140 | सहदेव यादव वो सरयु यादव वो शिबु यादव पिता-लिलधारी यादव | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4609 | प्लॉट नं0-4604 |
| 32 | 102 | 4609 | रैयती | बाद | 0.0170 | राजु यादव पिता- मथुरा यादव | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4610 | प्लॉट नं0-4605 |
| 33 | 102 | 4610 | रैयती | बाद | 0.0140 | सहदेव यादव वो रीतलाल यादव वो कोकिल यादव वो बालदेव यादव पिता- स्व0 नीरो यादव वो किशुन यादव पिता- मेघो गोप | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4611 | प्लॉट नं0-4609 |
| 34 | 69 | 4611 | | | 0.0260 | मसुर पिता-झारी कलाल वो मुस्ताक अहमद पिता-स्व0 हनीफ | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4642 | प्लॉट नं0-4610 |
| 35 | 69 | 4642 | | बाद | 0.0310 | इसाक कलाल पिता- हमलती कलाल वो मो0 असलम पिता- मंजुर अली | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4643 | प्लॉट नं0-4611 |
| 36 | 69 | 4643 | | | 0.0250 | मो0 नईम वो मो0 मुस्लिम पिता-स्व0 सफदर मियां मो0 उलफत पिता-स्व0 कुर्बान मियां | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4646 | प्लॉट नं0-4642 |
| 37 | 102 | 4646 | रैयती | बाद | 0.0390 | कोकिल यादव वो बालदेव यादव पिता- स्व0 नीरो यादव | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4647 | प्लॉट नं0-4643 |
| 38 | 28 | 4647 | रैयती | | 0.0440 | मुस्ताक अहमद पिता- स्व0 हनीफ मियां वो उलफत मियां पिता- कुर्बान मियां वो सदाम पिता-अब्दुल मियां | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4652 | प्लॉट नं0-4646 |
| 39 | 114 | 4652 | रैयती | बाद | 0.0440 | मो0 जमीर उदीन पिता- स्व0 मनहकु मियां | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4653 | प्लॉट नं0-4647 |
| 40 | 30 | 4653 | रैयती | परती कदीम | 0.0510 | सकिना खातुन पति- मो0 अफजल वो नईम पिता-स्व0 खलील वो मो0 फैयाज पिता-स्व0 फारूक वो मो0 साबीर पिता-स्व0 माजिद वो सदाम हुसैन पिता- अब्दुल मियां वो छोटी बेगम पति-असगर अली | रास्ता | प्लॉट नं0-4656 | प्लॉट नं0-4654 | प्लॉट नं0-4652 |
| 41 | 30 | 4654 | रैयती | टांड | 0.0540 | सदाम हुसैन पिता- अब्दुल मियां वो फैयाज पिता-स्व0 फारूक वो अजबुन खातुन पति-माजीद मियां वो रूबी खातुन पति- मुबारक वो अनिशा प्रवीण पति-तसलीम रजा वो हमिदा खातुन पति-खलील मियां | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4672 | प्लॉट नं0-4653 |
| 42 | 30 | 4656 | रैयती | बाद | 0.0030 | अज्ञात | प्लॉट नं0-4653 | अंश भाग | प्लॉट नं0-4654 | प्लॉट नं0-4653 |
| 43 | 30 | 4672 | रैयती | परती कदीम | 0.0380 | अब्दुल करीम पिता- नासीर मियां वो नसुम पिता-खलील वो सकिना खातुन पति- अफजल अली वो मैसरून खातुन पति- मुस्ताक अंसारी | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4673 | प्लॉट नं0-4654 |
| 44 | 28 | 4673 | रैयती | परती कदीम | 0.0360 | रूबी खातुन वो अनिशा प्रवीण वो राजेन्द्र साव पिता-___ वो सुलेमान पिता-जरवली मियां वो भातु मियां पिता-अकल मियां | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4691 | प्लॉट नं0-4672 |
| 45 | 102 | 4674 | रैयती | बाद | 0.0010 | सदिक मियां पिता- पाचु मियां वो मो0 मिन्हाज अली वो मो0 रकीब अली वो मो0 कयूम अंसारी पिता- सादीक मियां | प्लॉट नं0-4691 | अंश भाग | प्लॉट नं0-4691 | प्लॉट नं0-4673 |
| 46 | 102 | 4691 | रैयती | परती कदीम | 0.0540 | सदिक मियां पिता- पाचु मियां वो मो0 मिन्हाज अली वो मो0 रकीब अली वो मो0 कयूम अंसारी पिता- सादीक मियां | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4692 | प्लॉट नं0-4673 |
| 47 | 102 | 4692 | रैयती | टांड | 0.0290 | हनिफ मियां वो हेदायत मियां वो रहमत अली पिता- फुलो मियां वो सेराज उदीन पिता- रोजन मियां | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4696 | प्लॉट नं0-4691 |
| 48 | 123 | 4696 | रैयती | परती कदीम | 0.0620 | विजय यादव पिता- एतवारी यादव वो महेश यादव पिता- कुबन यादव वो संदीप यादव पिता-तुलसी यादव वो किशुन यादव पिता-मेघु यादव वो सहदेव यादव वो जितलाल यादव वो कोकिल यादव वो बालदेव यादव पिता-नीरो यादव वो महबुब अंसारी पिता-भातु मियां वो खुर्शीद मियां पिता-जोरवली मियां वो किशुन यादव पिता-मेघलाल यादव | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4697 | प्लॉट नं0-4692 |
| 49 | 30 | 4697 | रैयती | परती कदीम | 0.0510 | मोहन यादव पिता- मंगर यादव वो मिना देवी पति-स्व0 चन्दर यादव वो सुबैदा खातुन पति-अब्दुल रहमान वो विजय यादव पिता-महादेव यादव वो बाबुलाल यादव पिता-महादेव यादव वो देवलाल यादव पिता-नारायण यादव | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4800 | प्लॉट नं0-4696 |
| 50 | 28 | 4800 | रैयती | परती कदीम | 0.1800 | हुसैनी मियां पिता- कादीर मियां वो कासिम मियां वो कासिम मियां वो ताहिर मियां पिता- कादिर मियां वो अब्दुल रहमान पिता- करीम अंसारी वो रमजान मियां पिता- सोमारी मियां वो मकबुल अंसारी पिता- सोमारी मियां वो मुबारक हुसैन वो इजहार हुसैन वो इरशाद पिता- मो0 असगर हुसैन वो सुबैदा खातुन पति- अब्दुल रसीद वो मो0 साबीर मियां वो सागीर मियां पिता-स्व0 सराज उदीन वो साजदा खातुन पति- अब्दुल मियां वो रहुफ मियां पिता- जोरवली मियां वो जरीना खातुन पति-मो0 मजहर मियां वो सायरा खातुन पति-हेदायत अली | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4801 | प्लॉट नं0-4697 |
| 51 | 40 | 4801 | रैयती | टांड | 0.0190 | सुबैदा खातुन पति- रहमान अब्दुल | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4803 | प्लॉट नं0-4800 |
| 52 | 40 | 4802 | रैयती | बाद | 0.0010 | महबुब अंसारी पिता- भातु मियां वो मोबिन अंसारी वो मोईन अंसारी पिता-भातु मियां | प्लॉट नं0-4803 | अंश भाग | प्लॉट नं0-4803 | प्लॉट नं0-4803 |
| 53 | 105 | 4803 | रैयती | परती कदीम | 0.2520 | मोबिन अंसारी वो मोईन अंसारी पिता- भातु मियां वगैरह | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-4830 | प्लॉट नं0-4801 |
| 54 | 39 | 4830 | रैयती | | 0.0540 | रज्जाक मियां पिता- रहीम मियां वो नसीमा खातुन पति-मो0 अहिया अंसारी वो संतोष राम वो गणेश राम पिता-बदी राम वो रामु पंडित वो संतोष पंडित वो दिपु पंडित पिता-भातु पंडित वो मंजु देवी पति-प्रकाश पंडित वो केदार पंडित वो अर्जुन पंडित वो अशोक पंडित पिता-भीम पंडित वो महेन्द्र पंडित पिता-किशो पंडित वो बसमतिया देवी पति-एतवारी पंडित वो किशुन पंडित वो सुरेश पंडित पिता-जीतन पंडित वो जगदीश पंडित पिता-पांचु पंडित | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-5056 | प्लॉट नं0-4803 |
| 55 | 02 | 4832 | रैयती | परती कदीम | 0.1110 | अब्दुल अजीज वो अब्दुल मिन्हाज पिता- साहेब मियां वो जाकिर वो साहिर वो अख्तर पिता-स्व0 समीर कलाल वो सहिदा खातुन पति- स्व0 मो0 समीर कलाल वो खतुना खातुन पति- स्व0 हनीफ | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-4833 | प्लॉट नं0-3217 |
| 56 | 27 | 4833 | रैयती | परती कदीम | 0.1040 | सलीम पिता-स्व0 कुर्बान मियां वो खतुना खातुन पति-हनीफ वो इसाक पिता-___वो नईम पिता-सफदर कलाल वो इस्लाम समसुल पिता- स्व0 सदीक कलाल वो इस्लाम मियां पिता- अहमद मियां वो उलफत पिता- कुर्बान मियां वो हदिशा खातुन पति-स्व0 उस्मान | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-4834 | प्लॉट नं0-4832 |
| 57 | 98 | 5001 | रैयती | परती कदीम | 0.1580 | इद्रीस मियां पिता-___ वो ताजबुल हुसैन वो नासीर मियां पिता-रमजान उर्फ बंधन मियां वो सिकन्दर मियां पिता-बसारत मियां वो इमितयाज वो मो0 मुमताज पिता- ताजबुल हुसैन वो नासीर मियां पिता-बंधन मियां वो अब्दुल कयूम अंसारी पिता-स्व0 मनीर उदीन वो सिकन्दर मियां पिता-बसारत मियां | अंश भाग | रास्ता | प्लॉट नं0-5057 | प्लॉट नं0-5000 |
| 58 | 16 | 5057 | | | 0.3080 | मो0 खलित वो अब्दुल जलील पिता- पोखन मियां वो मो0 वजीर अहमद पिता- मो0 खलील वो मो0 जुबेर पिता- खलील वो मो0 शकील पिता-मो0 खलील | अंश भाग | रास्ता | सीमना बगरीडीह | प्लॉट नं0-5001 |
| 59 | 40 | 5059 | | | 0.1270 | साबरा खातुन पति-सुलेमान मियां वो मो0 नजरूल पिता-खलील वगैरह | रास्ता | अंश भाग | प्लॉट नं0-5060 | प्लॉट नं0-5058 |
| 60 | 98 | 5060 | रैयती | परती कदीम | 0.0790 | रजवली मियां पिता- कैला मियां वो समसुल मियां वो सुलेमान वो यासिन मियां वो साहेबउदीन वो नुर मोहम्मद पिता-अलीजान मियां | रास्ता | अंश भाग | सीमाना बगरीडीह | प्लॉट नं0-5059 |
| | | | | कुल- | 2.8280 | एकड़ | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/-
समुचित सरकार-सह- उपायुक्त, कोडरमा।

PR 313559 Land Reforms(23-24)D

स्पीड न्यूज

### अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक 19 को

**मेदिनीनगर।** राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (त्रिपाठी गुट) की बैठक 19 को अपराह्न तीन बजे महासंघ भवन सिंचाई विभाग शिविर परिसर में होगी। महासंघ के जिलाध्यक्ष ललन कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बैठक राज्य महासंघ की छह जनवरी 2024 व सात जनवरी 2024 का होनेवाले राज्य अधिवेशन रांची के संदर्भ में की जा रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्य समेत कर्मचारी से अनुरोध है कि उक्त बैठक में ससमय भाग लेकर सफल बनायें।

### ऑटो और हाइवा में टक्कर, चार घायल

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज प्रखंड के समीप शुक्रवार की सुबह एनएच 98 पर छतरपुर की ओर से आ रही टेम्पो ने विपरीत दिशा से आ रही हाइवा ट्रक से टकरा गई। इससे टेम्पो पर सवार छतरपुर के दीनादाग गांव निवासी मनोज यादव, कमलेश यादव, दीपू यादव तथा देवताही गांव के रामगति यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का सीएचसी में ईलाज कराया गया। घायलों में मनोज,दीपू, रामगति का सर फट गया है। जबकि कमलेश यादव का हाथ फ्रैक्चर हो गया है।

### व्यवहार न्यायालय का आइजी ने किया मुआयना

**लातेहार।** पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने शुक्रवार को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन भी उपस्थित थे। उन्होंने न्यायालय परिसर में कोर्ट हाजत, कोर्ट परिसर से जेल की ओर जाने वाला रास्ता, न्यायालय परिसर आनेवाले इंट्री गेट का निरीक्षण किया।

### डाक स्वयंसेवक संघ की हड़ताल जारी

**चंदवा।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को चौथे दिन जारी रहा। जिस कारण उप डाकघर चंदवा में काम काज पूरी तरह ठप रहा व लोग परेशान रहे। बता दें कि आंदोलनरत संघ के तत्वावधान में ग्रामीण डाक सेवक नियमित कर्मचारियों की तरह सुविधा की मांग को लेकर हड़ताल पर है, जिसके कारण पोस्ट ऑफिस से होने वाले सारे काम ठप पड़े हैं। ग्रामीण क्षेत्र के डाक कर्मचारी चंदवा उप डाकघर के गेट के सामने बैठकर धरना दे रहे हैं। धरना देने वालों में नित्यानंद सिंह, सुमंत पासवान, प्रकाश उरांव, रामेश्वर सिंह, जयप्रकाश सिंह समेत अन्य कर्मचारी शामिल हैं।

### प्रशासक ने करायी अलाव का व्यवस्था

**लातेहार।** नगर पंचायत अंतर्गत प्रशासक राजीव रंजन के द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए चौक चौराहों में अलाव का व्यवस्था किया गया। राजीव रंजन ने कहा कि बिते कुछ दिनों से ठंड बढ़ गयी है। जिसे देखते हुए जनता को राहत दिलाने के उदेश्य से चौक चौराहों में अलाव का व्यवथा किया गया है। इस पहल से शहर वासियों ने नगर पंचायत को धन्यवाद दिया है।

### रिम्स में मृत माओवादी का शव पैतृक गांव पहुंचा

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत बेसरा स्थित बाराखार निवासी रामेश्वर गंझु उर्फ प्रताप जी उर्फ संजय जी की होटवार रांची जेल में लम्बे समय से बीमारी के बाद मौत हो गई। मौत के बाद प्रशासनिक विधिसंगत के तहत उनके परिजनों को शव को सौंपा गया गया। ज्ञात हो की प्रताप जी उर्फ रामेश्वर गंझु 26 जुलाई 2012 को माओवादी उग्रवादी केश में गिरफ्तारी के बाद जेल गए थे। उनको लम्बे समय से इलाज चल रहा था। रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिनका शव प्रशासनिक विधि संगत 14 दिसंबर को परिजनों को सौंपा गया। प्रताप के चार पुत्र हैं। पुत्र संदीप कुमार बालूमाथ बाईक के सोरूम में काम करता है।

### टाटा स्टीलकर्मी भानु और सुमन ने किया एसडीपी दान

**जमशेदपुर।** परहित सरिस धर्म नहीं भाई को चरितार्थ करते हुए दो लोगों ने जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की देखरेख में एसडीपी डोनेशन (प्लेटलेट) किया ताकि वर्तमान में जिन्हें जरूरत हो उनके जीवन की रक्षा हो सके। टाटा स्टील से टाटा वर्कर्स यूनियन के कमिटी मेंबर डी भानु ने आज चौथी बार प्लेटलेट का दान किया। भानु नियमित रक्तदाता है और इससे पूर्व 29 बार रक्तदान कर चुके है।

रामदेव गंझू की पुण्यतिथि पर खरवार भोगता समाज के कार्यक्रम में बोले बाबूलाल मरांडी

# आदिवासियों को मान-सम्मान के साथ हक अधिकार दिलाने का काम करती है भाजपा

- पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी समेत पूरे प्रदेश से पहुंचे कई दिग्गज, समाज की आवाज को किया बुलंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर मोड़ स्थित मैदान में खरवार भोगता समाज विकास संघ के संस्थापक, पूर्व संरक्षक सह अलग झारखंड राज्य आंदोलन के अगुवा स्व. रामदेव गंझू की आठवीं पुण्यतिथि धूमधाम के साथ मनायी गयी। पुण्यतिथि के मौके पर सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विशिष्ट अतिथि आजसू केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, पूर्व विधायक प्रकाश राम समेत पूरे प्रदेश से कई दिग्गज नेता व खरवार भोगता समाज के नेता मौजूद थे। खरवार भोगता समाज विकास संघ के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज में वाद्ययंत्र के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत अतिथियों एवं समाज के प्रबुद्धजनों के द्वारा स्व. रामदेव गंझू के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद अतिथियों ने राज्य के वीर सपूतों को पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो आदिवासियों को मान सम्मान के साथ हक व अधिकार दिलाने का कार्य करती है। प्रथम बार जब मैं मुख्यमंत्री था तब खरवार भोगता समाज के विभिन्न उपजातियों को आदिवासी का दर्जा मिले इस दिशा में पहल किया था, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सार्थक पहल से खरवार भोगता समाज के विभिन्न उपजातियों को आदिवासी का दर्जा मिला। केंद्र सरकार ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में पहचान देने का काम किया। जो समाज के हक व अधिकार के लिए संघर्ष करते हैं उनका वजूद हमेशा जिंदा रहता है, उसी का उदाहरण आज हम सभी के बीच स्व. रामदेव गंझू हैं। इसके अलावे डॉ. देवशरण भगत, जयप्रकाश सिंह भोगता, उर्मिला देवी, पूर्व विधायक प्रकाश राम, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, भाजपा नेत्री नीलम देवी, युवा भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्व. रामदेव गंझू के सामाजिक और राजनीतिक महता पर प्रकाश डाला।

### समाज को सम्मान देने का किया काम

खरवार भोगता समाज विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, सचिव जगरनाथ भोगता, उपाध्यक्ष रामचन्द्र गंझू, रामदेव सिंह भोगता, जिलाध्यक्ष प्रेम चंद गंझू, जिला सचिव सत्यनारायण गंझू ने कहा कि समाज के अगुआ स्व. रामदेव गंझू खरवार भोगता समाज को संगठित करने अहम कड़ी थे। उनके सार्थक पहल व समाज के संघर्ष के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्र सरकार के सार्थक पहल से खरवार समाज समाज के विभिन्न उपजातियों को आदिवासी का दर्जा मिला। वर्षों के संघर्ष के बाद जिन्होंने खरवार भोगता समाज को मान-सम्मान व पहचान देने का काम किया है, समाज भी उसका खुल कर साथ देगी। समाज के वक्ताओं ने खुले मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की प्रशंसा कर झारखंड की राजनीतिक गलियारे में खलबली मचा दी है।

### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू व संचालन युवा अध्यक्ष उमेश सिंह भोगता ने किया। मौके पर भाजपा नेता चेतलाल रामदास, विश्वनाथ गंझू, रामधन गंझू, दिलीप गंझू, नान्हू गंझू, देव नारायण गंझू, जगदीश सिंह भोगता, विजय सिंह भोगता, अमृत भोगता, नागेश्वर गंझू, रवि गंझू, मुनेश्वर भोगता, सुरेश सिंह भोगता, रविन्द्र नाथ गंझू, सुरेश गंझू, रामलाल भोगता, भुनेश्वर गंझू समेत समाज के हजारों लोग मौजूद थे।

### पुण्यतिथि के कार्यक्रम में शामिल महिलाएं



# जमशेदपुर में अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का अधिवेशन आज से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का 27 वां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 16-17 दिसंबर को यहां तुलसी भवन,बिष्टुपुर में आयोजित होने जा रहा है। सम्मेलन में देश भर से भोजपुरी साहित्यकार और एक्टिविस्ट जट रहे हैं। वे अगले एक वर्ष के लिए भोजपुरी भाषा एवं संस्कृति के विकास के लिए रुप-रेखा पर गहन मंथन करेंगे। उक्त जानकारी अधिवेशन आयोजन समिति के अध्यक्ष सह सिंहभूम साहित्य सम्मेलन के मानद सचिव सह समाजसेवी प्रसेनजीत तिवारी ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। संवाददाता सम्मेलन में सम्मेलन के भावी अध्यक्ष ब्रजभूषण मिश्र, महामंत्री डॉ जयकांत सिंह 'जय', मॉरीशस की सरिता बुधु, नेपाल से गोपाल ठाकुर, गोपाल अश्क, भोजपुरी जंक्शन के संपादक मनोज भावुक, सचिव डॉ सन्ध्या सिन्हा, तुलसी भवन के न्यासी अरुण तिवारी, संयोजक डॉ अजय ओझा भी उपस्थित थे। मॉरीशस से आयीं सरिता बुधु ने बताया कि मॉरिशस के भोजपुरी गीतों को यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल किया है। मॉरीशस फिजी, सूरीनाम, गुयाना, गिनिवाव आदि अनेक देशों में भोजपुरी सेवी अपनी सक्रियता दिखला रहे हैं। डॉ सरिता बुधु के पति मॉरीशस के उप प्रधानमंत्री भी रहे हैं।




आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रसेनजित तिवारी ने कहा कि आगामी 16 तथा 17 दिसंबर को अधिवेशन में विभिन्न पहलुओं पर साहित्यिक विमर्श, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुस्तक प्रर्दशनी आदि का आयोजन होगा। साहित्यकार सम्मान भी इस कार्यक्रम का हिस्सा रहेगा। भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने की योजना भी बनेगी। नेपाल से आये प्रतिनिधि गोपाल ठाकुर जो कि वहां के पूर्व सांसद एवं वर्तमान में भाषा उत्थान के अध्यक्ष हैं ने कहा कि नेपाल में भी भोजपुरी तीसरी सबसे बड़ी भाषा है भोजपुरी लोग वहां काफी सक्रिय है। अधिवेशन का विशेष आकर्षण 16 की संध्या का सांस्कृतिक संध्या होगा। इसमें कई प्रमुख कलाकार नृत्य, नाटक, गीत के एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देंगे।

### बच्चों के खेल मैदान में स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के नामुदाग पंचायत स्थित मानिकडीह में सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण के कार्य में पूर्व उपप्रमुख सह वर्तमान उपप्रमुख पति उमेश यादव ने संवेदक पर भारी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। इस विषय में जानकारी देते हुए उमेश यादव ने कहा कि बच्चों के खेल के मैदान में सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण किया गया है जो सरासर गलत है साथ ही योजना स्थल पर संवेदक के द्वारा योजना से जुड़ी कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है जिसके कारण योजना के विषय में लोगों की जानकारी अधूरी है। संवेदक जैसे तैसे करके स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य को पूरा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि योजना के निर्माण कार्य में ज्यादा से ज्यादा लाल पेटी ईंट का प्रयोग किया गया है।

## एक नजर में

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मना

जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एडिशनल डायरेक्टर स्वर्णरेखा प्रोजेक्ट सरायकेला खरसावां के दिनेश रंजन, सम्मानित अतिथि एवं एसडीओ पारूल सिंह ( झारखंड एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस), विद्यालय के संस्थापक श्री शंभु नाथ महतो, चेयरमैन सुखदेव महतो, श्रीनाथ विश्वविद्यालय के डीन जे राजेश, समस्त शिक्षक- शिक्षिकाए एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर उत्सव का श्रीगणेश किया गया। उसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों के सामने रखें। वर्ष 22-23 क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। छात्रों ने इस अवसर में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वसुदेव कुटुंबकम के थीम में उन्होंने अपने नृत्य एवं संगीत तथा नाटिका प्रस्तुत किया। दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावक गण एवं मुख्य अतिथिगण छात्रों की कलाओं को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्य अतिथि दिनेश रंजन ने छात्रों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ अतिरिक्त कौशल को सिखाया जाना आवश्यक हो गया है आज मेधावी छात्रों को पुरस्कार दिया जा रहा है इससे अन्य छात्र भी प्रेरित होंगे और अध्ययन में अपना मन लगाएंगे। अंत में प्रधानाचार्य ने अतिथियों अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापन की।

### आज साकची गुरुद्वारा में सजेगा कीर्तन दरबार

जमशेदपुर। गुरु गोबिंद सिंह के लाडले दोनों छोटे साहिबजादों की शहीदी को समर्पित करते हुए साकची गुरुद्वारा परिसर में पोह माह की संग्रांद पर कीर्तन दरबार का आयोजन शनिवार को किया जायेगा। साकची गुरुद्वारा के प्रधान सरदार निशान सिंह और महासचिव परमजीत सिंह काले ने संग्रांद की पूर्वसंध्या पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सिख स्त्री सत्संग सभा, सुखमणि साहिब कीर्तनी जत्था और सिख नौजवान सभा के सहयोग से पोह माह की संग्रांद पर कीर्तन दरबार का आयोजन किया जायेगा। निशान सिंह ने कहा सुबह साढ़े दस बजे से लेकर ग्यारह बजे तक सुखमणि कीर्तन जत्था तथा ग्यारह बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक सिख स्त्री सत्संग सभा जबकि साढ़े ग्यारह से सवा बारह बजे तक साकची गुरुद्वारा के कीर्तनी जत्था भाई साहब संदीप सिंह कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे। सवा बारह बजे से दोपहर एक बजे तक ज्ञानी अमृतपाल सिंह गुरमत विचार संगत के साथ साझा करेंगे। अंत में अरदास उपरांत संगत को पंगत में बैठाकर गुरु का लंगर छकाया जायेगा।

### एक्सएलआरआइ के छात्रों ने किया जागरुक

जमशेदपुर। एक्सएलआरआइ की ओर से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं के पठन-पाठन के साथ ही उन्हें नयी तकनीक के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों की ओर से उन्हें एआई, चैटजीपीटी और बिंग एआई समेत कई अन्य तकनीकी जानकारी दी गयी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों को अलग-अलग क्षेत्र में किस प्रकार करियर बनाया जा सकता है, इससे जुड़ी जानकारी भी दी गयी। इसमें एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों में वैष्णवी कलंत्री, ईशज्योत सिंह, मोहित सिंह, निहिल वर्मा, वेदिका मूंदड़ा, प्रिय देवव्रत सिंह, संकेत गोसावी और सर्वेश टोर्का समेत अन्य शामिल थे।

### बिरसानगर कुंआ मैदान में आज क्रिसमस गैदरिंग

**जमशेदपुर।** हाउस ऑफ प्रेयर, जोन नंबर 10, जमशेदपुर के सौजन्य से आगामी 16 दिसंबर शनिवार को जोन नंबर 10 कुँवा मैदान में प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में क्रिसमस गैदरिंग शांति का संदेश का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को करने का मुख्य उद्देश्य प्रभु यीशु मसीह का समस्त मानव जाति के उद्धार के लिए स्वर्ग को छोड़ कर पृथ्वी पर मानव रूप में जन्म लेना है। इस कार्यक्रम की शुरूआत दिनांक 16 दिसंबर को शाम 5:00 बजे शानदार तरीके से की जाएगी। इस कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं परिवारों को प्रभु यीशु मसीह के शांति का संदेश देने के लिए महान परमेश्वर के अभिषिक्त दास सह राष्ट्रीय वक्ता पास्टर सतीश लिमा, खरगपुर से पधार रहे है। जो मसीही समाज में एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय वक्ता है। उपरोक्त कार्यक्रम में परमेश्वर की आराधना एवं स्तुति करने के लिये बराक द गॉसपल बैंड की टीम उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम में भिन्न-भिन्न कलीसिया द्वारा गीत, संगीत और कोरियाग्राफी की प्रस्तुति की जाएगी। उपरोक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन की सारी तैयारियाँ का जायजा लेने के लिए आज हाउस ऑफ प्रेयर में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। उपरोक्त बैठक की अध्यक्षता पास्टर साऊल कंदुलुना, संयोजक रौनक दास, सचिव अरविंद कुमार प्रजापति, शांति शमसुल, अजित केरकेट्टा, रोशनी कंदुलुना, मिलिता दास, निखिल कुमार, विजय केरकेट्टा, कविता टिर्की, जोसफ,अर्पण, सिस्टर दर्शन सहित काफी संख्या में सदस्य गण उपस्थित थे।

### शहदेव गंझू की पत्नी ने लगायी एसपी से गुहार

**लातेहार।** बालूमाथ के ग्राम सिरिसमाध निवासी सकुन्ती देवी उम्र 35 वर्ष ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है। उन्होंने दिये आवेदन के माध्यम से बताया है कि मेरे पति शहदेव गंझु को 14 नवंबर को प्रशासन के द्वारा आधी रात को घर से उठाकर ले जाया गया। लेकिन अभी तक न्यायालय के समक्ष पेश नहीं किया गया है। उन्होंने एसपी से गुहार लगाते हुए शहदेव गंझू को अविलंब न्यायालय के समक्ष पेश कराने की मांग की है जिससे सच्चाई का पता चल सकें। वहीं बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी से दुरभाष पर बात किया गया तो उन्होने कहा कि हमारे पास कोई शहदेव गंझू नामक व्यक्ति नहीं है। इस संबंध में न्यायालय को लिख कर दे चुका हुं।

### डीएसपी ने बाइक चालकों पर भांजी लाठी

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना के सामने शुक्रवार को बालूमाथ पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां बालूमाथ डीएसपी दिलु लोहरा ने वाहन चालकों पर जमकर लाठियां भांजी। जिससे कई लोग चोटिल हो गए। डीएसपी दिलु द्वारा वाहन चालक से कागजात की मांग नहीं कर सीधे वाहन चालकों पर लाठियां बरसाते रहे। जिससे यात्रा कर रहे लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश है। ग्रामीणों ने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान चलाकर पुलिस वाहन को जप्त कर सकती है एवं हेलमेट नही रहने व कागजात में त्रुटि रहने पर सरकार द्वारा जुमार्ना लगाने का प्रावधान है। लेकिन संविधान के किसी भी पन्ने में पुलिस को दिनदहाड़े लाठियां चलने की ईजाजत नहीं दी गई है। ज्ञात हो कि एक तरफ झारखंड पुलिस पब्लिक और पुलिस के संबंध को मधुर बनाने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग अभियान चल रही है। जिसमें पुलिस करोड़ों रुपए खर्च करती है ताकि पुलिस का संबंध पब्लिक के बीच बेहतर बनाया जा सके। लेकिन बालूमाथ डीएसपी द्वारा इस तरह का लाठी बरसाने से सामुदायिक पुलिसिंग अभियान में प्रश्न चिन्ह खड़ा होता नजर आ रहा है।

## ब्लॉक परिसर में अस्पताल बना तो बंदी करेंगे दवा दुकानदार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य को बालूमाथ ब्लॉक परिसर में बनाये जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। दवा व्यवसायी संघ ने लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को पत्र लिखकर कहा है कि बालूमाथ में बनने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगर पुराने स्थान पर नहीं बनाया जाता है। तो वे लोग इसका विरोध करेंगे और अनिश्चितकालीन दवा दुकान बंद कर देंगे। इस संबंध में ड्रग ओनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता ने बताया कि आगामी रविवार को ब्लॉक परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास विधायक बैद्यनाथ राम के द्वारा किया जाना है। जिसका हम सभी लोग विरोध करते हैं। बालूमाथ थाना चौक के सामने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लगभग 1 एकड़ 75 डिसमिल जमीन होने के बावजूद भी ब्लॉक परिसर में कई अच्छे बिल्डिंग को तोड़कर अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इधर ग्रामीणों ने कहा कि ब्लॉक परिसर में आधा दर्जन से अधिक अच्छे भवन को तोड़कर अस्पताल बनाए जाने की योजना है। जबकि पुराने जगह पर अधनिर्मित अस्पताल के जर्जर हो चुके भवन को तोड़कर अस्पताल क्यों नहीं बनाया जा सकता। इससे पूर्व ड्रग ऑनर एशोसिएशन लातेहार ने सिविल सर्जन और लातेहार उपायुक्त को भी आवेदन सौप कर पुराने जगह पर अस्पताल बनाने का मांग कर चुका है। वहीं बालूमाथ के कई ग्रामीणों ने लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम से मांग करते हुए कहा कि पुराने स्थान पर ही बालूमाथ अस्पताल का निर्माण कराया जाए अगर ऐसा नही होता है तो हमलोग चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे।

## कामता में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

### लाभुकों को मिला विकास योजनाओं का लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत में आपकी योजनाए आपकी सरकारए आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमारए बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझूए मुखिया नरेश भगतए पंसस अयूब खान एंव जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार सभी छूटे हुये व्यक्तियों को योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए पंचायत स्तर पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है आप सभी इसका लाभ उठाएं। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजनाए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्डए बिरसा सिंचाई कूप योजनाए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजनाए सर्वजन पेंशन योजनाए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु शिविर में आवेदन जमा करने की अपील की गई। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा लिए गए हैं। इसमें विभिन्न आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रुप से 05 लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्रए 04 लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजनाए 05 लाभुकों के बीच जॉब कार्डए 05 लाभुकों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनाए 02 छात्राओं के बीच साईकिल के लिए स्वीकृति पत्रए 20 लाभुको के बीच धोती.साड़ीए 10 जरुरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मनेरगा बीपीओ रतन शाहदेवए रामनाथ यादवए रोहित मेहताए रितेश कुमार समेत कई अन्य मौजूद थे।

# जब तक जिंदगी रही, जारी रहेगा संघर्ष: शशिकांत

**मानदेय से पैसे बचाकर हर वर्ष छात्र-छात्राओं की मदद करते है सीआरपी शशिकांत मंडल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** इंसान सिर्फ पैसे से नहीं बल्कि दिल से बड़ा होना चाहिए। अगर इंसान ठान ले तो कोई भी काम को बड़ी आसानी से कर सकता हैं। बरवाडीह शिक्षा विभाग में संकुल साधन सेवी के रूप में कार्यरत शशि कांत मण्डल कुछ ऐसा ही काम कई वर्षो से करते आ रहे है। श्री मंडल विगत 15 वर्षो से अपने कम मानदेय में भी प्रतिदिन कुछ पैसे बचाकर विभिन्न सरकारी विद्यालयों की बच्चियों के बीच कपड़े वितरण करने का काम करते आ रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रखण्ड मुख्यालय के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में गणमान्य लोगों और शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में उन्होंने प्रखण्ड की लगभग 50 छात्राओं के बीच कपड़ा वितरण करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष रंजित कु.राजू, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज, प्रधानाध्यापिका सुनीता खलको, शब्बीर खान और निरंजन सिंह आदि कई गणमान्य लोग इस कार्यक्रम के साक्षी रहें। जहां सीआरपी शशिकांत मंडल ने बताया कि विगत 15 वर्षों से मानव सेवा के उद्देश्य से अपने मानदेय के पैसे को प्रतिदिन के हिसाब से बचत करते हुए प्रखंड क्षेत्र के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं और अन्य लोगों के बीच जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास करता हूं, और जबतक जिंदगी में संघर्ष करने की क्षमता रहेगी तब तक मेरा यह अभियान जारी रहेगा। वहीं शशिकांत मंडल की प्रशंसा करते हुए संतोषी शेखर ने कहा कि एक ओर जहां समाज में कई लोग ऐसे भी हैं, जिनके पास सबकुछ होते हुए भी किसी जरूरतमंद की मदद के लिए समय नहीं है। वही इन सब के बीच शशिकांत मंडल मानवता की मिसाल पेश करते हुए जरूरतमंदों की सेवा में अपना विशेष अभियान वर्षो से चला रहे हैं। जिससे सभी को प्रेरणा लेने के साथ-साथ उनके इस अभियान से जुड़ने की आवश्यकता है, ताकि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को मदद मिल सके। इस मौके पर अमला मिंज, नेहा कुमारी समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



स्पीड न्यूज

## शशि तनेजा की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा



**बोकारो।** लायंस क्लब की सक्रिय सदस्य एवं समाजसेवी शशि तनेजा की स्मृति में एक शोकसभा सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन तनेजा हाउस जोधाडीह मोड चास में किया गया। चैंबर के संरक्षक संजय बैद ने कहा कि शशि तनेजा सादगी की प्रतिमूर्ति थीं। लायंस क्लब के अध्यक्ष जसबीर सिंह सलूजा एवं सचिव सूरज कुमार ने कहा कि लायंस क्लब ने अपने एक सक्रिय सदस्य और सच्चे समाजसेवी को खो दिया है। सभा में चेंबर अध्यक्ष प्रदीप सिंह चन्द्रमोहन तनेजा अशोक तनेजा पवन तनेजा कमल तनेजा विनीत सेठ मनोज चौधरी डॉ मुंशी संतोष सिंह शुभम नमन डॉ राजदीप सिद्धार्थ सिंह माना प्रदीप रे मनोज सिंह दिनेश चड्ढा जगमोहन सिंह रविंद्र कुमार बिपिन सिंह दीपक गुप्ता पी ए जकारिया अशोक जैन अनिल त्रेहान मदन जैन सुरेश अग्रवाल आलोक रस्तोगी विपिन अग्रवाल विनोद चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध ली शपथ

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय कसमार में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत जेंडर सी आर पी शबनम प्रवीण रोना देवी व अख्तरी खातून ने विद्यालय कसमार के छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई । जेंडर सीआरपी शबनम प्रवीण ने कहा कि महिला हिंसा के खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर लिंग आधारित हिंसा पर काबू पाना है। उन्होंने कहा कि असमानता से समानता सबकी गिनती एक समान मुद्दे पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं पर घरेलू हिंसा बाल विवाह यौन हिंसा दहेज हिंसा डायन हिंसा के नाम पर शोषण होता आ रहा है जिसे रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज उठाएंगे कभी मूक दर्शक बनकर नहीं रहेंगे। हिंसा के खिलाफ हमे शपथ लेना है कि सबके साथ समान व्यवहार करेंगे और इसकी शुरूआत हम अपने घर से करेंगें। मौके पर प्रधानाध्यापक अनिल रजवार सहायक शिक्षिका नीलिमा सूरज ठाकुर अब्दुल सलाम नजरुल इस्लाम उपस्थित थे।

## सिंचाई कूप योजना की मिला स्वीकृति पत्र

**धनबाद।** शुक्रवार को धनबाद जिला अंतर्गत बलियापुर प्रखंड के प्रधानखंता पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में कई लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन योजना की स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। लाभुकों को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में मौजूद अंचलाधिकारी रामप्रवेश कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।लाभुकों ने झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।

## स्कूली विद्यार्थियों को मिली साइकिल

**धनबाद।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आज बाघमारा प्रखंड अन्तर्गत गोविंदाडीह पंचायत मे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत मुखिया एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा 4500 रुपए का चेक प्रदान किया गया। चेक मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि अब उन्हें अपने घर से स्कूल आने-जाने में आसानी होगी और पढ़ाई में अधिक समय दे सकेंगे।

# मजदूरों के आठ सूत्री मांगों को लेकर जमसं ने किया चक्का जाम

### धरना पर बैठे कंपनी के कर्मचारी

खबर मन्त्र संवाददाता




**केंदुआ।** पूर्व धोषित कार्यक्रम के तहद जनता श्रमिक संघ के बैनर तले बीसीसीएल कुसुंडा एरिया 6 अंतर्गत एनजीकेसी में सचालित मेसर्स यूसीसी इंफ्रा आउटसोर्सिंग कम्पनी एवं एचटीओपीएल परिवहन कम्पनी में अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन चक्का जाम कर अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे है। वही क्षेत्रीय सचिव सुरेन्द्र सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि कम्पनी के द्वारा स्थानीय प्रभावित एवं विस्थापितो को रोजगार से वंचित रखा ओर बाहरी लोगों को रोजगार दिया। साथ ही सुरक्षा मानकों, परिवहन नियम, प्रदूषण नियम, माइंस एक्ट एवं श्रमिक अधिनियम का उल्लंधन कर आउटसोर्सिंग कम्पनी के साथ वाहन चला रहे है।वही कार्यरत मजदूरों का आर्थिक,मानसिक एवं शारीरिक शोषण किया जा रहा है। जब तक हमारी मांगो को पूरा नही होगा तब तक चक्का जाम रहेगा।और इसकी सम्पूर्ण जबाब देही बीसीसीएल,आउटसोर्सिंग एवं परिवहन कम्पनी प्रबंधक की होगी।मौके पर कंचन पासवान, रूपेश पासवान, आदित्य पासवान, दिनेश पासवान, अमीर खान, कुणाल पासवान, विजय बहादुर, सत्याशु राउत,शुभम चौधरी, शैली देवी, सविता देवी,शांति देवी,उमा कुमारी, फुलवा देवी आदि गणमान्य लोग मौजूद है।

## आजसू पार्टी का परचम पूरे राज्य में लहराएगा

**धनबाद।** आजसू पार्टी के धनबाद जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने पार्टी केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो एवं शीर्ष नेतृत्व के द्वारा धनबाद जिला सहित राज्य के सभी जिलों से योग्य एवं कर्मठ पार्टी कार्यकताओं को केन्द्रीय समिति में पदाधिकारी तथा समिति के सदस्य मनोनीत किये जाने को लेकर सभी नव नियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री तिवारी ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा धनबाद जिला से 39 कर्मठ कार्यकताओं को केन्द्रीय समिति में महासचिव पद पर संतोष महतो, राधेश्याम गोस्वामी, सचिव पद पर प्रमोद चौरसिया, भास्कर ओझा, बानी देवी, सरिता देवी, सुभाष रवानी को मनोनीत किया।

## दिल्ली के रामलीला मैदान में पेंशनर्स का अनशन समाप्त

**सिंदरी।** विगत 7 दिसंबर से पेंशन राशि में बढ़ोतरी को लेकर इपीएस 95 पेंशनधारियों द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में जारी आमरण अनशन को गुरुवार को समाप्त कर दिया गया।इस आशय की जानकारी देते हुए एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज एशोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह ने बताया कि फिलहाल इसे समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक रावत के आव्हान पर इसे समाप्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि आगामी 31 दिसंबर तक केन्द्र सरकार की ओर से सकारात्मक पहल नहीं होने पर नये वर्ष में दिल्ली में पुनः एकत्रित होकर अपनी माँगों को भारत सरकार के सामने सशक्त माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश के प्रधानमंत्री पर भरोसा जताते हुए कहा है कि उनकी गारंटी के अनुसार सकारात्मक परिणाम आने के आसार हैं। एशोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह ने बताया कि दिल्ली प्रशासन द्वारा अमानवीय व्यवहार के कारण इपीएस 95 पेंशनर मेरठ निवासी सतीश चंद्र त्यागी को चोटें आईं थीं। दिल्ली से मेरठ ले जाने के क्रम में उनके स्वर्गवास की खबर पर एशोसिएशन ने दो मिनट का मौन धारण किया। मौके पर सेवा सिंह, उमाशंकर सिंह, आर सी प्रसाद, एस पी शाह, जागेश्वर पंडित, आई जी मिश्रा, पी एम सिंह, एस के सिन्हा मौजूद थे।

## अवैध माइंस बंद कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** राम कनाली ओपी क्षेत्र में जिंजी पहाड़ी पंचायत अंतर्गत केशलपुर एवं बेलंजाबाद तथा राम कनाली में अवैध माइंस एवं डिपो पर रोक लगाने को लेकर पंचायत समिति सदस्य संजू देवी एवं उनके दर्जनों समर्थकों ने शुक्रवार को रामकनाली ओपी प्रभारी को माइंस को बंद करने के लिए ज्ञापन सोंपा। पंचायत समिति सदस्य संजू देवी ने आवेदन में लिखा है कि जिंजी पहाड़ी पंचायत अंतर्गत केसरपुरा बेलंजाबाद रामकनाली में बड़े पैमाने पर अवैध माइंस एवं डिपो चलाया जा रहा है केशलपुर में कभी भी भू-धंसान की बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है। केसलापुर कलवारी में घनी आबादी वाली क्षेत्र है चारों तरफ बीसीसीएल के क्वार्टर में मजदूर एवं लोग रहते हैं। बगल में बीसीसीएल का अस्पताल भी है, जिसके नीचे भी अवैध खनन किया जा रहा है । घनी आबादी वाले क्षेत्र को देखते हुए कृपया अविलंब अवैध माइंस पर रोक लगाने का कष्ट करें। आवेदन की कॉपी केंद्रीय कोयला मंत्री, झारखंड के राज्यपाल, पुलिस अधीक्षक धनबाद, सीआईएसएफ कमांडर कोयला नगर, पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बाघमारा, अंचल अधिकारी बाघमारा, सहित बीसीसीएल के महाप्रबंधक एवं परियोजना पदाधिकारी को दी गई है। मौके पर अर्जुन महतो ,अभय महतो, राकेश महतो, नयन रवानी, राजू रजक, राजू चौहान ,संजय महतो आदि मौजूद थे।

# प्रेस मीडिया का महत्व कल भी था और आगे भी जारी रहेगा : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** नगर के सेक्टर एक स्थित होटल हंस रेजेंसी के सभागार में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में डीसी कुलदीप चौधरी डीडीसी कीर्ति श्री जी एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत अपर समाहर्ता मेनका कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स डीटीओ वंदना सेजवलकर डीसीओ सुमन गुड़िया डीएसओ सालिनी खालको आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे समेत विभिन्न प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि आदि शामिल हुए। मौके पर डीसी श्री चौधरी ने कहा कि प्रेस मीडिया का महत्व हमेशा से रहा है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में प्रिंट के साथ इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल और सोशल मीडिया भी है। मौके पर एसपी श्री आलोक डीडीसी कीर्ति श्री जी आदि ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आगमन ने हमारे समाचार सूचना और मनोरंजन प्राप्त करने और उपभोग करने के तरीके को बदल ही दिया है। मौके पर डीपीआरओ राहुल भारती ने काफी सरल एवं सहज तरीके से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संबंध में अपनी बातों को विस्तार से रखा। मौके पर कई प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों ने भी अपनी बात रखी। एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि एआइ एक दोधारी शस्त्र भी है। कार्यशाला का संचालन डीपीआरओ श्री भारती ने किया। मौके पर विभाग के राकेश रंजन संतोष चौरसिया आशुतोष कुमार मो सलाम मनोज सोरेन समेत विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## फ्राइडे बाजार में खड़ी कार धू-धू कर जली, थाना में मामला दर्ज

### आग लगने के कारण की नहीं मिली जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** बेरमो कोयलांचल के गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित फ्राइडे बाजार में बीते 14 दिसंबर की देर रात्रि फोर व्हीलर अटिका स्मार्ट हाइब्रिड गाड़ी में आगलगी कि घटना सामने आई है। आग कैसे लगी है इसका पता चल नहीं पाया है ।आग की चपेट में गाड़ी पूरी तरह जल क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के संबंध में गाड़ी मालिक मोहम्मद तौकीर ने गांधी नगर थाना को लिखित सूचना दिया है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि मैं मो० तौकीर पिता स्वर्गीय मोहम्मद आलम ग्राम फ्राइडे बाजारए पोस्ट संडे बाजारए थाना गांधीनगर का निवासी हूं ।बीते 14 दिसंबर की देर रात मेरी फोर व्हीलर मॉडल अटिका स्मार्ट हाइब्रिड अ ग प गाड़ी जिसका नंबर श्रभ ० 9 ल.2052 है। प्रति दिन की तरह मेरी गाड़ी घर के निकट खड़ी थी। रात लगभग 3रू 42 बजे मेरे मोहल्ले के अमन सिंह ने मेरे घर आकर मुझे जगाया और बताया कि तुम्हारे गाड़ी में आग लग गई है। यह सुनकर हम लोग दौडते हुए गाड़ी के पास गए।उस समय गाड़ी पूरी तरह आग की चपेट में आकर धधक रही थी। मोहल्ले के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू तो पालिया गया लेकिन गाड़ी पूरी तरह जल कर क्षतिग्रस्त हो चुकी थी।

## स्थानीय बेरोजगारों को देना होगा 75 प्रतिशत रोजगार : अशोक मंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**निरसा।** शुक्रवार को गोपीनाथपुर कोलियरी के ओसीपी परिसर में झामुमो की सभा की अध्यक्षता कलियासोल प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष विजय सोरेन उर्फ ठाकुर मांझी ने किया।सभा का संचालन राजु झा ने किया। सभा में आंध्र प्रदेश की कम्पनी गोपीनाथपुर कोलियरी को पुनः चलाने में झारखंड सरकार के नियमानुसार 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देकर नियोजन दिया जाए। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मंडल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि निरसा विधानसभा के ही स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देना होगा साथ ही सरकार के आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए झारखंड सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। मौके पर दर्जनों युवाओं ने विभिन्न पार्टियों के लोग झामुमो में अशोक मंडल के नेतृत्व में आस्था प्रकट करते हुए सदस्यता ग्रहण किया जिनमें अमन भूइया, अजित कुमार, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, राजेश भुइंया, अनिल, चंदन, संजय, हरिशंकर, संग्राम, भोला, विजय, राजु,बच्चु भूइया, सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। सभा को विनोद सिंह,देवेन टुडु,नइम शेख, बब्लू धीवर,रुहु शेख, शिवप्रसाद सिंह आदि लोगों ने किया। मौके पर पवन कुमार,पांडु मुंडा, रंजीत सिंह, आदि मौजूद थे।

## स्वयं सहायता समूह को मिला 39.33 लाख का ऋण

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शुक्रवार को धनबाद प्रखण्ड अन्तर्गत पांडरकनाली पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर के दौरान जेएसएलपीएस अंतर्गत गठित एवं संचालित स्वयं सहायता समूह को 39 लाख 33 हजार का ऋण प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत मुखिया एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया गया। इसको लेकर सभी स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन एवं जिला प्रशासन को आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। दीदियों ने बताया कि इस ऋण राशि का प्रयोग वह गौ पालन, बकरी पालन, राशन दुकान संचालक समेत अन्य व्यापार कर आजीविका हेतु करेंगे, जिससे उनके आर्थिक विकास में काफी सहायता मिलेगी। साथ ही समूह के सदस्यों के बीच पहचान पत्र एवं फलदार पौधे का वितरण किया गया। जेएसएलपीएस अंतर्गत गठित एवं संचालित स्वयं सहायता समूह की सभी दीदियों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन का आभार प्रकट किया।

### एसपीएम कॉलेज सिंदरी के उपप्राचार्य का निधन

**सिंदरी ।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज सिंदरी के उप प्राचार्य विद्या प्रकाश सिंह के अपने निवास स्थान पर हृदयाघात होने के कारण शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। इस खबर से कॉलेज प्रबंधन सहित आसपास में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। उनके परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वे बेहोश होकर गिर गए। उन्हें धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने बताया कि हृदयाघात होने से उनकी मृत्यु हो गई है।

# मोदी सरकार में सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त, लोग त्रस्त : संतोष सिंह

### ● कांग्रेस का हाथ गरीबों के साथ कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**निरसा।** शुक्रवार को धनबाद जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में निरसा के पांडरा, बेजरा पंचायत , और बेनागोडिया में कार्यकताओ ने जिलाध्यक्ष संतोष सिंह का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से लोगों को जोड़ने को लेकर जिला के सभी प्रखंडों के पंचायत एवं नगरों के वार्डों में निरंतर कार्यक्रम आयोजित कर संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी देश की रीढ़ है, हम सभी को मिलकर कांग्रेस पार्टी के विचारधारा एवं पार्टी के द्वारा देश हित में किए गए अनगिनत उपलब्धियां को जन-जन तक पहचाने की दरकार है। जिसके लिए कांग्रेस पार्टी जिला के सभी प्रखंडों, पंचायत एवं नगरों के वार्डों में कांग्रेस का हाथ -गरीबों के साथ₹ कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया हैं। कांग्रेस पार्टी का देशहित में और गरीबों के उत्थान हेतु उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### बेची जा रही हैं सरकारी संस्थाएं

कांग्रेस पार्टी के बिना देश चलना और चलाना संभव नहीं है। कहा कि देश की वर्तमान मोदी सरकार ने कांग्रेस के द्वारा किए गए सभी संस्थाओं को चंद पूंजी पतियों के हाथों गिरवी रखने का काम कर किया है, असफल मोदी सरकार के कारण देश की जनता गरीब, महिलाएं, छात्र बेरोजगार, युवा, मध्यम वर्ग के लोग लगभग सभी त्रस्त एवं हतोत्साहित है। कांग्रेस पार्टी देश में रहेगी यहां तभी देश बचेगा अन्यथा भाजपा देश को चंद व्यापारियों के हाथों बेचकर ही दम लेगी। अब कांग्रेस पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास जगा है, देश की जनता आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीतने के साथ -साथ भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेंगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले दिनों संसद भवन में हुई घटित घटना बहुत ही भयावह व निंदनीय हैं। उक्त घटना से मोदी सरकार के सुरक्षा तंत्र की ब्यवस्था ध्वस्त व असफलता साफ झलकती है।

### कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

कार्यक्रम में धनबाद कांग्रेस उपाध्यक्ष सह निरसा विधानसभा प्रभारी वकील बाउरी, जिला महासचिव संतोष कुमार राय सपन बाउरी, उमेश कुमार , बाबू अंसारी, जिला सचिव बबलू दास स्यामल भंडारी , सपन बाउरी, अनिल हेम्ब्रम, सुरेश हेम्ब्रम, चांदू मरांडी, राजू हेम्ब्रम, रवीलाल मुर्मू, आनंद महतो,अरूप महतो, दिपांकर बाउरी, जलील अंसारी, अब्दुल जलील, इम्तियाज अंसारी, इमामूदीन अंसारी, हफिजूदीन अंसारी, इमारत अंसारी, सबीर अंसारी, गुलाम रसूल, महबूब आलम, मजीद अंसारी, अख्तर अंसारी, अजरूदीन अंसारी, जमाल अंसारी, अजीज अंसारी, सपन बाउरी हफिजूदीन अंसारी सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकताओ ने भाग लिया।

## एक नजर में

### डीएवी सेक्टर 4 में राज्यस्तरीय स्पोर्ट्स शुरू



**बोकारो।** डीएवी नेशनल लेवल राज्यस्तरीय दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ डीएवी सेक्टर4 के साथ स्थानीय मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि निरंतर अभ्यास संयम आत्म नियंत्रण को आत्मसात करना एक बेहतर खिलाड़ी के गुण होने चाहिए। डीएवी सेक्टर 4 में एथलेटिक्स टूनामेंट के लिए 8 जोन 80 टीमें 1200 खिलाड़ियों की जमात भाग ले रही हैं। स्टेट कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए प्राथमिक स्तर से ही खेलों के प्रति बच्चों की रुचि को परख उनको प्रशिक्षित करना विद्यालय की प्रथम जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को विद्यालय के प्राचार्य एके झा एस के शर्मा विभिन्न जोन से आए एआरओ प्राचार्य आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर स्वागत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### यूट्यूब देख शुरू की ड्रैगन फ्रूट्स की खेती



**बेरमो।** बोकारो जिला के पेटरवार प्रखंड स्थित चांदो गांव के समीप इन दिनों ड्रैगन फ्रूट्स की खेती की जा रही है यह खेती लगभग 1 एकड़ जमीन पर किया जा रहा है। इसके खेती से जहां एक ओर लोग आत्मनिर्भर व सम्मान जीवन यापन कर रहे हैं। इस फसल की खेती करने वाले किसान ने बताया की ड्रैगन फ्रूट्स की खेती कर वह लाखों रुपए की कमाई करते है और यह फ्रूट्स दूसरे राज्यों में भी ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से भेजा जाता है। खेती में बेटा और माँ दोनों मिलकर खेतों की सिंचाई करते हैं। कृषि ने बताया कि 9 लाख की लागत से इस खेती की शुरूआत की साथ ही कहा कि सरकार से अगर आर्थिक मदद मिल जाती तो हमारा मनोबल बढ़ता और बढ़ जाता साथ ही आसपास के लोगों को रोजगार भी इससे मिलता।

## पेज एक का शेष

### झारखंड आंदोलनकारियों के ...

वहीं, बजट सत्र में खेले गये मैत्री मैच में खर्च (42 लाख रुपये) की घटनोतर स्वीकृति दी गई। झारखंड पदों एवं सेवा में रिक्तियों में आरक्षण अधिनियम में संशोधन किया गया है। केतारी बगान में रोड ओवर ब्रिज के लिए 44 करोड़ की मंजूरी दी गई। नियोजन पदाधिकारी के स्वीकृत पद के लिए वेतन में संशोधन किया गया है।

### खूंटी में दिनेश गोप के ...

पूछताछ में उसने कई राज उगले हैं। कई बार उसे खूंटी, सिमडेगा ले जाकर कई जगहों पर खोजबीन की गयी। दिनेश गोप पर 25 लाख का इनाम रखा गया था। खूंटी, सिमडेगा, रांची, गुमला, चाईबासा और लोहरदगा में पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की दहशत थी। इस दहशत के दम पर उसने काफी संपत्ति अर्जित की थी। उसकी दो पत्नियां भी जेल में पहले से बंद हैं। खूंटी के जरियागढ़ का रहने वाला है पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप फरवरी 2022 के बाद से दिनेश गोप फरार चल रहा था। फरवरी 2022 में पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुदड़ी में पुलिस और दिनेश गोप के दस्ते के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें वो बुरी तरह से फंस गया था, लेकिन किसी तरह जंगल और पहाड़ का फायदा उठाकर वो भाग निकला था।

### स्थानीय नीति पर ...

इसमें राज्यपाल ने इस विधेयक में सिर्फ फोर्थ ग्रेड की नौकरियों को आरक्षित करने का सुझाव दिया है।

कड़ी सुरक्षा थी : इससे पूर्व संसद भवन की सुरक्षा में चूक मामले को देखते हुए विधानसभा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। करीब एक हजार पुलिसकर्मी विधानसभा की सुरक्षा में तैनात थे।

सीएम ने स्पीकर का किया अभिवादन : सत्र शुरू होने से पहले सीएम हेमंत सोरेन ने स्पीकर रविंद्र नाथ महतो से मुलाकात की। सीएम ने विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष से मिले और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। वहीं मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

### योजनाओं में बिचौलिया ...

उन्होंने कहा कि झारखंड में जैसा सफल एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, वह ऐतिहासिकथा। हमें नहीं लगता है कि इस तरह का आयोजन देश के किसी भी राज्य में किया गया हो।

**विकसित झारखंड तभी होगा जब गांव मजबूत हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें गांव को मजबूत करना है, तभी झारखंड विकसित राज्य बन सकेगा। इसी के तहत सरकार आज गांव और पंचायत में शिविर लगा कर सबको लाभ दे रही है। आप सभी योजनाओं का लाभ लें। विभिन्न योजना रूपी दरवाजे हमने खोल रखे हैं इसका लाभ सभी लोग लें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही पूरी दुनिया को कोरोना महामारी ने अपनी चपेट में ले लिया। कोरोना का धुंध छटने के बाद सरकार जो आपके लिए कार्य योजना बनायी है, उसकी गठरी बांधकर गांव-गांव, पंचायत-पंचायत में शिविर लगाकर आप तक पहुंचा जा रहा है। जब तक मेरे नेतृत्व में सरकार चल रही है सरकार के पदाधिकारी और कर्मी आपके द्वार पर आपकी समस्याओं के समाधान के लिए दरवाजा खटखटाने के लिए खड़े रहेंगे। मौके पर इस मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीसी खूंटी सहित अन्य पदाधिकारी, लाभुक, स्कूली छात्र-छात्राएं समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### धौनी को मिला...

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि हाल ही में डिब्यूट करने वाले खिलाड़ी के पास चुनने के लिए लगभग 30 नंबर होते हैं।

**जर्सी रिटायर की परंपरा रही है :** बता दें कि इस फैसले को तब लिया गया था जब 2017 में, मुंबई के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर नंबर 10 पहनकर मैदान में उतरे थे और सोशल मीडिया पर प्रशंसकों द्वारा उन्हें ट्रोल किया गया था। सचिन बनने की कोशिश, ये हैशटैग तब ट्रेंडिंग में था। इसके बाद बीसीसीआई ने पहली बार तेंदुलकर के नंबर 10 को रिटायर करने का फैसला किया था।

# संसद की शीतकालीन सत्र के 10वें दिन भी भारी हंगामा

## लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** संसद के शीतकालीन सत्र की 10वीं बैठक शुक्रवार सुबह शुरू होते ही विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा किया। शुक्रवार को सत्र शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर लोकसभा और राज्यसभा को पहले दोपहर 2 बजे और फिर सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। उच्च सदन को हंगामे का सामना करना पड़ा और बाद में विधायी कागजात मेज पर रखे जाने के तुरंत बाद स्थगित कर दिया गया। तीन केंद्रीय मंत्रियों ने 262वें सत्र के शेष भाग के लिए सरकारी कामकाज के संबंध में अलग-अलग बयान दिए और सभापति जगदीप धनखड़ ने 23 नोटिसों को अस्वीकार कर दिया. विपक्षी सांसद नियम 267 के तहत 13 दिसंबर के सुरक्षा उल्लंघन पर चर्चा के लिए दिन भर के लिए कामकाज स्थगित करने की मांग कर रहे हैं। सभापति ने कहा कि उन्हें नियम 267 के तहत इस मुद्दे पर 23 नोटिस मिले हैं और उन्होंने सदन को (लोकसभा में हुई घटना के) तथ्यों से अवगत कराया है, मामले की जांच चल रही है और इसे तार्किक निष्कर्ष तक ले जाया जाएगा. इसके साथ ही विपक्षी सदस्यों ने हंगामा करना शुरू कर दिया और सभापति ने सदन में विपक्ष के नेता को बयान देने की अनुमति देने का आग्रह किया। इसके साथ ही राज्यसभा सभापति ने कार्यवाही स्थगित कर दी.विपक्षी संसदों के हंगामे के कारण स्थगित कर दी गई. इससे पहले शुक्रवार सुबह संसद भवन के गेट पर लंबी कतारें देखी गईं। सुरक्षा उल्लंघन की घटना के लगभग दो दिन बाद, सुरक्षाकर्मियों को आगंतुकों के पहचान पत्र और बैग की जांच करते देखा गया।



**लगातार दूसरे दिन नहीं चली लोकसभा :** लोकसभा में विपक्षी दलों ने संसद में सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर आज भी जमकर हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही लगातार दूसरे दिन भी बाधित रही। पीठासीन अधिकारी डॉ किरीट सोलंकी ने भोजनावकाश के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्यों ने पहले की तरह हंगामा शुरू कर दिया जिसे देखते हुए पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। गौरतलब है कि संसद की दर्शक दीर्घा से तीन दिन पहले दो दर्शकों ने सदन में कूदकर रंगीन धुंआ सदन में छोड़ा जिन्हें सदस्यों ने पकड़ कर सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया था। विपक्षी दल इसे संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक बताकर लगातार हंगामा कर रहै हैं। हंगामा करने के कारण विपक्ष के 14 सदस्यों को शेष सत्र के लिए सदन से निलंबित किया गया है। विपक्षी दलों का कहना है कि भाजपा के जिस सांसद की मदद से उपद्रवी संसद में पहुंचे उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय इस मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछने के कारण विपक्षी सदस्यों को निलंबित किया जा रहा है जो अनुचित है।

**राज्यसभा का भी वही हाल :** संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर चर्चा कराने तथा सदन में गृह मंत्री के बयान की मांग पर अड़िग विपक्ष ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही पहले दो बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह के स्थगन के बाद जब दो बजे पुनःकार्यवाही शुरू करने की कोशिश की तो विपक्षी सदस्यों ने शोर करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सभापति ने सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया कि वे अपनी सीटों पर बैठ जायें। उन्होंने सदस्यों से कहा कि उन्हें एक घोषणा करनी है, कृपया सदस्य अपनी जगह पर जाकर बैठ जायें। विपक्षी सदस्यों ने उनकी बात नहीं सुनी और वे आगे आकर नारेबाजी करते रहे। उनकी अपील का विपक्षी सदस्यों पर असर न होते देख सभापति ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। विपक्ष बृहस्पतिवार से ही मांग कर रहा है कि सदन में सभी कामकाज रोककर संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मुद्दे पर सदन में नियम 267 के तहत चर्चा करायी जानी चाहिए और गृह मंत्री अमित शाह को इस विषय पर जवाब देना चाहिए। उधर सभापति का कहना है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो रही है और सदस्यों को सदन की कार्यवाही चलने देनी चाहिए जिससे कि विधायी कामकाज पूरा हो सके। कार्यवाही स्थगित किये जाने से आज भी सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल के साथ-साथ कोई भी विधायी कामकाज नहीं हो सका।

### निलंबित सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया

संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए गए विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इन सांसदों ने हाथों में तख्तियां लेकर संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष और संसद भवन के मकर द्वार के निकट धरना दिया। मौजूदा सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित लोकसभा सदस्य और कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने कहा कि हमारी मांग रही है कि गृह मंत्री अमित शाह को सदन में बयान देना चाहिए। वह सदन में नहीं आ रहे हैं। उन्हें वक्तव्य देना चाहिए। वह ऐसा नहीं कर रहे हैं क्योंकि वह संसद में आने से डरे हुए हैं। बता दें कि संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर हंगामे के दौरान 'अशोभनीय आचरण' तथा 'आसन की अवमानना करने' को लेकर विपक्षी दलों के कुल 14 सदस्यों को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित किए गए सांसदों में लोकसभा के 13 सदस्य शामिल हैं। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन को निलंबित किया गया है। लोकसभा में कांग्रेस के वीके श्रीकंदन, बेनी बेहनन, मोहम्मद जावेद, मणिकम टैगोर, टी एन प्रतापन, हिबी इडेन, जोतिमणि, रम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस, द्रमुक की कनिमोई, माकपा के एस वेंकटेशन और पी आर नटराजन तथा भाकपा के के. सुब्बारायन का निलंबन हुआ है।

### ईरान में रस्क पुलिस मुख्यालय पर आतंकी हमला, 11 की मौत

**तेहरान (हि.स.)।** ईरान के रस्क पुलिस मुख्यालय पर रात करीब दो बजे हुए आतंकी हमले में वरिष्ठ पुलिस अफसरों समेत 11 लोग मारे गए। हमले में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। प्रमुख अखबार तेहरान टाइम्स के अनुसार, रस्क पुलिस मुख्यालय दक्षिण-पूर्वी ईरान में है। सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत के डिप्टी गवर्नर अली रेजा मरहेमाती ने शुक्रवार को कहा कि यह स्थान तेहरान से लगभग 1,400 किलोमीटर दूर है। इस हमले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कई अन्य सैनिक मारे गए। मरहेमाती ने इस हमले के लिए आतंकवादी समूह जैश-अल-अदल को जिम्मेदार ठहराया है। इससे पहले जैश अल-अदल ने एक बस पर आत्मघाती बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी। विस्फोट में ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड के 27 सदस्य मारे गए थे।

## कार, होम लोन हुआ महंगा एसबीआई ने बढ़ाई ब्याज दरें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश के सबसे बड़े लेंडर भारतीय स्टेट बैंक ने आम लोगों को बड़ा झटका देते हुए लोन ईएमआई में इजाफा कर दिया है। एसबीआई ने एमसीएलआर के बेस रेट, ईबीएलआर और रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट्स में बढ़ोतरी कर दी है। ऋण, जैसे ऑटो या होम लोन, उधारकताओं के लिए अधिक महंगे हो जाएंगे। नई दरें आज यानी 15 दिसंबर से लागू हो गई हैं। एमसीएलआर वह न्यूनतम ब्याज दर है जिस पर कोई भी बैंक किसी भी कस्टमर को लोन दे सकता है। आइए आपको भी बताते हैं कि एसबीआई ने अपनी ब्याज दरों में कितना इजाफा कर दिया है। एसबीआई ने अपने बेस रेट में इजाफा करते हुए 10.10 फीसदी से बढ़ाकर 10.25 फीसदी कर दी है। वहीं बात की करें तो उसमें भी बढ़ोतरी की गई है। एसबीआई की एमसीएलआर रेट 8 फीसदी से 8.85 फीसदी के बीच होंगी। ओवरनाइट एमसीएलआर दर 8 फीसदी है, जबकि एक महीने और तीन महीने की अवधि के लिए एमसीएलआर दर 8.15 फीसदी से बढ़कर 8.20 फीसदी हो गई है। छह महीने की एमसीएलआर में 0.10 फीसदी का इजाफा किया गया और ब्याज दर बढ़कर 8.55 फीसदी हो गई हैं। एक साल का एमसीएलआर जो कई कंज्यूमर लोन से जुड़ा हुआ है, अब 0.10 फीसदी बढ़कर 8.55 फीसदी से 8.65 फीसदी हो गई है। दो साल और तीन साल की अवधि के एमसीएलआर में भी 10 बेसिस प्वाइंट्स की बढ़ोतरी की गई है।

# महिला न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत से मांगी इच्छा मृत्यु

**यौन उत्पीड़न मामला**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की एक महिला न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर ह्यइच्छा मृत्युह्ण की अनुमति मांगी है। महिला न्यायाधीश का आरोप है कि एक जिला न्यायाधीश ने उसका यौन उत्पीड़न किया और बार-बार गुहार के बावजूद कहीं से कोई कार्रवाई नहीं की गई जिस वजह से वह बेहद निराश हैं। वह वर्तमान में बांदा जिले में सिविल न्यायाधीश के पद पर हैं। उन्होंने पत्र में दावा किया है कि कथित घटना बाराबंकी में पद पर रहने के



दौरान हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित जिला न्यायाधीश ने उनसे रात में मिलने के लिए कहा था। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश को संबोधित सोशल मीडिया पर वायरल पत्र उस शिकायतकर्ता महिला के होने का दावा किया गया है, जिसमें लिखा है, ह्लमुझे अब जीने की कोई इच्छा नहीं है। पिछले डेढ़ साल में मुझे चलती-फिरती लाश बना दिया गया है। इस निष्प्राण शरीर को अब इधर-उधर ढोने का कोई प्रयोजन नहीं है। मेरी जिंदगी का कोई मकसद नहीं बचा है। कृपया मुझे अपना जीवन सम्मानजनक तरीके से समाप्त करने की अनुमति दें।उन्होंने पत्र में आगे लिखा, जब मैं खुद निराश हूं तो मैं दूसरों को क्या न्याय दूंगी। पत्र के सोशल मीडिया पर वायरल होने के साथ ही शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर उच्चतम न्यायालय प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया और इलाहाबाद उच्च न्यायालय प्रशासन से उनकी (न्यायाधीश महिला) शिकायत की लंबित जांच की स्थिति के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।

# एचएएल से अपग्रेड होने के बाद सुखोई-30 भारतीय जेट हो जाएगा : वायु सेना प्रमुख

## भविष्य के युद्ध आयातित हथियारों से नहीं लड़े जा सकते

**नई दिल्ली(हि.स.)।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से अपग्रेड होने के बाद लड़ाकू सुखोई-30 रूसी जेट नहीं रहेगा बल्कि 78 फीसदी स्वदेशी हो जायेगा। पहले चरण में 84 सुखोई-30 को बड़े पैमाने पर अपग्रेड किया जाएगा, ताकि आने वाले वर्षों में इसे अन्य भारतीय निर्मित विमानों के साथ काम करने के लिए 4.5 से अगली पीढ़ी का जेट बनाया जा सके। सरकार ने इसके लिए 64 हजार करोड़ रुपये मंजूर किये हैं, जिससे राडार, मिसाइल, सेंसर और एवियोनिक्स बदला जाना है। केंद्र सरकार ने लम्बे इंतजार के बाद 30 नवम्बर को 2.23 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न पूंजीगत अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) के संबंध में मंजूरी दी थी। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की इसी बैठक में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल से स्वदेशी तौर पर सुखोई-30 एमकेआई विमान को अपग्रेड करने के लिए मंजूरी दी है। मंजूर किये गए 64 हजार



करोड़ रुपये से 84 लड़ाकू सुखोई-30 विमानों को अपग्रेड किया जाना है। सुखोई की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए इसमें ऐसा राडार, नये इंजन, आईआरएसटी सेंसर अगली पीढ़ी के आरडब्ल्यूआर, एडवांस जैमर, वैमानिकी, नए ईडब्ल्यू सूट, डीएफसीसी, भारतीय मिसाइलें और बम लगाए जाने हैं। वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी ने एक समारोह में कहा कि एचएएल में अपग्रेड होने के बाद सुखोई-30 अब रूसी जेट नहीं रहेगा, बल्कि 78 फीसदी स्वदेशीकरण होने के बाद भारतीय जेट में बदल जायेगा। वायु सेना ने सुखोई लड़ाकू विमानों को उन्नत करने का काम शुरू कर दिया है। चौधरी ने कहा कि वायु सेना के मिराज-2000, सुखोई-30 एमकेआई और मिग 29 विमान 30 से 35 साल पुराने हैं। इनकी कुछ तकनीक पुरानी हो रही है। यह तीसरी पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं, इसलिए इन्हें पांचवीं पीढ़ी या नवीनतम तकनीक के साथ अपग्रेड करना जरूरी हो गया है। फिलहाल भारतीय वायुसेना ने खुद ही मिराज-2000 और मिग-29 लड़ाकू बेड़े को उन्नत किया है। उन्होंने रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास संघर्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि इनसे सबक लिया जा सकता है कि भविष्य के युद्ध आयातित हथियारों से नहीं लड़े जा सकते। हमें अपनी हथियार प्रणालियों, विशेषकर वायु प्रक्षेपण रक्षा को स्वदेशी बनाना होगा। हमने ड्रोन का मुकाबला करने के लिए स्वदेशी वायु रक्षा प्रणालियों को शामिल किया है।

## गाजा में हमास की कमर टूटी आत्मसमर्पण के लिए मजबूर



**गाजा (हि.स.)।** इजराइल के आक्रामक सैन्य अभियान ने फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास की कमर तोड़ कर रख दी है। गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 70वें दिन शुक्रवार को भी हमास के आतंकवादियों का हथियार डालने का सिलसिला जारी है। अब तक सैकड़ों आतंकवादी समर्पण कर चुके हैं। इजराइली सैन्य बलों ने कमल अदवान अस्पताल के पास मुठभेड़ में हमास के कई गुर्गों को मार गिराया। प्रमुख अखबार द यरुशलम पोस्ट के अनुसार, इजरायल-हमास युद्ध आज 70वें दिन में प्रवेश कर गया। हमास के आतंकवादी बड़े समूहों में आईडीएफ के सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण कर रहे हैं। आज सुबह भी हमास के आतंकवादियों ने हथियार डाल दिए। अखबार के अनुसार इजराइल रक्षा बलों के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने कहा है कि गाजा में इजराइल भारी कीमत चुका रहा है।

## फैंस के साथ बॉबी देओल का अभद्र व्यवहार का वीडियो वायरल, फैंस में नाराजगी

**निर्देशक** संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म ह्यएनिमलह्ण में बॉबी देओल के काम की खूब तारीफ हो रही है। उनकी फिटनेस और एक्टिंग ने लोगों को दीवाना बना दिया है। चंद मिनटों के किरदार निभाकर बॉबी ने पूरी पिक्चर पर अपनी छाप छोड़ी। 'आश्रम' वेब सीरीज के बाद बॉबी की ह्यएनिमलह्ण सुपरहिट हो गई। इसलिए अब इनकी कीमत काफी बढ़ गई है। वो कहते हैं ना कि सफलता सिर चढ़कर बोलती है। फैंस भी सोच रहे हैं कि क्या बॉबी को कुछ हो गया है। बॉबी का एक वायरल वीडियो इसी बात को साबित करता है। बॉबी देओल 14 दिसंबर को एयरपोर्ट पहुंचे थे। उन्हें देखते ही पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने के लिए दौड़ पड़े। साथ ही फैंस ने बॉबी को देखते ही घेर लिया। ब्लैक प्रिंटेड शर्ट, ब्लैक पैंट, गॉगल्स में वह हमेशा की तरह हैंडसम लग रहे थे, लेकिन वह बहुत जल्दी में दिख रहे थे। वह अपनी टीम के साथ तेजी से चल रहे थे। तभी एक फैन उनके पास आता है और बॉबी उसे धक्का देकर दूर कर देते हैं। उनके व्यवहार से नेटिजन्स हैरान हैं। पैपराजी ने इस वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया है। बॉबी देओल के इस वीडियो पर नेटिजेंस ने कमेंट कर उनकी आलोचना की है।

## फाइटर के रिलीज होने से पहले दीपिका ने किए तिरुपति बालाजी के दर्शन

**दीपिका** पादुकोण इंडस्ट्री की चर्चित एक्ट्रेस हैं। दीपिका फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म 'फाइटर' में व्यस्त हैं। ये फिल्म इस समय चर्चा में है। इस फिल्म का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ था। "फाइटर" की चर्चा के दौरान दीपिका ने तिरुपति बालाजी के दर्शन किए। दीपिका ने आंध्र प्रदेश के मशहूर तिरुपति बालाजी के चरणों में माथा टेका। इसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। तिरुपति बालाजी मंदिर में तमाम भक्त और सेलिब्रिटी दर्शन करने आते हैं। दीपिका ने तिरुपति बालाजी के दर्शन किए। ट्विटर अकाउंट पर दीपिका का तिरुपति बालाजी मंदिर का एक वीडियो शेयर किया गया है। दीपिका ने इस बार ट्रेडिशनल लुक अपनाया। दीपिका को सलवार, कमीज और तोधानी में देखा गया। इसी बीच दीपिका की फिल्म 'फाइटर' का कुछ दिनों पहले रिलीज हुए टीजर के बाद दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म में वह एक स्क्वाड्रन लीडर की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में ऋतिक रोशन, अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'पठान' वहीं 'फाइटर' को 'वॉर' डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 26 जनवरी को रिलीज होगी।



## एक नजर में

### सिंधिया ने कहा- अगले साल से 25 और हवाई अड्डों पर उपलब्ध होगी डिजी यात्रा सुविधा



**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 2024 में 25 और हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में घरेलू यात्रियों के लिए यह सुविधा 13 हवाई अड्डों पर उपलब्ध है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। सिंधिया ने कहा कि डिजी यात्रा पहले चरण में 14 हवाई अड्डों पर और अगले साल दूसरे चरण में 11 हवाई अड्डों पर शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 के अंत तक डिजी यात्रा सुविध 25 और हवाई अड्डों पर उपलब्ध होगी। इससे डिजी यात्रा सुविधा वाले हवाई अड्डों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो जाएगी। हवाई अड्डों पर भीड़-भाड़ से निपटने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पिछले साल की तुलना में जनशक्ति, एक्स-रे मशीनें, प्रस्थान प्रवेश द्वार, चेक-इन काउंटर और आव्रजन काउंटर बढ़ाए गए हैं। गौरतलब है कि डिजी यात्रा फेशियल रिकगनाइजेशन टेक्नोलॉजी (एफआरटी) के जरिए हवाई अड्डों पर विभिन्न जांच बिंदुओं पर यात्रियों की संपर्क रहित व निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करती है।

### ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड, 71 हजारी हुआ सेंसेक्स



**नई दिल्ली (हि.स.)।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भी घरेलू शेयर बाजार ने मजबूती का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी रखा। आज एक बार फिर कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। दिन के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी अपने सर्वोच्च स्तर तक पहुंचे और अंत में ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड भी बनाया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.37 प्रतिशत और निफ्टी 1.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। सेंसेक्स ने आज पहली बार 71 हजार अंक के स्तर को पार किया। इसी तरह निफ्टी भी आज 21,500 अंक के स्तर के करीब पहुंच गया। आज दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, आईटी और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, बैंकिंग और एनर्जी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव नजर आया। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आया। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.58 प्रतिशत की छलांग लगाकर आज के कारोबार का अंत किया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,888 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,968 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,798 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 122 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,113 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,101 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,012 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 39 शेयर हरे निशान में और 11 शेयर लाल निशान में बंद हुए।बीएससी का सेंसेक्स आज ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ 289.93 अंक की छलांग लगा कर 70,804.13 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत में कुछ देर तक बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण ये सूचकांक 17,655.97 अंक तक लुढ़क गया।

### देश का निर्यात नवंबर में 2.83 फीसदी घटकर 33.9 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश का निर्यात इस साल नवंबर में 2.83 फीसदी घटकर 33.90 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने 34.89 अरब अमेरिकी डॉलर था। इस दौरान आयात भी घटकर 54.48 अरब डॉलर रह गया, जो नवंबर, 2022 में 56.95 अरब डॉलर था। देश का व्यापार घाटा नवंबर में 20.58 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश का निर्यात नवंबर में 2.83 फीसदी घटकर 33.90 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है, जो पिछले साल इसी महीने 34.89 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएं संयुक्त) 62.58 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो नवंबर, 2022 की तुलना में 1.23 फीसदी की सकारात्मक वृद्धि को दशार्ता है। आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि में निर्यात 6.51 फीसदी घटकर 278.8 अरब डॉलर रहा। आठ महीने की अवधि के दौरान आयात 8.67 फीसदी घटकर 445.15 अरब डॉलर रह गया।

### ईएसआई योजना के तहत 17.28 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अस्थायी पेरोल डेटा के अनुसार अक्टूबर में 17.28 लाख नए कर्मचारी ईएसआई योजना के तहत जुड़े हैं। अक्टूबर में करीब 23,468 नए प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। इसके साथ ही इनके कर्मचारियों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करके अधिक कवरेज सुनिश्चित की गई है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि इस दौरान देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। मंत्रालय के मुताबिक अक्टूबर, 2023 के दौरान शामिल किए गए कुल 17.28 लाख कर्मचारियों में से 8.25 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु तक के हैं। ये नए पंजीकरणों में बहुतायत हैं, इनकी संख्या कुल कर्मचारियों का 47.76 फीसदी है। मंत्रालय की ओर से जारी पेरोल डेटा के लिंग-वार विश्लेषण से पता चलता है कि अक्टूबर, 2023 में कुल 3.31 लाख महिला सदस्यों का नामांकन हुआ है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
| --- | --- | --- | --- |
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !